You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-59 ❑ गुरुवार, 28 मार्च 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष के रूप में, स्वामी जी ने मानवता की सेवा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता से अनगिनत लोगों के जीवन पर एक अमिट छाप छोड़ी। स्वामीजी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। ओम शांति। जगदीप धनखड़

पंजाब में आप को दोहरा झटकाः सांसद रिंकू, विधायक अंगुराल भाजपा में शामिल 11

कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ 12

## संक्षेप

### सीपीआर प्रमुख यामिनी अय्यर का इस्तीफा, डॉ श्रीनिवास चोक्काकुला होंगे नए सीईओ

**नयी दिल्ली।** नीति विषयक शोध एवं अध्ययन करने वाले प्रतिष्ठित संस्थान सेंटर फॉर पालिसी रिसर्च (सीपीआर) की अध्यक्षा एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी यामिनी अय्यर ने त्यागपत्र दे दिया है। संस्थान की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सुश्री अय्यर 31 मार्च, 2024 को को अपना वर्तमान कार्यभार छोड़ देंगी। विज्ञप्ति के अनुसार वह अब अपना अधिक समय अनुसंधान के क्षेत्र में लगाना चाहती है। सुश्री अय्यर की जगह सीपीआर के निदेशक मंडल ने संस्थान में कार्यरत वरिष्ठ अध्येता डॉ श्रीनिवास चोक्काकुला को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। डॉ चोक्काकुला जल नीति के विशेषज्ञ माने जाते हैं। वह सीपीआर में 2010 से कार्यरत है। वह पहली अपैल से कार्यभार संभालेंगे। सुश्री अय्यर ने ब्रिटेन की पत्रिका इकॉनमिस्ट में एक लेख में मोदी प्रशासन के खिलाफ एक आलोचनात्मक लेख लिखा था। इसमें उन्होंने निराशा जताई थी कि मोदी सरकार में भारतीय लोकतंत्र को क्षति पहुंची है।

### मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में आज सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए, जिसमें चार पुरुष तथा दो महिलाएं शामिल हैं। घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दक्षिण बस्तर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि पिछले दिनों बासागुड़ा क्षेत्र में तीन ग्रामीणों की हत्या किए जाने के बाद से पुलिस इन इलाकों में लगातार सर्चिंग कर रही थी। सूचना के आधार पर आज केंद्रीय सुरक्षा बल, कोबरा तथा जिला रिजर्व पुलिस जवानों का संयुक्त दल बासागुड़ा इलाके से निकला था। नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के साथ लगभग डेढ़ घंटे तक मुठभेड़ हुई, जिसमें 6 नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों में एक कमांडर भी है। श्री कश्यप ने बताया कि घटना स्थल से 6 बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोट सामग्री, वायरलेस सेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बासागुड़ा क्षेत्र के चिकुरभट्टी के इलाके में तालपेरू नदी के किनारे मुठभेड़ हुई। इलाके में अभियान लगातार जारी है।

### सीबीआई की संयुक्त निदेशक को केंद्र ने दिया एक साल का सेवा विस्तार

नयी दिल्ली। केंद्र ने बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में तैनात भारतीय पुलिस सेवा की वरिष्ठ अधिकारी सुप्रिया पाटिल यादव को एक साल का सेवा विस्तार दे दिया । कार्मिक मंत्रालय के आदेश में इसकी जानकारी दी गयी है। आदेश में कहा गया है कि यादव महाराष्ट्र कैडर के 2004 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं।

# केजरीवाल को राहत नहीं

## शराब नीति विवाद : हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन एक मामले में गिरफ्तारी और केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को नोटिस जारी किया।

अदालत ने श्री केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एक पीठ ने श्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो अप्रैल तक अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय इस मामले में अगली सुनवाई तीन अप्रैल को करेगा। श्री सिंघवी ने उच्च न्यायालय के समक्ष दलील देते हुए कहा कि श्री केजरीवाल की इस मामले में गिरफ्तारी उन आरोपियों के बयानों पर आधारित है, जो बाद में सरकारी गवाह बन गए। ऐसे 'अविश्वसनीय' सरकारी गवाह के अलावा उनके (केजरीवाल) खिलाफ कोई अन्य सबूत नहीं है। श्री राजू ने एकल पीठ के समक्ष दलील देते हुए ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने श्री केजरीवाल को छह दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था, जो 28 मार्च को समाप्त होने वाला है। विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने श्री केजरीवाल को कथित शराब नीति 2021-2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य 'साजिशकर्ता और सरगना' होने का आरोप लगाया था। तब मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने ईडी के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी। श्री सिंघवी ने केंद्र सरकार पर ईडी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा था, ''आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को आम चुनाव 2024 से पहले गिरफ्तार किया गया है। क्यों? कोई गलत काम दिखाने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। यह पूरी तरह से ईडी की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए श्री सिंघवी ने कहा था कि ईडी के पास कोई सीधा सबूत नहीं है। उन्होंने कहा था, ''ईडी के पास ● शेष पेज 11 पर




### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार सरकार जेल से नहीं चलाई जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। 'टाइम्स नाउ समिट' में सक्सेना ने कहा, 'मैं दिल्ली के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि सरकार जेल से नहीं चलेगी।

### केजरीवाल अदालत में बतायेंगे कि कथित शराब घोटाले का पैसा कहाँ गया : सुनीता



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दावा किया है कि श्री केजरीवाल 28 मार्च को पूरे देश को बताएंगे कि इस कथित शराब घोटाले का पैसा कहां गया। श्री सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को यहां कहा कि कल शाम उन्होंने श्री केजरीवाल से जेल में मुलाकात की। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस बात पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री पर केस कर दिया, क्या वे दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं? इस बात से श्री अरविंद केजरीवाल को बेहद पीड़ा हुई है। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने उनसे कहा कि इस कथित शराब घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दो साल में 250 से ज्यादा छापेमारी की। अभी तक किसी भी छापेमारी में एक भी पैसा नहीं मिला है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के यहां छापेमारी की, संजय सिंह के यहां छापेमारी की लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईडी ने हमारे यहां भी छापेमारी की, उन्हें मात्र 73 हज़ार रुपये मिले तो इस घोटाले का पैसा हैं कहां? श्रीमती सुनीता केजरीवाल के अनुसार श्री केजरीवाल इसका खुलासा 28 मार्च को अदालत के सामने करेंगे। वह सारे देश को सच बताएंगे कि इस तथाकथित शराब घोटाले का पैसा कहां है? इसका सबूत भी दिया जाएगा।

# राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो हवाई शक्ति दिखाई जा सकती है: वायु सेना प्रमुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने बुधवार को कहा कि 'बालाकोट जैसे अभियानों' ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है।

'भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति' विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और शस्त्रीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा, ''मानव इतिहास में, आकाश को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं। वायु सेना प्रमुख ने कहा, ''फिर भी, इस शांति के नीचे प्रतिस्पर्धा से भरा एक क्षेत्र है जहां हवाई श्रेष्ठता के लिए प्रतिस्पर्धा ने कई देशों की नियति को आकार दिया है और कई युद्धों के नतीजे तय किए हैं। उन्होंने कहा, ''जैसे-जैसे हम इन अज्ञात आकाशों में यात्रा कर रहे हैं, वायु शक्ति राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक होने के नाते निस्संदेह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राष्ट्रीय शक्ति के प्रतीक, शांति और सहयोग के लिए एक उपकरण के रूप में भी काम करेगी। वायु सेना प्रमुख ने कहा, ''हम सभी को मानना होगा कि भविष्य की जंग अलग-अलग तरीके से लड़ी जाएंगी।



❑ एयरफोर्स चीफ बोले- वायुसेना सीमापार भी ताकत दिखा सकती है, बालाकोट ऑपरेशन में यह साबित भी हुआ

उन्होंने कहा कि भविष्य के संघर्ष गतिज और गैर-गतिशील बलों के एक साथ अनुप्रयोग, उच्च स्तर की युद्ध स्थल पारदर्शिता, बहुआयामी परिचालन, उच्च स्तर की सटीकता, अधिक घातकता आदि के मिले-जुले रूप पर आधारित होंगे और निश्चित रूप से इन सभी पर गहन मीडिया निगरानी रहेगी। वायु सेना प्रमुख ने कहा, ''बालाकोट जैसे अभियानों से साफ हो जाता है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो हवाई शक्ति का उपयोग दुश्मन की सीमा से परे, बिना युद्ध और बिना शांति के परिदृश्य में, परमाणु खतरे की स्थिति में, पूरी तरह संघर्ष की स्थिति में बढ़े बिना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सैन्य अभियानों के लिए अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के तौर पर उभरा है ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर भारत में पांच दिनों तक बारिश की उम्मीद

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर भारत में पड़ रही गर्मी के बीच राहतभरी खबर है। यूपी समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम बदलने वाला है और कई इलाकों में बारिश होगी। मौसम विभाग ने बताया है कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उससे सटे हुए मैदानी इलाकों में 27 से 31 मार्च तक हल्की से मध्यम बारिश होने वाली है, जबकि कई जगह आंधी तूफान की भी चेतावनी जारी की गई है। इसमें 29 और 30 मार्च को झमाझम बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत में 30 मार्च से एक अप्रैल के बीच तेज बारिश होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में बरसात हुई। कई जगह बर्फबारी भी रिकॉर्ड की गई। वहीं, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, ओडिशा,



झारखंड, मणिपुर, मिजोरम, केरल, नगालैंड, छत्तीसगढ़ में भी बरसात हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में 27-29 मार्च के बीच तेज बारिश होगी। वहीं, सब हिमालयी पश्चिम बंगाल, मेघालय, असम, नगालैंड, त्रिपुरा आदि में 30 से 2 अप्रैल के बीच भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से मौसम बिगड़ने वाला है। वहीं, 29 मार्च को भी एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस दस्तक देगा। इसकी वजह से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, हिमाचल प्रदेश में 27-31 मार्च, उत्तराखंड में 28-31 ● शेष पेज 11 पर

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी होगी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरूवार को जारी की जायेगी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा। उम्मीदवार चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और जम्मू कश्मीर को छोड़कर अन्य राज्यों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जायेगी। जम्मू कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जायेगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा।

# 45 विधेयकों को पेश करने वाले दिन ही पारित किया गया : एडीआर

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर्तमान लोकसभा में कुल 222 विधेयक पारित किए गए और इनमें से 45 को सदन में पेश किए जाने के दिन ही मंजूरी दे दी गई।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के एक विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई है। जिन विधेयकों को निचले सदन में पेश करने वाले दिन ही मंजूरी मिली उनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू और कश्मीर विनियोग (दूसरा) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक , 2021 शामिल हैं। एडीआर द्वारा विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई। यह 17वीं लोकसभा और उसके सदस्यों के कामकाज पर प्रकाश डालता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 17वीं लोकसभा के कार्यकाल के दौरान 240 विधेयक पेश किए गए और उनमें से 222 पारित हुए। इसके अतिरिक्त,

ADR
ADR & ASSOCIATES, LTD.

11 विधेयक वापस ले लिए गए और छह लंबित हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक, 45 विधेयक उसी दिन पारित कर दिए गए, जिस दिन उन्हें सदन में पेश किया गया था। एडीआर का कहना है कि औसतन एक सांसद ने 165 प्रश्न पूछे और 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। निचले सदन में राज्य के 11 प्रतिनिधियों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। इसके विपरीत, अरुणाचल प्रदेश में औसत उपस्थिति सबसे कम रही, जहां इसके दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया। यह विश्लेषण राज्यों और राजनीतिक दलों के बीच जुड़ाव के स्तर पर भी प्रकाश डालता है। महाराष्ट्र के सांसद सबसे ● शेष पेज 11 पर

## दिलीप घोष, श्रीनेत को आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष एवं सांसद और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को क्रमशः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री तथा मंडी निर्वाचन क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश) से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रणौत के विरुद्ध उनकी विवादास्पद टिप्पणियों के लिये कारण बताओ नोटिस भेजे हैं।

इन दोनों नेताओं की हाल की टिप्पणियों के खिलाफ आयोग को शिकायतें मिली हैं और उन पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है। आयोग ने श्री घोष और सुश्री श्रीनेत को 29 मार्च शाम पांच बजे तक नोटिस का जवाब देने का समय दिया है। सुश्री बनर्जी के खिलाफ भाजपा नेता घोष द्वारा की कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने 26 मार्च को आयोग में शिकायत दर्ज करायी। शिकायत में श्री घोष की उस टिप्पणी का उल्लेख किया गया है, जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा था, जब दीदी गोवा जाती है ● शेष पेज 11 पर

## मथुरा से सीएम योगी ने किया चुनाव प्रचार का आगाज

# सपा-कांग्रेस के लिए परिवार, मोदी के लिए राष्ट्र सर्वोपरी

एजेंसी

मथुरा। सीएम योगी ने बुधवार को मथुरा से लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया। यहां पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन के जरिए मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और उन्हें तीसरी बाद देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए हेमामालिनी को फिर से सांसद बनाने की अपील की। विपक्षी दलों खासकर सपा और कांग्रेस का नाम लिए बगैर जोरदार हमला किया। सीएम योगी ने कहा कि अन्य दलों के नेताओं के लिये परिवार सर्वोपरि है जबकि मोदी के लिए राष्ट्र पहले है। मोदी का प्रयास प्रभावी शासन देकर भ्रष्टाचार मिटाना है जबकि एक दल का काम माफिया को आगे बढ़ाना और उसके हित के काम करना है। इसी दल का काम तुष्टीकरण का है जबकि मोदी ने गरीब के हित के लिए विभिन्न योजनाएं बनाकर उनका सही क्रियान्वयन सुनिश्चित किया।

उन्होंने कहा कि एक ओर परिवारवादी दल है तो दूसरी ओर मोदी का परिवार 140 करोड़ भारतवासियों का है। उन्होंने कहा कि मोदी



का मतलब गरीब का साथ देकर उसको घर, राशन, चिकित्सा आदि की सुविधा को मुहैया कराना है। उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 50 लाख लोगों को बिजली का कनेक्शन देकर उनके घर में रोशनी लाने का काम किया गया।

उन्होंने कहा कि मोदी का मतलब भारत मां के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा कर विकसित भारत का निर्माण करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में पीएम मोदी का सपना भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनान है। जब विकसित यूपी होगा तो विकसित मथुरा होगा और विकसित मथुरा बनाने के लिए हेमामालिनी का संसद में तीसरी बार पहुंचना जरूरी है। योगी ने यमुना नदी में व्याप्त प्रदूषण को खत्म करने का संकल्प जताते हुए बुधवार को कहा कि कि गंगा मइया हो गई निर्मल अब यमुना की बारी है। स्थानीय सांसद एवं मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के समर्थन में ● शेष पेज 11 पर

### मोदी-योगी सहित पड़ोसी राज्यों के सीएम होंगे स्टार प्रचारक

**लखनऊ (कैनविज टाइम्स ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी का यूपी पर खास फोकस है। पार्टी ने बुधवार को पहले चरण की सीटों पर प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों के जरिए यूपी को गर्माएंगे। वहीं मुख्य मोर्चा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अलावा यूपी के चुनावी मोर्चे पर राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों को भी लगाया गया है। केंद्र और प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों के अलावा संगठन के चेहरों को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। वर्ष 2014 और 2019 में मोदी सरकार के गठन में यूपी की सबसे खास भूमिका रही है। इस बार पार्टी ने प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश की लोकसभा सीटों पर सभी सातों चरणों में चुनाव होने हैं। भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए भगवा खेमे ने एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है। यूं तो काफी पहले से पार्टी सरकार और संगठन स्तर पर तैयारियों में जुटी है। अब चुनाव प्रचार के लिए भी पुख्ता रणनीति तय की गई है। स्टार प्रचारकों की सूची में भाजपा ने सामाजिक समीकरणों का भी पूरा ध्यान रखा है। यही कारण है कि सूची में अगड़े, पिछड़े और दलित सभी चेहरों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव के जरिए सपा के वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास करेगी। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के जरिए ब्राह्मण वोटरों को रिझाने का प्रयास होगा। यूपी में बड़ी संख्या में उत्तराखंड के लोग भी निवास करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वहां के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी लगाया गया है। वहीं ओबीसी वोट बैंक को साधने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, एसपी सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर सहित अन्य चेहरों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री ● शेष पेज 11 पर



# नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति महिला सिपाहियों ने किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चित्रकूट ब्यूरो । पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के चैथे चरण के तहत बुधवार को जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

एण्टी रोमियों टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सार्वजनिक स्थलो जैसे- चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही टीम की सदस्यों ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्प लाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, एम्बुलेन्स सेवा 1930 व साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं व बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं व बालिकाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो व मनचलो के द्वारा की जाने वाली आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व ऐसे शोहदो व मनचलो के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाती है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत परिवार में कोहराम

एजेंसी



बदायूं । वजीरगंज थाना क्षेत्र के वजीरगंज कस्बे के वार्ड छह में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके वालों ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराकर मौत की सही वजह पता करने की अपील की है। बिसौली कोतवाली के आलमपुर के रहने वाले विवाहिता के भाई विनोद ने बताया कि उसकी बहन शालिनी उर्फ लता की शादी 12 साल पहले वजीरगंज कस्बे के वार्ड नंबर छह के रहने वाले पुष्पेंद्र के साथ हुई थी। शालिनी के दो बच्चे हैं। बुधवार की सुबह आठ बजे उन्हें सूचना मिली कि शालिनी की मौत हो गई है। जब हम लोग बहन के ससुराल पहुंचे तो देखा कि शालिनी की गर्दन पर चोट के निशान थे। हमें आशंका है कि शालिनी के साथ कोई अप्रिय घटना घटी है। विनोद ने वजीरगंज थाना पुलिस को तहरीर देकर शालिनी का पोस्टमार्टम कराकर मौत की सही वजह जानने की अपील की है। मौत की खबर मिलते ही सीओ बिसौली और एसपी देहात भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। एसपी देहात का कहना है कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी तथ्य निकल कर आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# यूपी का प्रसिद्ध राजकीय मेला देवीपाटन नौ अप्रैल से शुरू, तैयारी पूरी

एजेंसी



बलरामपुर । चैत्र नवरात्रि पर नौ अप्रैल से शुरू हो रहे प्रसिद्ध राजकीय देवीपाटन मेले की तैयारी जिला व मंदिर प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। मेला परिसर में मनोरंजन की झूला व जादूगर के तंबू कनात लगने लगे हैं। शासन के निर्देश पर मेला के लिए विशेष एसडीएम की तैनाती की गई है, जो लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। 51 शक्तिपीठों में शुमार शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में हर वर्ष चैत्र नवरात्रि में एक माह का मेला लगता है। इस मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु देवीपाटन मंदिर पहुंचकर मां पाटेश्वरी के दर्शन पूजन करते हैं। मेले का भी आनंद उठाते हैं। मंदिर की ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के चलते लगने वाले इस मेले को प्रदेश सरकार के द्वारा राजकीय मेले का दर्ज़ा प्राप्त है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर जिला प्रशासन व मंदिर प्रशासन के द्वारा साफ-सफाई सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किया जाता है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि नौ अप्रैल से शुरू हो रही है। लगने वाले मेले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की जा चुकी है। मेले की तैयारी को लेकर पूर्व में ही देवीपाटन पीठाधीश्वर के साथ बैठक हो चुकी है। शुद्ध पेयजल,साफ-सफाई, आवागमन , सुरक्षा, शाहिद विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये जा चुके हैं। मेला शुरू होने से पूर्व एक बार फिर समीक्षा बैठक होगी। मेला व्यवस्था में उपजिलाधिकारी की विशेष तैनाती की गई है। देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि मंदिर व प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की जा चकी है। परिसर में मंदिर के द्वारा लगे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से वह स्वयं व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहते हैं। किसी भी भक्त को कोई भी समस्या नहीं होने दी जाती है।

# डायग्नोस्टिक पैरासिटोलॉजी में एआई की भूमिका पर सीएमई का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने 11वें वार्षिक समाचार पत्र के विमोचन के साथ साथ डायग्नोस्टिक पैरासिटोलॉजी में एआई की भूमिकाः नेगलेक्टेड ट्रॉपीकल डिजीज पर फोकस विषय पर एक सीएमई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर सीएम सिंह निदेशक डॉ आरएमएलआईएमएस लखनऊ और विशिष्ट अतिथि एवं सीएमई के मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर एससी पारिजा प्रोफ़ेसर एमेरिटस, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज रहे।

# लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने उतारे 40 स्टार प्रचारक

एजेंसी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को जारी की है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम सबसे ऊपर है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम हैं। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी चुनाव प्रचार करते हुए दिखेंगे। इनके नाम भी स्टार प्रचारक की सूची में शामिल किये गये हैं। स्टार प्रचारक सूची में भाजपा की ओर से उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी विजयंत पांडा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल, केंद्रीय मंत्री व अमेठी सीट से उम्मीदवार स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के नाम भी शामिल किये गये हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में भाजपा संगठन और प्रदेश सरकार में सक्रिय दिखने वाले एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, धर्मपाल सिंह, जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा, बेबी रानी मौर्य, हेमा मालिनी, मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, गीता शाक्य, अश्वनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह, दुर्विजय सिंह शाक्य को भी सूची में शामिल किया गया है।

# शव लाने वाले वाहनों को मणिकर्णिका घाट पर जाने के लिए महिषासुर घाट जाना होगाः जिलाधिकारी

एजेंसी

वाराणसी । शहर के व्यस्ततम क्षेत्र मैदागिन -काशी विश्वनाथ मंदिर - गोदौलिया मार्ग से चौक स्थित मोक्षद्वार मणिकर्णिका तक शव लाने वाले वाहनों का मार्ग बदल दिया गया है। अब शव वाहनों को बदले गए मार्ग भदऊ चुंगी

**घाट पर शेड लगाने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया**

होते हुए महिषासुर घाट पर जाना होगा। जहां पर तीन एनडीआरएफ की बोट लगाई गयी है। ये बोट पूर्णतया निःशुल्क हैं । बोट से शव एवं शव के साथ आये सम्बन्धित लोगों को जल मार्ग के रास्ते मणिकर्णिका घाट पर पहुंचाया जायेगा। बुधवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम,एडिशनल सीपी लॉ एण्ड आर्डर एस. चन्नप्पा ने चौकाघाट,



महिषासुर घाट, मैदागिन चौराहा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। एडिशनल सीपी ने इस दौरान कहा कि पुलिस अधिकारी शव लेकर आने वालों को सहानुभूतिपूर्वक समझा बुझाकर विभिन्न मार्गों से शव वाहनों को चयनित मार्ग पर डायवर्ट करायेंगे । इसके लिए सम्बन्धित थानों की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस सभी सम्भावित स्थानों पर ड्यूटी के दौरान शव वाहनों को डायवर्ट करेंगे। यह क्रम नियमित सुगमतापूर्वक चलाया जायेगा। इसके लिए जल्द ही साइनेज आदि नगर निगम की ओर से लगाये जायेंगे। इसके अलावा शव लेकर आने वालों के विश्राम के लिए जिलाधिकारी ने नगर निगम को महिषासुर घाट पर एक बड़ा शेड लगवाने का निर्देश दिया है। साथ ही घाट पर पेयजल आदि की व्यवस्था भी की जायेगी। दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में ही महिषासुर घाट से एनडीआरएफ के बोट से कई शवों को मणिकर्णिका घाट पर पहुंचाया गया।

## युवती ने संदिग्ध परिस्थिति में लगाई छलांग

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के कुआनों मनोरमा नदी के पुल से बुधवार की सुबह एक किशोरी ने नदी में छलांग लगा दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची लालगंज पुलिस ने गोताखोरों की मदद से किशोरी के शव को नदी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लालगंज चौकी प्रभारी रामभवन प्रजापति ने बताया कि पानी में कूदने से हुई आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार व ग्रामीण पुल पर पहुंचे थे। इसके बाद लालगंज पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे वे और उनकी टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोरी की तलाश शुरू कर दी। 20 मिनट में ही स्थानीय गोताखोरों ने शव को पानी से किशोरी के शव को बाहर निकाल लिया। शव की पहचान हथियांव कला निवासी रिंकू निषाद की 15 वर्षीय पुत्री हेमंती के रूप में हुई। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि किशोरी ने किस वजह से नदी में कूदकर जान दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लोकसभा चुनाव : एक समय मेरठ से चुने गए थे तीन सांसद

मेरठ । मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार रोचक होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रचार शुरू हो गया है तो 31 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरठ में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। अभी मेरठ लोकसभा सीट से एक सांसद चुना जाता है, लेकिन एक समय मेरठ सीट से तीन सांसद चुने गए थे।

मेरठ लोकसभा सीट का इतिहास बड़ा ही रोचक है। 1952 में देश में हुए पहले आम चुनावों में मेरठ को तीन लोकसभा क्षेत्रों में बांटा गया था। इसमें मेरठ जिला (पश्चिम), मेरठ जिला (दक्षिण) और मेरठ जिला (उत्तर पूर्व)। इस चुनाव में मेरठ सीट से तीन सांसद चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। मेरठ पश्चिम सीट से पहली बार करांग्रेस के खुशीराम शर्मा सांसद चुने गए। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार हुकुम सिंह को हराया। मेरठ दक्षिण सीट से कंग्रेस उम्मीदवार कृष्णचंद्र शर्मा (त्यागी) ने भारतीय जनसंघ के हरसरन दास को हराकर कराया। मेरठ उत्तर-पूर्व से कंग्रेस के जनरल शाहनवाज खान ने अखिल भारतीय राम राज्य परिषद के सूरज बल स्वामी को हराकर चुनाव जीता। 1957 में हुए दूसरे आम चुनाव में तीनों सीटों को मिलाकर एक कर दिया गया। इस चुनाव में कंग्रेस के जनरल शाहनवाज खान दूसरी बार चुनाव जीतने में कामयाब रहे। उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बृजराज किशोर को हराया था। तीसरे नंबर पर भारतीय जनसंघ के बलबीर सिंह रहे। 1962 में तीसरे आम चुनाव में भी कंग्रेस की जीत का सिलसिला जारी रहा और जनरल शाहनवाज खान ने जीत की हैट्रिक लगाई। उन्होंने क्रांतिकारी सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार महाराज सिंह भारती को हराया। 1967 आते-आते मेरठ लोकसभा सीट का मिजाज बदल गया और पहली बार इस सीट पर कंग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। 1962 में शाहनवाज खान से हारने वाले संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के महाराज सिंह भारती ने अपनी हार का बदला ले लिया और उन्होंने शाहनवाज खान को करारी शिकस्त दी। 1971 में हुए चुनाव कंग्रेस के शाहनवाज खान ने भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस (ऑर्गनाइजेशन) के उम्मीदवार हरीकिशन को हराकर चौथी बार सांसद बनने में कामयाबी हासिल की। 1977 में भारतीय लोकदल के कैलाश प्रकाश ने कंग्रेस उम्मीदवार शाहनवाज खान के विजयी रथ को रोक दिया और 124732 वोटों के अंतर से करारी शिकस्त दी। 1980 में मेरठ लोकसभा सीट फिर से कंग्रेस के खाते में चली गई। कंग्रेस उम्मीदवार मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी (एस) के उम्मीदवार हरीश पाल को हराकर जीत हासिल की। इसके बाद 1984 में मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी की अंबिका सोनी को हराया। 1980 में मोहसिना किदवई से हारने वाले हरीश पाल ने 1989 के लोकसभा चुनाव में मोहसिना किदवई को हरा दिया।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

गाजियाबाद । थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम ने बुधवार को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 13 पासपोर्ट समेत अन्य चीजें बरामद की हैं। डीसीपी (कौशाम्बी) निमिष पटेल ने बताया कि आकाश वालिया की लिखित तहरीर के आधार पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसी के तहत थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम ने मैनुअल इनपुट व सर्विलांस की मदद से सहारनपुर निवासी मुकीम और मुफीद को मैक्स अस्पताल के पीछे वाली पार्किग से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि ये लोग विदेश भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करते हैं। बाकायदा इसके लिए उन्होंने एक कार्यालय भी खोल रखा था। फर्जी वेबसाइट बना रखी है। उन्होंने बताया कि मांगेराम निवासी तलेडी जनपद सहारनपुर द्वारा पैसा मंगाने के लिए बैक अकाउंट उपलब्ध कराए जाते थे।

## पत्नी की हत्या में फरार शराबी पति गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों बेल्ट से पीट–पीटकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने बताया कि सहुदल्ला खेड़ा में रहने वाला सुरेश मजदूरी कर पत्नी चंद्रावती और बच्चों शिवा (13) सुशांत (09), आयुष (05) और बेटी कविता का जीवन यापन करता है, लेकिन वह शराब का लती है और आए दिन नशे की हालत में घर आता था। घर में पत्नी से झगड़ा करता। बेवजह उसे मारता–पीटता था। सोमवार की आधी रात को वह नशे की हालत में घर पहुंचा तो पत्नी से झगड़ा हो गया। उसने पत्नी को बेल्ट से पीट दिया, जिससे उसने दम तोड़ दिया। पत्नी की मौत के बाद वह बच्चों को दूसरे कमरे में सोता हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। थानेदार अरविंद कुमार राणा ने फरार आरोपित को धर दबोचा। हत्या में इस्तेमाल करने वाली बेल्ट भी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी ने भाई पवन कुमार की तहरीर के आधार पर बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## डिवाइडर में बाइक टकराने से युवक की गई जान घर में मचा कोहराम

(कानपुर देहात ) कैनविज टाइम्स संवाददाता। रनिया थाना क्षेत्र के रायपुर के समीप कानपुर से अकबरपुर की ओर आ रहे 21 वर्षीय बाइक सवार की मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर पहुंची रनिया थाना पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस द्वारा जब परिवारजनों को सूचना दी गई तो घर में कोहराम मच गया जानकारी के अनुसार भौती खेड़ा जनपद कानपुर नगर निवासी चंद्रपाल का 21 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र कुमार किसी आवश्यक कार्य से अपनी मोटरसाइकिल से अकबरपुर की ओर जा रहा था जैसे ही उसकी मोटरसाइकिल रायपुर के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर वह डिवाइडर से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची रनिया थाना पुलिस ने उक्त घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सी विजिल एप के जरिए कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की दृष्टिगत जनपद के में आचार संहिता 16 मार्च से प्रभावी है आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत सी विजिल ऐप के माध्यम से की जा सकती है इस ऐप को गूगल ऐप से डाउनलोड किया जा सकता है अजीत पांडेय ने बताया कि किसी भी ऐप एक महत्वपूर्ण ऐप है जिसके जरिए ऐप को गूगल पर डाउनलोड कर अन्य जानकारियां भी मिल सकती है इसका उद्देश्य आचार संहिता के उल्लंघन के विषयों को लेकर है जिससे किसी भी व्यक्ति को जब यह महसूस हो कि कहीं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस ऐप पर शिकायत दर्ज कर सकता है

## आम जनता के नवप्रवर्तकों की प्रदर्शनी 30 मार्च को इंटर कॉलेज भुगनियापुर में

(कानपुर देहात) कैनविज टाइम्स संवाददाता। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब कानपुर देहात के तत्वाधान में 30 मार्च 2024 को असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तक प्रदर्शनी का आयोजन जिला अधिकारी आलोक सिंह मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अचल कुमार मिश्रा के निर्देशन में पीसीएमबी इंटर कॉलेज भुगनियापुर में प्रातः 10:00 बजे से किया जा रहा है जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब कानपुर देहात धर्मेश द्विवेदी ने बताया कि नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में असंगठित क्षेत्र के किस शिल्पकार कारीगर मजदूर मिस्त्री ऐसे जन सामान्य व्यक्ति जिन्होंने कोई डिग्री प्राप्त न की और उन्हें अपने नवप्रवर्तन के क्षेत्र में किए गए कार्य को प्रदर्शित करना है इस नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का क्षेत्र जुगाड़ द्वारा तैयार किया यंत्र मशीन परिवहन के साधन घरेलू उपयोग के समान जैव विविधता स्रजनात्मक उपयोग पौधों की प्रजातियां पशुओं एवं मानव के लिए हर्बल औषधि जड़ी बूटी ऊर्जा उत्पादन या संरक्षण के लिए उपकरण गांव तथा शहर में जीवन संघर्ष के दौरान उपार्जित ऐसे सृजनात्मक विचार जिनको व्यापार में लाया जाना संभव हो उन्होंने जनपद की आम जनता के असंगठित क्षेत्र के जनमानस से अपील की है कि यदि उन्होंने इन क्षेत्रों में मौलिक आविष्कार अथवा खोज की हो वे सभी रजिस्ट्रेशन हेतु अपना नाम पिता का नाम पति का नाम मोबाइल नंबर एवं पता व्हाट्सएप नंबर 945171 6135 पर भेज दें जिससे कि वे सभी 30 मार्च 2024 को नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में प्रतिभाग करके पुरस्कृत हो सके उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 80000 द्वतीय स्थान पर 5000 व त्रतीय स्थान पर 3000 एवं 2000 के 5 सांत्वना पुरस्कार व स्मृति चिन्ह जिला विज्ञान क्लब कानपुर देहात की ओर से प्रदान किए जाएंगे साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे

## युवा समाजसेवियों की मदद से सकुशल घर पहुंचा दक्षिण भारतीय युवक

चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता । ट्रेन में बैग और मोबाइल फोन चोरी होने से परेशान दक्षिण भारतीय युवक की युवा समाजसेवियों ने मदद करते हुए मानवता की मिसाल पेश की। जिसके चलते युवक अपने परिजनों के पास पहुंच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के विशाखापट्नम से एक नवयुवक उत्तर प्रदेश के काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आया था। रास्ते में युवक का बैग और मोबाइल फोन खो गया। जिसके चलते युवक परेशान हो गया। हिन्दी भाषा की बेहद कम जानकारी और सामान खो जाने से परेशान यह युवक बिना कपड़ों के बरगढ़ मोड़ में खड़ा था। इस दौरान वहां पहुंचे नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष आकाश द्विवेदी, अखिलेश पाण्डेय, शिप्पू शुक्ला, बांके शुक्ला, कल्लू चैरसिया व ऋषि त्रिपाठी ने इस युवक को घर पहुंचाने की व्यवस्था की। युवा समाजसेवियों ने युवक के परिजनों से बात करने के बाद बीती रात उसे प्रयागराज जिले के छिवकी रेलवे स्टेशन से रेलगाड़ी में बैठाकर घर के लिए रवाना कर दिया। समिति के अध्यक्ष आकाश द्विवेदी ने बताया कि युवक के परिजनों द्वारा उसके सकुशल पहुंचने की पुष्टि कर दी गई है।

## अवैध शराब के तीन कारोबारी चढ़े पुलिस के हत्थे

चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को 89 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी संतलाल निवासी सुचेता कालौनी थाना बरगढ़ को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक मातादीन तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी राजेश निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकीनाथ तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी भीम निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को 23 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# यूपी की बदली कानून व्यवस्था को भुनाएगी भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में पिछले 7 सालों में बदली कानून व्यवस्था को जनता के बीच ले जा रही है। पार्टी को भरोसा है कि जनता इस मुद्दे पर मतदान करेगी। लिहाजा पार्टी की ओर से इसका खूब प्रचार किया जा रहा है।

पार्टी के संगठन के एक पदाधिकारी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनावों के दौरान जब मतदाता ईवीएम में प्रत्याशी के आगे लगा बटन दबाएंगे तो उनके सामने प्रदेश की कानून व्यवस्था में विगत सात वर्ष में हुए उल्लेखनीय सुधार की तस्वीर जरूर होगी। वो 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश और 2017 के बाद के उत्तर प्रदेश के अंतर को जरूर महसूस करेंगे। सांप्रदायिक हिंसा और माफिया राज से मुक्त प्रदेश की छवि जो 7 वर्षों में बनी है, मतदाता उसे जरूर ध्यान में रखेंगे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए किए गए कार्य उन्हें फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सीएम योगी ने इन 7 वर्षों में कानून व्यवस्था को सुधाने के लिए जो प्रयास किए हैं, वे इन चुनावों में डबल इंजन की सरकार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

2022 के विधान सभा चुनावों में भी प्रदेश की कानून व्यवस्था ने सीएम योगी को दोबारा सत्ता दिलाने में अपनी भूमिका निभाई थी और अब 2024 के आम चुनावों में भी यही फैक्टर 80 सीटों पर अपना प्रभाव दिखाकर पीएम मोदी को तीसरी बार केंद्र की बागडोर दिला सकता है।

### अपराधियों और माफिया के विरुद्ध कार्रवाई

अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते उत्तर प्रदेश में विगत 7 वर्षों में एक भी सांप्रदायिक हिंसा की घटना नहीं हुई। नवंबर 2019 से नवंबर 2023 के बीच प्रदेश के कुल 68 चिन्हित माफिया अपराधी व गैंग के सदस्यों द्वारा अवैध कृत्यों से अर्जित 3723 करोड़ से अधिक की संपत्तियों का जब्तीकरण व ध्वस्तीकरण किया गया। अन्य विभिन्न माफिया की जनवरी 2021 से अक्टूबर 2023 तक गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत 4268 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत मार्च 2017 से नवंबर 2023 तक कुल 22,301 अभियोग पंजीकृत किए गए, जबकि 70,879 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इसके साथ ही 120 अरब रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस दौरान 192 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 5800 घायल हुए।

### प्रदेश में निरंतर घटा अपराध

वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2023 तक में अपराधों में बड़ी कमी दर्ज की गई। डकैती में 87 प्रतिशत से ज्यादा, लूट में 72 प्रतिशत से ज्यादा, हत्या के मामलों में 40 प्रतिशत, फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में 68 प्रतिशत और बलात्कार के मामलों में 24 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई। इसी तरह 2016 की तुलना में 2023 तक में व्यापक पैमाने पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई। शस्त्र अधिनियम के तहत 4 प्रतिशत अधिक, एनडीपीएस अधिनियम में 26 प्रतिशत अधिक, गैंगस्टर अधिनियम में 23 प्रतिशत, गुंडा एक्ट में 31 प्रतिशत और आबकारी एक्ट में 32 प्रतिशत अधिक कार्रवाई की गई।

### महिलाओं को मिल रही पूरी सुरक्षा

वह कहते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा सीएम योगी की प्राथमिकता रही है और इसको लेकर प्रदेश में बड़े स्तर पर कार्य किए गए हैं। सरकार में 1698 एंटी रोमियो स्क्वॉयड गठित किए गए हैं, जिन्होंने प्रदेश भर में 21,422 मुकदमे दर्ज किए हैं। प्रदेश के सभी जनपदों के 1584 थानों में महिला हेल्प डेस्क व 18 जोनल ऑफिसेज में महिला साइबर क्राइम सेल की स्थापना की गई है। मार्च 2022 से नवंबर 2023 तक महिला एवं पॉक्सो अपराध में दोषी पाए गए 12855 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई है। 16 अभियुक्तों को मृत्युदंड, 1298 को आजीवन कारावास, 3422 को 10 वर्ष से अधिक की सजा तथा 8119 को 10 वर्ष तक की सजा से दंडित कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने तथा उनमें सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश के 1518 थानों में 10,378 महिला बीट गठित कर कुल 15,130 महिला कर्मियों की तैनाती की गई। महिला बीट कर्मियों द्वारा भ्रमण के दौरान 63,175 शिकायतों का निस्तारण कराया गया तथा 60,790 पीड़ितों को काउंसिलिंग कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त, 1090, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, पुलिस महिला सहायता प्रकोष्ठ को समेकित कर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (डब्ल्यूसीएसओ) की स्थापना की गई। 1090 का यूपी 112 से इंटीग्रेशन तथा 80 नए टर्मिनल्स तथा डाटा एनालिटिक सेंटर की स्थापना की गई।

## जायसवाल समाज का होली मिलन एवम् वैवाहिक परिचय कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ब्रज़ की फूलो की होली मुख्य आकर्षण रही**

**कार्यक्रम मे वैवाहिक पत्रिका का विमोचन भी हुआ**

लखनऊ । जायसवाल समाज लखनऊ द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में सामाजिक एकता और सद्भाव बढ़ाने पर बल दिया गया। स्थानीय गांधी सभागार में आयोजित समारोह में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कराया गयाप्रदेश मीडिया प्रभारी अश्वनी जायसवाल ने बताया की समाज की निराश्रित एवं विधवा महिलाओं को पेंशन वितरित की गई। उक्त कार्यक्रम मे बच्चों के रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही साथ समाज के प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को जिन्होंने 2022-23 मे 75% व उससे अधिक अंक अर्जित किया है उनको ट्रस्ट द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन राशि के अलावा सामाजिक संस्था सार्थक वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विवाह योग्य युवक युवतियों का वैवाहिक परिचय कराया गया। जिसमे 3 दर्जन से अधिक जोड़ों का विवाह तय हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस जिसमें राधा कृष्ण, गोपी, राम ,बलराम हनुमान , योगी ,मोदी और और राष्ट्रपति जी के रूप को नन्हे बच्चों बच्चों ने बड़े ही सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया। 5 से 16 वर्ष के बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता जिसमें बच्चों ने राष्ट्रप्रेम, देश भक्ति, राम के शौर्य गीत ,होली फाग और लोक नृत्य के साथ भारत की परंपरा को सुशोभित किया। प्रथम द्वितीय ,तृतीय पुरस्कारों से बच्चों को सम्मानित किया गया,साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।कथक कलाकार सपना और उनके समूह के द्वारा मयूर नृत्य, होली खेले रघुवीरा, गणेश वंदन और ब्रज की होली, फूलों की मनमोहक होली के कार्यक्रम भी हुए। जायसवाल बंधुओ के अतिरिक्त सभी वैश्य समाज और अन्य समाज के लोगों ने हर्ष और उल्लास के साथ गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दी जायसवाल समाज लखनऊ के अध्यक्ष अजय जायसवाल, राजेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष सर्वेश जायसवाल, महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अखिलेश जायसवाल तथा रेखा जायसवाल द्वारा मंच के सभी कार्यक्रमों का संचालन किया गया।इसके अतिरिक्त आए हुए सभी अतिथियों के सत्कार में अनीता जायसवाल, नीतू जायसवाल राखी जायसवाल , रमा, रेनू , ओम प्रकाश,अमलेश ,समीर, रवि ,सुनील,ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री, दिनेश शर्मा ने कहा की जायसवाल समाज का उनको हमेशा से बहुत सहयोग मिलता रहा है इसलिए उनसे जो सम्भव होगा वो जायसवाल समाज के लिए करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि विद्यायक रविदास मल्होत्रा ने बताया की जायसवाल समाज के सहयोग से हीं हमेशा वो विजयी होते आये है। कार्यक्रम मे पूर्व पार्षद रजनीश गुता भी अतिथि के रूप मे मौजूद रहे।

### होली त्यौहार में शांति व्यवस्था भंग करने वाले 9 अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ । कैनविज टाइम्स संवाददाता लखनऊ में होली के त्यौहार को शकुसल निपटाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट द्वारा मुस्तैदी दिखाई गई। होली के त्यौहार में लोग आपस मे खुशहाली मना कर एक दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर हँसी खुशी त्योहार को मना रहे थे। वहीं दूसरी तरफ कुछ अराजक तत्वों के द्वारा रंग में भंग डाल कर शांति व्यवस्था में भंग करने और लोगो को बेवजह परेशान करने वाले अभियुक्तों को ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के नेतृत्व में बालागंज चौकी प्रभारी सीमा यादव , चौकी प्रभारी रिंग रोड रविंद्र कुमार , चौकी प्रभारी भूहर शुभम कुमार ने अपनी टीम के साथ अभियुक्त हिमांशू रावत , कौशल रावत , विकास रावत , मन्ना , विशाल गौतम ,अभि सैनी सैनी , सागर यादव , संजय राजपूत और आर्यन श्रीवास्तव को किया गिरफ्तार।

## करोरा में राम-जानकी मंदिर से धूमधाम से निकाली गई रामडोल यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम,लखनऊ। क्षेत्र के करोरा बाजार स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर से होली के तीसरे दिन मंगलवार को रामडोल यात्रा धूमधाम से निकाली गई। करोरा निवासी समाजसेवी गिरीश त्रिवेदी व प्रधान प्रतिनिधि नीरज त्रिवेदी ने बताया कि यह रामडोल यात्रा सैकड़ों वर्षों से रामडोल यात्रा समग्र मार्गों पर फाग के साथ होली मिलन का कार्यक्रम होता आ रहा है। मंगलवार को रामडोल यात्रा के साथ फाग के गीतों के साथ देर रात तक चलता रहा। जिसमें रामडोल यात्रा के साथ फाग गीतों में दो टीमें करोरा व टिकरा के लोग मौजूद रहे। रामडोल यात्रा राम-जानकी मंदिर से गांव की समस्त मार्गो से होते हुए मंदिर पर सम्पन्न हुई। इस दौरान दीपक तिवारी, रिपुदमन, केपी सिंह, नितिन तिवारी, सुधीर विश्वकर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में रामडोल में शामिल हुए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई मास्टर ट्रेनर्स की महत्वपूर्ण बैठक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर्स की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी माहौल में सम्पन्न कराने हेतु आपसी समन्वय का होना अनिवार्य है। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव कराना हम सभी की जिम्मेदारी है इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी आपको होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद यह मास्टर ट्रेनर्स बाकी चुनाव कार्मिकों को चुनाव संपन्न कराने की प्रक्रिया समझाएंगे साथ ही ईवीएम मशीन से मतदान कराने के साथ मतदान कराने वाले कार्मिकों को भी प्रशिक्षण देंगे। इससे पहले मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कई चरणों में होगा। निर्वाचन के लिए निर्वाचन विधि, मतदान बूथ तैयारी, मतदान केंद्रों की तैयारी आदि का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान कार्य में लगे मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण ससमय गुणवत्तापूर्वक कराया जाये साथ ही उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पानी, बिजली, रेम्प व वाहनों की उपलब्धता, शौचालय की नियमित साफ-सफाई, व्हीलचेयर आदि मूलभूत सुविधाए समय से पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया कि केकेसी में हर कमरे में ट्रेनिंग पैनल लगाए जाएं, जिससे कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की पूरी जानकारी मतदान अधिकारियों की दी जा सके।

## गोमती नगर विस्तार प्रखण्ड समिति द्वारा जरूरतमंदों को कपड़ा व चप्पल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोमती नगर विस्तार प्रखण्ड समिति संबद्ध गोमती नगर जनकल्याण महासमिति द्वारा ओमेक्स गोमती नगर विस्तार के आर 1 के सामने जरूरतमंद महिलाओं को कपड़ा व चप्पल का वितरण किया गया।गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला ने इस कार्यक्रम को करने की प्रेरणा दी। गोमती नगर विस्तार प्रखण्ड समिति की सचिव मोनिका कुमारी ने जरूरतमंदों को कपड़ा वितरण किया जिसमे समिति के अध्यक्ष प्रभात चर्तुवेदी ने भी सहयोग किया।समिति के कार्यकारी सचिव सुमित सिंह ने कहा की हमारा प्रयास होता है की ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को कपड़ा और चप्पल पहुंच सके और समिति के द्वारा हो रहे कपड़ा और चप्पल वितरण भी सही हाथो में जा सके।इस मौके पर समिति के सांस्कृतिक सचिव अतुल तिवारी,राकेश वर्मा, रोटी कपड़ा बैंक की शोभा ठाकुर,शारदा वेलफ़ेयर सोसायटी के पवन तिवारी, शिवम दुबे,अमित पांडे,संदीप सैनी उपस्थित रहे।

## महोंना में अवध की गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक 96 वां मेंला रशीदिया व उर्स हुआ शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ ।बीकेटीमहोंना में 96 वां मेंला रशीदिया व उर्स का आगाज़ बुधवार से हुआ।मेला के सहायक मैनेजर अकील ख़ान ने बताया कि सज्जादा नसीन सैय्यद अनवार अहमद के आवास से चादर आयेगी उसके बाद दरगाह पर चादर पोशी और गुल पोशी के साथ शुरू होगा।

हजरत दादा मियां के उर्स के आगाज़ के मौक़े पर मजार पर जायरीनों की काफ़ी भीड़ देखने को मिली।सैकड़ो जायरीनों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर बेहतर जिन्दगी के लिए दुआएं मांगी।उन्होंने बताया कि उर्स के दौरान मजार शरीफ पर कई रोगी अपने इलाज के लिए यहां आते है और उनको लाभ भी होता है।होली के तीसरे दिन से शुरु होने वाले इस मेले को अवध की गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक माना जाता है। इस दस दिवसीय उर्स व मेला के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।30मार्च को बच्चों का नाते पाक कंपटीशन,31 मार्च को सालाना नातिया मुशायरे की निजामत वासिफ फारुकी, शायर शर्फ नानपारवी,मुजीब सिद्दीकी, अज्म गोंडवी,अली बाराबंकवी,असद आज़मी,चंदन फैजाबादी,आमिर फैजाबादी,वकार काशिफ़,सलीम ताबीश, मोहतसिम फैज़ी,मेराज रजा लखनवी के द्वारा मुशायरा,1अप्रैल को आगरा का फ़ेमस जादू,2अप्रैल को कानपुर का मशहूर कव्वाल शरीफ़ परवाज़ और उजमा नाज़ के बीच जवाबी कव्वाली का मुकाबला होगा।3अप्रैल को देश के नामचीन शायरों और शायरात के द्वारा कुल हिंद मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होगा,4अप्रैल को जबरदस्त हास्य प्रोग्राम लॉफ्टर शो आयोजित होगा तथा 5अप्रैल को जवाबी कव्वाली, आतिशबाज़ी के साथ मेंला का समापन होगा।इस मौक़े पर उर्स व मेला कमेटी के प्रबंधक इशहाक मोहम्मद,मेला अध्यक्ष कलीम कुरैशी,मेला उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम,कोषाध्यक्ष सैय्यद निहाल रशीदी,सचिव हासिम बेग,जनरल सेक्रेटरी रियाज़ बाबा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

### भाजपा महानगर कार्यालय में होली मिलन कार्यक्रम में जुटे कार्यकर्ता



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कैसरबाग स्थित महानगर कार्यालय पर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को होली की शुभकामनाएं देने के लिए लखनऊ महानगर के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सामाजिक संगठन, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, धार्मिक संगठन के पदाधिकारी व व्यापारी वर्ग समेत बड़ी संख्या में होली की शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, विनय भुर्जी, सतीश वर्मा, विशाल गुप्ता, दीपक शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, मधुबाला, नर्मिता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ऐशबाग-सीतापुर रेलखण्ड के मध्य चला संरक्षा जागरूकता अभियान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में संरक्षा के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य हेतु मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में ऐशबाग सीतापुर रेलखण्ड के मध्य समपार सं0 06 स्पेशल पर संरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत रेल एवं समपार उपयोगकर्ताओं को अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पार न करने एवं समपार अथवा उपरिगामी सेतु से ट्रैक पार करने हेतु जागरुक किया गया। साथ ही डियूटी पर तैनात गेटमैन पर अनाधिकृत दबाव नहीं डालने, क्षतिग्रस्त रेलवे फाटको पर सावधानी बरतने, रेलवे ट्रैक व विद्युत पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा लाइन किनारे मवेशियों को न आने देने के संबंध में संरक्षा जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर संरक्षा सलाहकारों द्वारा 200 संरक्षा जागरुकता संबंधित पोस्टर एवं पंपलेट का वितरण भी किया गया।

### केप्री ग्लोबल कैपिटल और गुजरात टाइटन्स के बीच इस सीजन भी जारी रहेगी साझेदारी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गैर बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी, केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ते हुए, लगातार तीसरे साल भी इसे जारी रखने की घोषणा की। इस गठबंधन के तहत गुजरात टाइटन्स की आधिकारिक टीम जर्सी के सीने पर दाईं ओर केप्री का लोगो प्रमुखता से दिखाई देगा, जो दोनों संस्थाओं के बीच मजबूत नाते को दर्शाता है। केप्री ग्लोबल के ग्रुप सीएमओ बसंत धवन ने कहा कि कैपरी ग्लोबल में, हम इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि स्पोर्ट्स में समुदायों को एकजुट करके बड़े पैमाने पर बदलाव लाने की ताकत है। भारत में 500 मिलियन से अधिक की लोगों तक अपनी बेमिसाल पहुंच के साथ, यह लीग सभी तरह के मीडिया प्लेटफार्मों पर सबसे तेज़ पहुंच वाला एग्रीगेटर है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की हुई मौत पुलिस शिनाख्त में जुटी

मोहनलालगंज। लखनऊ ,मोहनलालगंज के अतरौली गाँव के पास अज्ञात तीस वर्षीय महिला की ट्रेन की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई। वही रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। वही पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन से पांच सौ मीटर दूर पर एक अज्ञात महिला अतरौली गांव के सामने ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे रेलवे स्टेशन मास्टर राजीव कुमार ने स्थानीय पुलिस को हुईं दुर्घटना के बारे में सूचना दी।मौके पर पहुची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की।

## सामुदायिक मिलन केंद्र कूड़ा घर मे तब्दील

**ग्रामीणों की ओर से नगर आयुक्त विधायक से की गई शिकायत**

**सार्वजनिक आयोजनो के लिए लोगों के सामने आ रही दिक्कतें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सामुदायिक मिलन केंद्र कूड़ा घर में तब्दील हो गया है। लोगों को शादी व्याह जैसे आयोजनों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इसी बात की शिकायत नागरिकों की ओर से नगर आयुक्त और स्थानीय विधायक से की गई है। मामला नगर निगम जोन 4 के सरसवां गांव में बने सामुदायिक केंद्र का है। कुछ महीनो से नगर निगम ने कब्जा करके इस स्थान को कूड़ा घर मे तब्दील कर दिया है। इसी से लोगो के सामने काफी दिक्कतें आ रहीं है। ग्रामीणों के अनुसार जब सामुदायिक केंद्र से कूड़ा हटाने के लिये सफाई कर्मचारियों से कहा तो उनकी ओर से उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही गई । सरोजनीनगर क्षेत्र का सरसवां गांव हाल ही में नगर निगम शामिल हुआ उसी के बाद से डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम से आने वाली गाड़िया घरों से कूड़ा लेकर सामुदायिक मिलन केंद्र में डंप करती है। ग्रामीण बताते है कि गांव के लोग इस स्थल पर अपने शादी विवाह व अन्य सास्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न करते है। इस जगह पर शादी घर भी प्रस्तावित है। जिसके लिए चारो ओर बाउंड्री वाल भी की जा चुकी है। लेकिन नगर निगम ने कूड़ा घर बना कर रख दिया है। सरसवां गांव में रहने वाले योगेंद्र सिंह बताते है कि बस्ती के बीच सामुदायिक केंद्र जहां निम्न परिवार के लोग शादी विवाह आदि कार्यक्रम सम्पन्न करते थे उस स्थान को कूड़ा घर बना दिया गया। सामुदायिक केंद्र के बगल में रहने वाले सूबेदार सिंह बताते है कि कूड़े के ढेर से आने वाली गंध ने बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। इससे क्षेत्र में संक्रमण रोग फैलने का खतरा ज्यादा बना हुआ है। आश्चर्यजनक बात तो यही है कि मना करने के बावजूद भी स्थिति में कोई बदलाव होने की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है।कूड़ा डंप होने की शिकायत के बाद सुधार होगा या नहीं इसकी कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है।

## अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर बेटे व दामाद की पिटाई कर किया लहूलुहान

**पुलिस ने पीड़ित की सुनने के बजाय दामाद को ही थाने मे बिठाया लोगो के हंगामे के बाद दर्ज किया मुकदमा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली गाँव मे सोमवार की रात आधा दर्जन लोगो ने घर मे घुसकर महिला के बेटे व दामाद की पिटाई कर दी। महिला ने इसकी सूचना खुजौली पुलिस चौकी पर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित को चलता कर दिया। मंगलवार की रात पुलिस महिला के दामाद को ही उठा लाई जिससे नाराज गाँव के लोगो ने थाने पर हंगामा किया जिसके बाद पुलिस ने दामाद को छोडा व महिला की तहरीर पर छः नामजद व पंद्रह अज्ञात लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। मिली जानकारी के अनुसार

सोमवार को मोहनलालगंज के खुजेहटा गांव के मलखान खुजौली गांव अपनी ससुराल आए थे तभी गाँव के ही राजकुमार गाली गलौज करने लगे। मधराना देवी का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते राजकुमार ने अपने साथी अजय, बिनोद, हरिप्रसाद, धनऊ, रामअचल व पंद्रह अज्ञात लोगो घर पर धावा बोल दिया और दरवाजा तोडकर घरके अंदर घुस आए और दामाद मलखान व बेटे रिन्कू की पिटाई कर लहूलूहान कर दिया। महिला ने इसकी सूचना पुलिस चौकी पर दी जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने विवाद शान्त कराकर वापस चली गई। मंगलवार की रात अचानक खुजेहटा पहुँची खुजौली चौकी की पुलिस मलखान को ही थाने उठा लाई और हवालात मे बंद कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज गाँव के लोग थाने पहुंचकर हंगामा करने लगे मामले की जानकारी इंस्पेक्टर को होने पर इंस्पेक्टर ने चौकी इंचार्ज को फटकार लगाने के साथ ही मलखान को छोड दिया व महिला की तहरीर पर आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक मलखान निर्दोष था जिसे छोड दिया गया था, मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियो के विरूद्ध शान्तिभंग की कार्रवाई की है।

# खेती योग्य जमीन की प्लाटिंग कर बारिश के पानी को निकास को किया जा रहा बन्द, राजस्व विभाग मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा(सीतापुर) । मुख्य बाजार अंतर्गत जाने वाले रास्ते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा पर अतिक्रमण कर बगैर पैमाइश खेतों की प्लाटिंग के जरिये आगामी बारिश में स्वास्थ्य केंद्र सहित बड़ी आबादी को डुबोने का प्लान बना चुका राजस्व विभाग।हर साल बारिश में डूबने वाले रास्ते से सटाकर बनवाए जा रहे अमानक मकानों के चलते आखिर सांडा मुख्य बाजार व वहां बसी अवाम का क्या होगा हश्र इसे सोचकर ही कांप जाती रूह,आधी आबादी क्षेत्र के जलनिकास को अवरुद्ध कर बनवाए जा रहे मकानों पर अभी तक राजस्व विभाग ने नहीं लिया कोई संज्ञान यदि ऐसे ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में होता रहा अवैध निर्माण तो स्वास्थ्य सुविधाओं से 4 माह के लिए समूचा गांजरी इलाका हो जाएगा बेदखल।



बिसवां सकरन मुख्य मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा जाने वाले मार्ग के किनारे हो रहे निर्माणों पर पूर्व से न किए गए प्लान के चलते बारिश में अवश्य ही बंद होजाएगा

**अबकी बारिश में अवश्य डूबेगा आधा सांडा बाजार**

**डूबकर मरने वालों को नहीं नसीब होनेवाला कब्रिस्तान बगैर नियमों के**

अस्पताल साथ ही ग्राम पंचायत की आबादी की जमीन के निर्धारण के बगैर बिना नापजोख किए खेती योग्य जमीन में करवाए जा रहे अवैध निर्माणों से अनजान राजस्व विभाग के चलते अस्पताल व जाने वाले रास्ते सहित कब्रिस्तान को डुबोने के साथ पंचायत की जमीनों पर कब्जेदारी भविष्य में सांडा निवासियों के जी का जंजाल अवश्य बनेगा।समय रहते यदि संबंधित विभागों ने नहीं लिया संज्ञान तो एक बड़ी आबादी का हिस्सा हो जाएगा वीरान।

# खीरी पहुंची कमिश्नर, विधानसभा क्षेत्र पलिया के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने जनपद खीरी की 28 लोकसभा के अंतर्गत 137 पलिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथ का औचक निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्थाओं की पड़ताल की। आयुक्त ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह एवं सीओ पलिया संग संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गदनिया एवं इंडो नेपाल बॉर्डर के मतदेय स्थल कमलापुरी कॉलोनी भानपुरी कॉलोनी के बूथों का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाईट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर सामान्य



सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन करते हुए संबंधित को निर्देश दिये।

इस दौरान आयुक्त ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। उन्होंने बुज़ुर्गों से अपील की कि मतदान दिवस (13 मई) के दिन आप लोग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनकों भी अपने साथ ले जायें। इसके बाद आयुक्त ने भारत-नेपाल सीमा के पिलर नंबर 211 का सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) राजस्व एवं पुलिस की टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण भी किया।

# वर्षों पुराने विवाद का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी के हस्तक्षेप के बाद निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त जनसुनवाई की जा रही थी जनसुनवाई के दौरान ग्राम मरखापुर के सुनील इतवारी सुशील राजेंद्र आदि 50 लोग जिसमें बच्चे महिलाएं भी शामिल थी उन्होंने शिकायत किया कि उनका रास्ता और अवरुद्ध कर दिया गया है जिला अधिकारी महोदय द्वारा एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सीओमितौली के नेतृत्व में तहसीलदार सदर एवं थाना अध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया मौके पर टीम द्वारा जाकर जांच की गई तो जांच से मामला सही



पाया गया तत्काल अवरोध किए गए रास्ते को खुलवाया गया और मौके पर रास्ते का चिन्ह्यांकन किया गया बरसों पुराने विवाद के निस्तारण होने पर गांव वालों द्वारा प्रशासन की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की अधिसूचना निर्गत होने के बाद लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसी मध्य गुड फ्राइडे, जमात-उल-विदा (अलविदा), ईद-उल-फितर डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती, नवरात्रि, रामनवमी, महाबीर जयन्ती आदि के त्यौहार मनाये जायगें। लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के मध्य एवं आसन्न त्यौहारों पर असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा जनपद की साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने एवं शांति/कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया जा सकता है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य विस्वस्त सूचनाओं के आधार पर मेरा समाधान हो गया है कि जनपद में माह मार्च से मई 2024 के मध्य आयोजित उक्त आसन्न त्यौहारों एवं लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के मध्य असामाजिक एवं अराजक व्यक्तियों द्वारा ऐसी गतिविधियों कारित की जा सकती हैं, जिससे जनपद की सामाजिक-साम्प्रदायिक सद्भाव एवं कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े तथा जनपद की विधि व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित हो जाये। उन्होंने बताया कि उपरोक्त तथ्यों से जनपद सीतापुर में शांति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु जनहित में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी करना आवश्यक है। अतः लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के दृष्टिगत पूर्व में निर्गत समसंख्यक आदेश दिनांक 01 फरवरी 2024 वापस लेते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये आदेश पारित किये हैं। 1- कोई भी व्यक्ति जनपद सीतापुर क्षेत्रार्न्तगत आंदोलन या प्रदर्शन करने के उद्देश्य से पाँच अथवा पाँच से अधिक व्यक्तियों का समूह नही बनायेगा, जुलूस नही निकालेगा, किसी प्रकार का प्रर्दशन नहीं करेगा, न ही कोई उत्तेजनात्मक नारेबाजी करेगा और न ही ऐसा करने हेतु किसी को प्रोत्साहित/प्रेरित करेगा। अपवाद-यह निषेधाज्ञा शव यात्राओं, परम्परागत धार्मिक आयोजनों एवं परम्परागत मेलों आदि पर लागू नहीं होगी। 2- कइोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान अथवा किसी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक अथवा आवश्यक सेवा प्रतिष्ठान की परिधि से 200 मीटर तक कानून व्यवस्था एवं निर्वाचन प्रक्रिया को बाधित करने के उद्देश्य से कोई हड़ताल धरना, घेराव एवं नारेबाजी नहीं करेगा और न ही उसमें भाग लेगा, न किसी भी सभा आदि का आयोजन करेगा और न ही उसमें श्रोता आदि के रुप मे भाग लेगा। 3- कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थल पर जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र यथा रिवाल्वर, पिस्टल, बंदूक, रायफल एवं फरसा, बांका, बल्लम, तलवार, चाकू आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही लाठी-डंडा धारण करेगा। अपवाद-यह प्रतिबन्ध डियूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों अथवा ऐसे व्यक्तियों, जोकि लाठी अथवा डंडे का सहारा लेकर चलते हैं अथवा ऐसे सिख सम्प्रदाय के व्यक्ति, जिन्हें धार्मिक अनिवार्यता के कारण निर्धारित शस्त्र रखना आवश्यक है, पर लागू नहीं होगा। 4- कोई भी व्यक्ति ईट पत्थर, कॉच के टुकड़े तथा विस्फोटक पदार्थ, तेजाब, शीशे की बोतल, जो विशेष प्रयोजन हेतु अनुज्ञप्ति के अधीन पाये गये हो, को किसी भी व्यक्ति को शारीरिक चोट पहुँचाने की दृष्टि से न तो एकत्र करेगा, न चलायेगा, न ही इनका प्रयोग करेगा और न करायेगा। 5- बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग नही करेगा तथा रात्रि 10-00 बजे से प्रातः 06-00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अंतिम चरण पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट ब्यूरो । माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण पर है। अब तक कुल 1,17,372 कापियों में कुल 1,16,299 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है, सिर्फ 2,073 कापियां अवशेष हैं। उपनियंत्रक रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस मूल्यांकन केंद्र में अब तक हाईस्कूल की 66,700 और इंटर की 49,599 का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है।

इस वर्ष हाई स्कूल में 67,000 और इंटर में 50,372 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी गई है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 25 और इंटर में 40 टोली लगाई गई हैं। जिन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है उनके अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेज दिए गए हैं। जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का उप प्रधान परीक्षकों द्वारा निरंतर परीक्षण भी किया जा रहा है ,इसके अलावा जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का अंकेक्षण भी कराया जा रहा है कुल मिलाकर कापियों के मूल्यांकन में किसी भी तरह की त्रुटियां न रह जाएं ,इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपादित कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, डॉक्टर आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, ज्ञानेंद्र चैधरी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, रमेश कुमार, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, वीरेंद्र नाथ, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरी शुक्ला, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग आदि का सराहनीय योगदान है।

# शिक्षकों ने समाप्त किया उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट ब्यूरो । मुजफ्फरनगर में शिक्षक की गोली मारकर हत्या के मामले में चल रहे उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन बहिष्कार को राजकीय शिक्षक संघ ने वापस ले लिया है। साथ ही मूल्यांकन कार्य में पूर्ण सहयोग करने की बात कही है।

राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामकेश के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल, जिला मंत्री प्रमोद कुमार पाल ने बताया कि बीती 17 मार्च को राजकीय हाई स्कूल महगांव वाराणसी में कार्यरत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार को मुजफ्फरनगर मूल्यांकन केंद्र की उत्तर पुस्तिका को ले जाते समय एक सिपाही ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके विरोध में राजकीय शिक्षक संघ ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया था और मृतक शिक्षक के परिवार द्वारा कुछ मांगे विभागअशासन के समक्ष रखी गई थी।



जिसके बाद मृतक शिक्षक के आश्रित को असाधारण पेंशन स्वीकृत की गई है। साथ ही परिवार को 25,000,00 रुपये अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा अब मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को क्षेत्रीय कार्यालय तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। ऐसे में छात्र हित में मूल्यांकन कार्य समयांतर्गत कराने के उद्देश्य से प्रातींय नेतृत्व के निर्देशानुसार राजकीय शिक्षक संघ चित्रकूट मूल्यांकन कार्य बहिष्कार वापस लेता है। अब सभी शिक्षक मूल्यांकन कार्य में पूर्ण सहयोग करेंगे।

# सड़क हादसे में बाइस सवार शिक्षक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापुर, चित्रकूट । ग्राम पंचायत भभेंट से बच्चों को पढ़ाकर वापस राजापुर आ रहे शिक्षक को राजापुर-छीबों तिराहा के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घायल होकर शिक्षक काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा और घायल अवस्था में कस्बे के एक प्राइवेट चिकित्सालय में मोहल्ले के लोगों ने भर्ती कराया तथा परिजन व पुलिस को सूचना दिया। हालत गम्भीर होने पर प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है। बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भभेंट में सहायक अध्यापक पद पर तैनात नरोत्तम प्रसाद पुत्र भगवानदीन निवासी ढोलबजा थाना भरतकूप का निवासी है और राजापुर में रहकर मोटरसाइकिल से विद्यालय आया जाया करता था। विद्यालय में छुट्टी होने के बाद राजापुर आते समय राजापुर - छीबों तिराहे के पास पहुँचा ही था कि राजापुर की ओर से तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रौंद डाला जिससे दोनों पैर टूट गए हैं और गम्भीर चोंटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने कस्बे के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की सूचना पाकर तमाम शिक्षक व पत्नी रश्मि देवी अस्पताल पहुँचे और पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सूचना पाकर क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और मामले की जाँच पड़ताल की। उधर क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि घायल अध्यापक की पत्नी रश्मि देवी के द्वारा तहरीर दी गई है, जांच पड़ताल करते हुए उक्त चार पहिया वाहन व चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। शिक्षक की हालत गम्भीर होने पर प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है।

# नेत्र चिकित्सकों का अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट ब्यूरो । संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय दुनिया में नेत्र रोगियों की सेवा के लिए अपनी अलग ही पहचान बनाई है। कलकत्ता में अंतर्राष्ट्रीय ऑल इंडिया आप्थलमो लॉजिकल सोसायटी द्वारा आयोजित नेत्र कार्यशाला में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के रेटीना के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा आलोक सेन, ग्लूकोमा के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा राकेश शाक्य टॉप सर्जिकल वीडियो अवार्ड से नवाजे गए।

इस कार्यशाला में श्री सद्गुरु सेवा संस्थान के डायरेक्टर एवं ट्रस्टी डा बी के जैन और उनकी धर्म पत्नी ऊषा जैन भी विशिष्ट अतिथि के रूप सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में आंख से संबंधित सभी ईलाज किए जाते है और लगभग हर विभाग की सबस्पेशलिटी रेटीना, ग्लूकोमा, कार्निया, अक्लोपलास्ट आदि की सुविधा उपलब्ध है। बताया कि अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी का 82वां वार्षिक सम्मेलन बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, कोलकाता में आयोजित



किया गया। जिसमे पांच दिवसीय ऑल इंडिया आप्थलमो लॉजिकल सोसायटी द्वारा नेत्र कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में देश विदेश के लगभग 10,000 नेत्र चिकित्सकों ने प्रतिभाग लिया।इस पांच दिवसीय नेत्र कार्यशाला में सभी नेत्र चिकित्सकों ने आपस में एक दूसरे से अपने अपने अनुभव साझा किए साथ ही सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के डा आलोक सेन एवं डा राकेश शाक्य ने नेत्र रोगियों की नेत्र सर्जरी में अच्छी गुणवत्ता के लिए इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी नेत्र चिकित्सकों को सर्जिकल ट्रेनिग देने का काम किया एवं नेत्र रोगियों के बेहतर ईलाज के लिए अपना लेक्चर भी दिया। इस अंतराष्ट्रीय नेत्र कार्यशाला में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सकों के अवार्ड से सम्मानित होने पर ट्रस्टी डा ईलेश जैन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ट्रस्ट के प्रथम चेयर मैन सेठ अरविंद भाई मफत लाल के जन्म शताब्दी वर्ष में ये बड़ी उपलब्धि है उन्होंने ये भी कहा कि यह सद्गुरू परिवार के साथ साथ चित्रकूट क्षेत्र के लोगो के लिए बड़े गौरव की बात है कि इस अंतर्राष्ट्रीय नेत्र कार्यशाला में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सकों को टॉप सर्जिकल वीडियो अवार्ड से नवाजा गया।

# लोस चुनाव में मददगार है कोवीगिल एप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । आम चुनाव-2024 निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने कई ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हैं। इन एप का प्रयोग कर कोई भी मतदाता या प्रत्याशी अपनी समस्या का निवारण कुछ ही मिनटों में करवा सकता है। डीईओ, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव के समय सी-विजिल एप निर्वाचन आयोग की काफी मदद करता है। कोई भी नागरिक कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हुआ देखता है तो उससे संबंधित फोटो वीडियो ऑडियो व अन्य साक्ष्य इसपर अपलोड कर देता है। इस एप में शिकायत के बाद 100 मिनट के भीतर कार्रवाई होती है।

**निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद**

डीईओ ने सभी से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।



आयोग इसकी सत्यता की परख कर संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित करता है। यह एप देश के सभी नागरिक को निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद का अवसर देता है। एप का साफ्टवेयर शिकायतकर्ता की पहचान, सुरक्षा व निजता को बरकरार रखता है।

**कैसे काम करता है CVIGIL एप**

सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जीआइएस आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्तर्गत ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा।

## लोस चुनाव संपन्न कराने को जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर को दिया प्रशिक्षण

लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए दो पालियों में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण भी दिया गया। डीएम ने निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका, कर्तव्य व कार्य दायित्व बताएं और यह भी कहा कि आप सभी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। डीएम ने ईवीएम का प्रशिक्षण देकर सवाल पूछे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ईवीएम के सभी उपकरणों के संयोजन एवं उसके संचालन की बारीकी से जानकारी दी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन में जोनल व सेक्टर ऑफिसर की महती भूमिका है, इसलिए सौंपे गए दायित्वों का सजगता, सतर्कता व विवेकपूर्ण तरीके से निर्वहन करें। प्रशिक्षण की आरंभ में प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी एसएन चौरसिया ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्वाचन प्रक्रिया का पीपीटी से व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया।

# खुटार के अस्पताल में हुआ भगवान लड्डू गोपाल का उपचार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

खुटार।खुटार के सरकारी अस्पताल पर अचानक ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी हैरान रह गए जब भगवान लड्डू गोपाल का उपचार कराने के लिए 108 एंबुलेंस उन्हें लेकर अस्पताल पहुंची।भगवान को चोट लगने की बात कहकर लगातार रो रहा भगवान का भक्त डॉक्टर उसे समझाने के प्रयास में जुटे। मंगलवार की शाम 108 एम्बुलेंस पर तैनात पायलट रामेंद्र कुमार दुबे एवं ईएमटी कीरत यादव को किसी के बीमार होने की सूचना मिली।सूचना मिलते ही तत्काल एंबुलेंस कर्मी खुटार थाना क्षेत्र के गांव सुजानपुर पहुंचे वहां गांव सुजानपुर में रहने वाले रिंकू पुत्र रतीराम भगवान लड्डू गोपाल को चोट लग जाने की बात कहकर अस्पताल ले जाने के लिए कहने लगा यह देख एंबुलेंस कर्मियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। जिस पर 108 एंबुलेंस कर्मियों को



उपचार के लिए भगवान लड्डू गोपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पर लाना पड़ा।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पर तैनात डॉक्टर अंकित वर्मा एवं वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मी हैरान रह गए भगवान को चोट लगी है यह बात कह कर भक्त रिंकू लगातार रो रहा था डॉक्टर अंकित वर्मा एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने भगवान की मूर्ति का चेकअप किया और ठीक होने की बात कह कर रिंकू को समझने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना जिस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने रिंकू के परिवार वालों को सूचना दी तो पता चला उसके परिवार के सभी सदस्य वृंदावन भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करने गए थे जहां सभी लोग वापस आ रहे हैं। भगवान और भक्त के बीच एक अटूट प्रेम का अद्भुत दृश्य देखकर अस्पताल में तमाम लोग एकत्रित हो गए सब लोग अलग-अलग तरीके से रिंकू को समझने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह लगातार रोये ही जा रहा है।और कह रहा आज भगवान लड्डू गोपाल को स्नान कराते समय वह गिर गए जिससे उन्हें चोट लगी है उनका उपचार करा दो।खबर लिखे जाने तक परिवार के सदस्य अस्पताल नहीं पहुंचे थे।

# गोली लगने से घायल युवक की उपचार के लिये ले जाते समय मौत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

खुटार। घर से थोड़ी दूर पर गेहूं के खेत मे खून से लथपथ अवस्था मे युवक पड़ा मिला कुछ देर बाद परिवार बालो को जानकारी हुई तो परिजन उसे घायल अवस्था में खुटार के सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही पुवायां के पास उसने दम तोड़ दिया। थाना क्षेत्र के गांव मैनिया में रहने वाले सोनपाल का 24 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार बुधवार की सुबह करीब दस बजे घर से बाहर निकाला था तभी कुछ देर बाद आशीष के परिवार के ही बच्चे घर के पास ही खेत की ओर खेलने गये तो उन्होंने आशीष को खेत में पड़ा देखा तो बच्चे शोर मचाने लगने शोर सुनकर परिवार



के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा आशीष घायल अवस्था में खेत मे पड़ा था उसके सीने से खून निकल रहा था और पास में ही तमंचा पड़ा था।परिवार के लोगो ने आनन फानन में पड़ोसियों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पर लेकर आये जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।परिजन उसे उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में पुवायां के पास उसने दम तोड़ दिया।उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष संजय कुमार मौके पर पहुंच गए पुलिस की पूछताछ में पता चला युवक ने घरेलू विवाद के चलते तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। सूत्रों से पता चला युवक ने घरेलू विवाद के चलते छः माह पहले भी जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन उपचार हो जाने के कारण उसकी जान बच गई थी। उसकी मौत से पिता सोनपाल, माता बाटू ,पत्नी नीतू, एवं बहाने अर्चना व शिवानी व भाई मोहित एवं शुभ का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक आशीष कुमार तीनों भाइयों में सबसे बड़ा था पांच वर्ष पूर्व थाना पूरनपुर के गांव अमरईया खाते में रहने वाली नीतू के साथ उसका विवाह हुआ था मृतक का दो वर्ष का बेटा भी है। जवान बेटे की मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया है। कि घरेलू विवाद के चलते युवक ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जांच पड़ताल की जा रही है।

## कुशीनगर में पुलिस अधिकारियों संग जवानों ने डीजे के गानों पर लगाया ठुमके जमकर खेली होली

पडरौना,कुशीनगर । जनपद में शांतिपूर्ण होली सम्पन्न होने के तीसरे दिन पुलिस ने बुधवार को पुलिस लाइन में होली मनाई। अधिकारियों पर मस्ती में डूबे पुलिसकर्मियों ने जमकर व्यंग बाण चलाए। मौजूद अधिकारियों के ठहाकों और अबीर–गुलाल से पुलिस लाइन परिसर होलियाना रंग में समाया रहा, पुलिस लाइन में सिर्फ अबीर–गुलाल उड़े अपितु हर साल रंगों से पुलिसकर्मी सराबोर । जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल पुलिस विभाग के समस्त पुलिसकर्मियों के साथ पत्रकार मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने एक–दूसरे को गुलाल लगा गले लगा कर होली मिलन समारोह की शुभकामना दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय,कुंदन सिंह,उमेश कुमार भट्ट,सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला, कई थानों के प्रभारी निरीक्षक और दारोगा समेत कई सिपाहियों ने गाने व रचित रचनाओं से मौजूद अधिकारियों को ओतप्रोत करते रहे। इससे डीएम और एसपी भी ठहाके लगाने पर मजबूर रहे। होली के मस्ती में डूबे पुलिसकर्मियों के नृत्य देख कप्तान धवल जायसवाल भी अपने को रोक नहीं पाए और उन्होने भी ठुमके लगाए। एसपी ने शांतिपूर्ण तरीके से होली सम्पन्न होने पर कुशीनगर वासियों को धन्यवाद दिया है।

## हम रहे ना रहे महा मूर्ख के सितारे सदा रहेंगे

पडरौना, कुशीनगर। पूर्वांचल व्यापार मंडल के तरफ से होली पर के अवसर पर मंगलवार को देर शाम नगर के तिलक चौक पर महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया ! इसमें कवियों ने अपने तरफ से मौजूद लोगों को हास्य व्यंग कटाक्ष खुब हंसी लगाई ! पूर्व नगरपालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा के संयोजन में सम्पन्न हुआ ! होलिका वंदना के साथ महामूर्ख कवि सम्मेलन का शुरुआत हुआ ! उसके बाद मंचासीन कवियों ने राजनीतिक दलों व डॉक्टरों और अन्य लोगों पर एक से बढ़कर एक कविता प्रस्तुत किया ! मौजूद श्रोताओं ने खुब ठहाके लगाए ! संचालन कर रहे विजय प्रकाश पांडेय ने अपने संचालन के माध्यम से बैठे मंचासिन अतिथि को पुष्प मला से स्वागत किया । इस दौरान आयोजन के संयोजक और पूर्वांचल व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी,मुख्य वक्ता और पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महंत गोपाल दास,वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश दुबे,श्री राघव शरण मिश्रा,ब्रिज किशोर पांडेय,आकाश महेश पुरी,दुर्गेश,संतोष वर्मा,सेराज अहमद,मोहन सिंह पटेल,पप्पू सोनी गोपाल रौनियार,स्व.रामचंद्र उपाध्याय,स्व.विध्या प्रकाश पांडेय स्व. डॉ.के.यन. सिंह आदि लोग मौजूद रहे !

## पर्वतारोही सूर्य प्रताप को नपाध्यक्ष ने किया सम्मानित

कुशीनगर । जनपद के पडरौना नगरपालिका परिषद के बाबा सिद्धनाथ नगर वार्ड के पकड़ी निवासी महेंद्र मिश्र के पुत्र सूर्य प्रताप मिश्र द्वारा अफ्रीकी महाद्वीप की सर्वोच्च पर्वतीय चोटी पर भारत का तिरंगा फहराने पर नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल ने उनके घर जाकर अंगवस्त्र दे सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि सूर्य प्रताप मिश्र ने अफ्रीकी महाद्वीप के तंजानिया में स्थित बीस हजार फिट ऊची ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारो पर तिरंगा फहराया है। यह विश्व का चौथा सबसे ऊंचा ऊंचा पर्वत भी है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि पर्वतारोही सूर्य प्रकाश मिश्र द्वारा किये गए इस ऐतिहासिक कार्य से कुशीनगर जनपद सहित उत्तरप्रदेश और भारत देश का नाम भी रोशन हुआ है। भविष्य में उनकी आगामी पर्वतीय यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने इस उपलब्धि को मील का पत्थर करार देते हुए युवाओं के लिए सूर्य प्रताप को प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां वर्तमान युवा पीढ़ी मोबाइल गेम में उलझ रही है वहीं दूसरी तरफ जनपद के युवा सूर्य प्रताप ने युवा समाज को देश का नाम रोशन करने के प्रति प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है।

इस अवसर पर प्रमुख अशोक जायसवाल, नीरज मिश्रा, आलोक विश्वकर्मा, शशिकांत मिश्रा, विनय मद्धेशिया धर्मदेव सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सपा नेता जमीरउल्लाह की बिगड़ी तबीयत, दिल्ली रेफर

अलीगढ़। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता हाजी जमीरउल्लाह की बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें हार्ट अटैक की शिकायत पर जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि हाजी जमीरउल्लाह सपा से दो बार के विधायक रहे चुके हैं और शिवपाल यादव के बेहद करीबी हैं। उनकी तबीयत बिगड़ने की जानकारी पर सपा नेताओं ने जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

# प्रेमी के इश्क में डूबी महिला ने पति के खून से रंगा अपना हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, पुलिस ने सनसनीखेज वारदात का किया राजफाश

शाहजहाँपुर/बंडा। विवाह के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना का बुधवार को पुलिस ने राजफाश कर दिया। पत्नी ने अपने पति की बड़ी ही बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या की वजह पत्नी का गैरमर्द के साथ अवैध संबंध हैं। वारदात के बाद पत्नी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सकी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी महिला और उसके आशिक को गिरफ्तार कर लिया। बंडा थाना क्षेत्र ददिउरी गाँव में युवक की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने इस मामले में पत्नी के साथ उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना बंडा के ददिउरी गाँव में 23 मार्च को राजीव की उसके घर पर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस ने राजीव की पत्नी भागवती और गाँव निवासी प्रेमी सनोज पुत्र महेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उक्त आरोपियों ने संयुक्त रूप से राजीव की हत्या की बात स्वीकार की। दोनों ने बताया की राजीव हम दोनों के अवैध सम्बन्धों के बीच मे बाधा बना हुआ था। राजीव ने भागवती के सनोज से मिलने पर पाबंदी लगा दी थी। इस पर दोनों ने राजीव की हत्या करने का मन बना लिया था और दोनों ने हत्या की योजना बनाई और इसी योजना के तहत सनोज ने राजीव को शराब पिलाकर उसके घर पर छोड़ गया और पूर्व योजना के अनुसार ही राजीव के घर में सुबह 03.00 बजे दोनों ने मिलकर राजीव के गले मे दुपट्टा का फंदा कसकर और हाथ से गला दाबकर राजीव की हत्या कर दी। जब दोनों को पता चला की पुलिस उनको ढूंढ रही है तो गाँव छोड़कर बाहर जाने के लिए निकले लेकिन पुलिस ने रास्ते से गिरफ्तार कर लिया और दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सकुशल सम्पन्न हुआ होली का पर्व

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

कुशीनगर।होली का पर्व सोमवार व मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। विभिन्न गांवों, शहर सहित चौराहो पर लोगो ने धूमधाम से होली मनाई और गुलाल व रंग लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।इस बार होली लोगो ने दो दिन खेला।

कसया पुलिस ने पूरे थाना क्षेत्र मे मुस्तैद रहकर होली का त्यौहार सकुशल संपन्न कराया।थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी गांवो (सपहा,भरौली,प्रेमनगर, पिपरा, लक्ष्मीपुर,खेसारी गिदहा,कुड़वा, मैनपुर, बाड़ीपुल) सहित नगर,चौक-चौराहो पर होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।जगह-जगह लोगों एक दूसरे का गुलाल लगाते दिखे।पूरा नगर होली के रंगों में डूबा रहा है।इस मौके पर पुलिस प्रशासन भी किसी भी अप्रिय घना न हो इसके लिए पूरी तरह मुस्तैद रहा।रंगोत्सव होली पर पुलिस



ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए थे।होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस देर रात तक सड़क से लेकर चौक चौराहो सहित विभिन्न जगहों पर तैनात रही। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।रविवार को होलिका दहन वाले स्थानों पर भी फोर्स मुस्तैद रही। सोमवार व मंगलवार को होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस सुबह से लेकर देर रात व अगले दिन तक अलर्ट रही।थानाध्यक्ष कसया गिरिजेश उपाध्याय सुरक्षा के मद्देनजर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे व मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।इस दौरान चौकी इंचार्ज हाईवे बबलू कुमार, चौकी इंचार्ज कस्बा गौरव श्रीवास्तव,एसआई संदीप यादव,एसआई सभाजीत सिंह, कांस्टेबल शेरबहादुर सिंह, उमेश सिंह, कृष्ण पाण्डेय, अजीत सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# यज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा, दो हजार श्रद्धालु हुए शामिल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

पडरौना,कुशीनगर । नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर दस वाल्मीकि नगर (बरवां जंगल)में नौ दिवसीय श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। गाजे-बाजे और हाथी घोड़ों के साथ निकले इस कलश यात्रा में 2,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा को लेकर बुधवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का महायज्ञ स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया था ।सुबह दस बजे मुख्य अतिथि रजनीकांत मणि त्रिपाठी व यज्ञ आचार्य पंडित घनश्याम उपाध्याय के नेतृत्व में विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश यात्रा प्रारंभ हुआ ।कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर



अलावलपट्टी,धन्नीपट्टी,हतवा,अन्ध्या, मठिया टोला, मल्लूडीह, प्रेमवलिया होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि सनातन संस्कृति को लेकर हिन्दू जनमानस में गतिविधियां बढ़ी है। इस प्रकार की यात्रा धर्म के प्रति जन जन के आस्था का शुभ संकेत है। शोभा यात्रा देखते बन रही थी इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती पिंकी सिंह व डा0 खगेन्द्र प्रताप सिंह, मंजीत पाठक, राकेश जायसवाल, कृष्ण कुमार, गजेन्द्र प्रताप सिंह,उदय नारायण सिंह,कमल किशोर कुशवाहा,बिरेश सिंह,प्रेम यादव, सभासद सुभावती देवी, राधेश्याम यादव, मुन्ना शर्मा, अवधेश श्रीवास्तव, सुमंत सिंह, भोलानाथ मिश्र, सिद्धेश्वर शाही, बिनोद गुप्त, सत्येन्द्र सिंह, अनुराधा सिंह, अनामिका पाठक, दुर्गावती,सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीईओ ने निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वीडियो निगरानी की टीमें घूम रहीं हैं उनकी




प्रॉपर लोकेशन लेते रहें। टीमों द्वारा चेकिंग किए जा रहे वाहनों की फुटेज भी लेने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। शिकायत कंट्रोल रूम में 1950, सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि निगरानी विशेष ध्यान रखा जाए जनपद में कहीं पर भी चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय से करते हुए शिकायत पंजिका में भी दर्ज किया जाए। कंट्रोल रूम की टीम सतर्क होकर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि सुनिश्चित करें कि कंट्रोल में लगे समस्त कार्मिक समय से उपस्थित होकर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित रहता है तो संबंधित विभागाध्यक्ष को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। फतेहपुर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान(01 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक) एवं दस्तक अभियान(10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक) की द्वितीय बैठक जिलाधिकारी महोदया श्रीमती सी. इंदुमती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बाल विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, चिकित्सा शिक्षा को जो दायित्व सौंपे गए है आपस में समन्वय बनाते हुए टीम भावना के साथ अभियान को सफल बनाए। साथ ही किये गए कार्यो का सूचना विभाग के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी कराये। अभियान का जो मैक्रोप्लान बना हैं, के अनुसार कार्य किया जाय। उपजिलाधिकारी तहसील स्तरीय अधिकारियों /कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनके दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी



दे एवं सम्बंधित एम0वाई0सी0 कार्य मे निगरानी रखते हुए रिपोर्ट से अवगत कराएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संचारी रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में विशेष अभियान चलाते हुए सभी कार्यों को पूर्ण करने एवं आम जनमानस को संचारी रोगों से बचाव/रोकथाम के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्र व जिला पंचायतराज अधिकारी को समस्त ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से साफ सफाई कराने, नालियों एवं रिक्त स्थानों पर जलभराव की समस्या की स्थिति का समाधान कराने के निर्देश दिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों को कटवाते हुए फागिंग कराने एवं एंटीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों विद्यालयों, पंचायत परिसर में मच्छर विकर्षी पौधों (लेमन ग्रास,सिट्रोनेला ग्रास, तुलसी आदि को रोपित किया जाय। उन्होंने जागरूकता संबंधी पम्पलेट को सरकारी भवनों यथा प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक शौचालयों तथा हैल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्रों पर चस्पा करने के निर्देश दिए। समस्त विभागों को संचारी एवं दस्तक अभियान के दौरान कृत कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों अथवा क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्ति पाए जाय तो उनके घर के प्रमुख जगह पर स्टीकर लगाए साथ ही चिकित्सा परामर्श दे और बुखार के रोगियों की सूची, आई0एल0आई0(इन्फ्लूएंजा लाईक इलनेस)रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की सूची, कुष्ठ रोग, फलेरिया रोग एवं कालाजार रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की सूची बना ले साथ ही नागरिको से संचारी रोगों के नियंत्रण, की जानकारी भी साझा करें। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संचारी/संक्रामक रोग ऐसे रोग है जो एक रोगग्रस्त व्यक्ति से दूसरे स्वास्थ्य व्यक्ति में दूषित भोजन, जल के प्रयोग से तथा कीटों, जानवरों आदि के सम्पर्क में आने से फैलते है। ये विभिन्न रोगजनित कारकों जैसे-प्रोटोजोआ, कवक,जीवाणु, विषाणु इत्यदि होते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री पवन कुमार मीना, उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 इस्तियाक अहमद, सीएमएस पुरुष, जिला मलेरिया अधिकारी डा0 सुजाता ठाकुर, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शिवपूजन द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री साहब सिंह यादव, नगर पालिका ईओ सदर, खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

# हरिओम रस्तोगी के नेतृत्व में फूलों की होली का आयोजन किया गया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

फतेहपुर । चौक रस्तौगीगंज के शिव मंदिर में होली के मौके पर फूलों की होली खेली गई हरिओम रस्तोगी के नेतृत्व में फूलों की होली का आयोजन किया गया कार्यक्रम में रस्तोगी समाज की महिलाओं ने पर चढ़कर हिस्सा लिया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेली गई इस मौके पर मोनू रस्तोगी विपुल रस्तोगी मनीष रस्तोगी गोपाल रस्तोगी श्रेष्ठ रस्तोगी अतुल निखिल श्रीमती सुनीता रस्तोगी सपना रस्तोगी रुचि कंचन मोनिका आदि लोग मौजूद रहे इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट स्थित कालोनी में महिलाएं व बच्चों ने डीजे की धुन पर महिलाएं और बच्चों ने खूब गुलाल और रंग एक दूसरे को लगा करके होली खेली गई इसी तरह मुलायम तो ला पर मोहल्ले के बच्चों द्वारा होली के मौके पर मटकी फोड़ते और एक




दूसरे को रंग को रंग व अबीर लगाते हुए हुए होली खेली आज शहर में विभिन्न जगहों पर होली बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ होली खेली गई इस मौके पर मोहल्ले के बच्चे और महिलाएं सभी लोग मौजूद रहे।

# थाने और चौकी की बीच फुटबॉल बनें हुए है फरियादी




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। उत्तर प्रदेश में माफियाओं और बदमाशों के खिलाफ सख्ती से पेश आने वाले सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशाओं पर सरकारी मशीनरी पलीता लगाने में जुटी है।यही वजह है कि फरियादी थाने व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर काट रहे है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।अगर मामला सुना भी गया तो राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पाता। यही वजह है कि फरियादियों का थानों से विश्वास उठता जा रहा है।सरकारें बदली लेकिन थानों में न राजनीतिक हस्तक्षेप बंद हुआ और न ही दलालों का वर्चस्व। लिहाजा लोगों को अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक के दफ्तर जाना पड़ रहा है।एसपी दफ्तर ही नहीं लोग योगी के जनता दरबार में भी फरियाद लगा रहे हैं।शासन जन सुनवाई को लेकर काफी गंभीर है। फरियादियों को अपनी समस्याएं लेकर बेवजह अफसरों के पास दौड़ न लगानी पड़े, इसके लिए समाधान दिवस आयोजित किए जाते हैं, फिर भी लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता। अक्सर देखा जाता है कि जब पीड़ित व्यक्ति थाने पर जाता है तो उसकी सुनवाई नहीं हो पाती। पुलिस उसका शिकायती पत्र ले तो लेती है, लेकिन इसका उपयोग अक्सर दूसरे पक्ष से आर्थिक लाभ लेने में करती है। इससे पीड़ित व्यक्ति को न्याय नहीं मिल पाता है। यहां तक कुछ मामले ऐसे भी सामने आए हैं,जिनमें पुलिस शिकायतकर्ता के विरोध में ही गलत रिपोर्ट लगाकर भेज देती है। इससे पीड़ित व्यक्ति न्याय पाने के लिए भटकता रहता है। हालात यह हैं कि अब लोगों को सीओ व अपर पुलिस अधीक्षक स्तर से न्याय मिलने का भी भरोसा समाप्त हो गया है। पीड़ित को आस रहती है कि यदि वह पुलिस अधीक्षक से मिलेगा तो उसे न्याय मिल सकता है। इसी उम्मीद को लेकर पीड़ित व्यक्ति पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के चक्कर काटता रहता है। एसपी दफ्तर के जांच शिकायत प्रकोष्ठ के आंकड़ों पर यदि गौर करें तो प्रतिदिन 80 से 120 तक प्रार्थना पत्र आते हैं।इनमें सर्वाधिक शिकायतें सदर कोतवाली,देहात कोतवाली, मनकापुर कोतवाली,कर्नलगंज कोतवाली व तरबगंज थाना क्षेत्र की होती हैं।

### जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा के मामले अधिक

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आने वाली शिकायतों पर यदि गौर करें तो अधिकतर मामले जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा से जुड़े होते हैं।जमीन के विवाद राजस्व विभाग से जुड़े होने के कारण पुलिस इन विवादों के निस्तारण में लाचार नजर आती है।पीड़ित को लगता है कि पुलिस मामले को जान बुझकर टाल रही है।

### योगी का नहीं है अधिकारियों में खौफ

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहाँ एक तरफ अधिकारियों को जन शिकायत निस्तारण को लेकर बैठकों में भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हैं और उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने की बात कहते हैं। यहां तक कि लापरवाही करने पर दंडित करने की बात कहने में भी कोई गुरेज नहीं करते, लेकिन जिले के अधिकारियों व थानेदारों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है।एसपी नें अभी हाल में क्राइम बैठक में ही जनशिकायतों के निस्तारण करने पर जोर दिया था, लेकिन उनके दफ्तर पर आई शिकायतों के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि थानों पर अधिकारी जिम्मेदारी के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण नहीं करते।थानों मे राजनीतिक हस्तक्षेप और दलालों का वर्चस्व सरकार चाहे जिस पार्टी की रही हो, लेकिन थाने दलालों से मुक्त नहीं हो पाए हैं।राजनीतिक हस्तक्षेप का आलम यह है कि अक्सर नेता उत्पीड़न करने वालों और आपराधिक तत्वों के पक्ष में पैरवी करते नजर आते हैं।पीड़ित व्यक्ति को खुद ही अपनी लड़ाई लड़नी पड़ती है।यही हाल दलालों का भी है।वे भी अपराधियों की तरफदारी करके मोटी कमाई करते और कराते हैं। इससे पीड़ित पक्ष को थाने से निराशा हाथ लगती है।

# रूपईडीहा कैंप कार्यालय पर हुई नमामि गंगे प्रकल्प की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा स्थित नमामि गंगे प्रकल्प की बैठक रुपईडीहा तिराहा स्थित कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुआ। आयोजित बैठक में संगठन प्रतिनिधियों ने जल पर्यावरण संरक्षण को मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सीमाई इलाकों में अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण एवं उनके संरक्षण की कार्ययोजना बनाई तथा संगठन का विस्तार भी किया।

नमामि गंगे प्रकल्प की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) व प्रकल्प संरक्षक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि संगठन की ओर से सीमावर्ती इलाकों के मठ मंदिर विद्यालय चिकित्सालय एवं नदी सरोवर के तटीय इलाकों में हरिशंकरी व पंचवटी प्रजाति के अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण व उनके जन-सहयोग से संरक्षण की दूरगामी योजना बनाई जा रही है।

प्रकल्प संरक्षक ने आवाहन करते हुए कहा की हम सब का दायित्व है कि जल संरक्षण के लिए कुआँ, सरोवर व तालाबों व को संरक्षित किया जाए तथा तटीय इलाकों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का ही रोपण किया जाए। समाजसेवी शेर सिंह ने रुपईडीहा में अमृत पेय जल योजना में अकारण बाधा पहुचाने वाले विभागीय कर्मियों तथा अधिकारियों पर प्रभावी कार्यवाही की मांग की तथा वृक्षारोपण महाअभियान में हर सम्भव सहयोग का वायदा किया। विकासखण्ड संयोजक चंद्र प्रकाश मिश्र ने संगठन की ओर से चलाए जा रहे वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण महाअभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए गाँव-गाँव में चौपाल आयोजित करने की बात कही। नेपाल से आये पर्यावरण विद मनोज राजा श्रीवास्तव ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए दोनों देशों के समाजसेवियों व पर्यावरण विदों के साथ साझा कार्ययोजना बनाए जाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक अनिल वर्मा ने किया तथा अध्यक्षता शिक्षाविद बृजनरेश श्रीवास्तव ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान नेता यशवंत वर्मा, डॉ0 हरिश्चंद्र, शेरू वर्मा, राकेश कुमार व विकासखण्ड प्रकल्प संरक्षक मनीराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने सदर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले कई बूथों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।जिलाधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय जानकीनगर,प्राथमिक विद्यालय खिरौरा मोहन,माडल प्राथमिक स्कूल मुण्डेरवा कला, प्राथमिक विद्यालय मुण्डेरवा माफी, प्राथमिक विद्यालय पण्डरीकृपाल तथा प्राथमिक विद्यालय इन्द्रापुर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों में मूलभूत सुविधाओं बिजली,शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प, साफ-सफाई,छाया व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को कड़े निर्देश दिए हैं कि मतदान से पहले सभी पोलिंग बूथों में साफ सफाई तथा मतदाताओं के आने-जाने हेतु सुगम रास्ता एवं लाइट, पानी, सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं तैयार करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों पर मिली कमियों को एक सप्ताह के अन्दर सही कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये हैं।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अवनीश त्रिपाठी, तहसीलदार सदर देवेंद्र कुमार ,नायब तहसीलदार अनुराग पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर,खण्डशिक्षा अधिकारी झंझरी समय प्रकाश पाठक, खण्डशिक्षा अधिकारी पण्डरीकृपाल शशांक, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल,ग्राम प्रधान तथा बीएलओ सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। कन्ट्रोल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सी-विलिज, हेल्पलाइन नम्बर 1950 पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को परखने के लिए शिकायतकर्ता रोली, ऋषभ जायसवाल, पुष्पा देवी, विनोद कुमार, तौसीफ व छाया सिंह इत्यादि से मोबाइल पर वार्ता करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। ईपिक न प्राप्त होने के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि डाकघरों से समन्वय कर मतदाताओं को ईपिक की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह व उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा मौजूद रहे।

# रेलवे लाईन के किनारे मिला युवक का शव,मचा हड़कंप

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के अमवा जंगल के बीच मनकापुर-अयोध्या रेल लाईन के किनारे बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ललकपुर गांव के मजरा छिटई जोत के रहने वाले रोहित वर्मा उम्र करीब 22 वर्ष के रूप में हुई है। उसकी बाईक भी रेल लाईन से पांच सौ मीटर दूर खड़ी मिली है।परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की छानबीन में जुटी है।

# रविवार को खुले रहेगें कोषागार

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तिम दिवस 31 मार्च 2024 को रविवार (राजकीय अवकाश) होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा रविवार 31 मार्च 2024 को कोषागार तथा शासकीय कार्य करने वाली बैंक शाखाओं सामान्य दिनों की भांति खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

# अली अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस पर मजलिस व शबीह ए ताबूत के जुलूस का आयोजन

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के शिया बाहुल्य इलाकों अमहट गोराबारिक, तुराबखानी, अलीगढ़ अलीनगर, ऊँचवा, मेड़ई खॉ का पुरवा, भाईं, लौहरदक्षिण, पीथापुर, हसनपुर, मनियारपुर, जूडूपुर प्रतापपुर मनियारी खैराबाद, करौंदिया, चुनहा, माल्हा, सजैया, सैदपुर,चीनी मिल, हयातनगर, कोटवा, सुरौली, मूँगर, प्यारेपुर, बेलहरी, कादीपुर, लुसहा, सैदखानपुर, वलीपुर, कारीभीत, इसौली, धौरहरा आदि इलाकों में हर साल की तरह इस साल भी हजरत अली अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस के मौके पर 29मार्च से 1अप्रैल तक सभी शिया इलाकों मे मजलिस व शबीह ताबूत का जुलूस निकाल कर शोक मनाया जायेगा। खास तौर से 29 मार्च 2024 को शिया जामा मस्जिद अमहट में रात 8बजे एक मजलिस होगी, इसके बाद शबीह ताबूत का जुलूस उठ कर हुसैनिया नौतामीर अमहट पर रात 12बजे खत्म होगा। 31मार्च को हुसैनिया बख्शी खॉ अमहट में रात 8बजे मजलिस होगी।और शबीह ताबूत का जुलूस उठकर अमहट चौराहे होता हुआ जामा मस्जिद अमहट पर रात 11 बजे समाप्त होगा। 1अप्रैल को दिन में एक बजे शिया जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस होगी। इसके बाद शबीह ताबूत का जुलूस उठकर हुसैनिया नौतामीर अमहट पर लगभग 4बजे दिन में समाप्त होगा। जिसमें अमहट की सभी अंजुमनें नौहा मातम करेंगी याद रहे यह जुलूस उस याद में निकाला जाता है कि हजरत अली अलैहिस्सलाम के शासन काल में उनकी राजधानी इराक के शहर कूफा को बनाया गया था।उनके शासन काल मे गरीबो का खास खयाल रखा जाता था। उनके खजाने हर वक्त गरीबों के लिए खुले थे। उनकी हुकूमत इन्साफ पसन्द थी, सभी को समान अधिकार प्राप्त थे, उनके कार्य से जनता सुकून महसूस करती थी हज.अली अलै.इतने बहादुर थे कि किसी भी जंग में कभी हारे नही, ऐसी स्थित मे दुशमनो ने एक शाजिश बनाकर 19रमजान की सुबह मौला अली कूफ़े की मस्जिद में नमाज पढ़ा रहे थे कि एक जालिम जिसका नाम अब्दुल रहमान इब्ने मुलजिम था,जैसे ही अली ने सजदे से सर उठाया उसने जहर से बुझी हुई तलवार से नमाज की हालत में सरपर मार दिया, जिससे अली जख्मी हो गये उनको उनके घर लाया गया।जहॉ पर 21रमजान सन 40हिजरी की सुबह अली की शहादत हो गयी, यह दुनिया की पहली आतंकवादी घटना थी और मौला अली को नजफ शहर में सिपुर्दे खाक किया गया। उसी याद को ताजा करने के लिए हर साल मजलिस और जुलूस का आयोजन कर शोक मनाया जाता है।

# डिस्ट्रिक कांट्रेक्ट सेंटर पर शिकायतें दर्ज करा सकता है प्रत्याशी, तत्काल होगी कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मीरजापुर। लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सी-विजिल एवं ई-सुविधा पोर्टल, सिंगल विंडो सिस्टम, एनजीआरएस आदि काउंटरों पर किए जा रहे कार्य प्रक्रिया का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों से कम्प्यूटर पर दर्ज शिकायतें व अन्य प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की।जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। सम्बन्धित रजिस्टरों का निरीक्षण कर चुनाव प्रचार, विज्ञापन, पेड न्यूज, पोस्टर बैनर आदि के बारे में जाना। सी-विजिल, ई-सुविधा पोर्टल के सम्बन्ध में बताया। उन्होंने कहा कि इसका उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन करने वाले की पहचान करने तथा उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए किया जाता है। आचार संहिता का उल्लघंन चुनाव के दौरान मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमति समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने आदि से सम्बन्धित है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस एप का उपयोग करके कोई भी नागरिक लाइव फोटो व वीडियो खींचकर भेज सकता हैं जिस पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। उन्होंने ड्यूटी में लगे कर्मचारियों से कहा कि इन एप पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि एकल काउंटर सुविधा के निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों व अभ्यर्थियों के जनसभा, रैली, जुलूस, वाहन आदि से सम्बन्धित अनुमति लेने के लिए सेल संचालित की गई है।

# आईआईटी कानपुर ने भविष्य के वित्त क्षेत्र के पेशेवरों को तैयार करने को नई ई-मास्टर डिग्री की शुरुआत

## जुलाई 2024 से शुरू होने वाले बैच के लिए 31 मार्च तक करें आवेदन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने भविष्य के वित्त क्षेत्र के पेशेवरों को तैयार लिए तैयार करने के लिए नई ई-मास्टर डिग्री की शुरुआत की है। यह जानकारी बुधवार को मीडिया प्रबंधन की भाविशा उपाध्याय ने दी।

उन्होंने बताया कि पिछले समूहों की सफलता के बाद आईआईटी कानपुर क्लाइमेट फाइनेंस, बिजनेस फाइनेंस, फिनटेक और क्वांटिटेटिव फाइनेंस में अपना ई मास्टर्स डिग्री कार्यक्रमों के नए बैचों के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। ये कार्यक्रम भविष्य के लिए वित्त क्षेत्र के पेशेवरों को तैयार करने और वित्त उद्योग में कुशल प्रतिभा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। 1-3 वर्षों के भीतर ई-मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम को पूरा करने की समयावधि, इसे कामकाजी पेशेवरों के लिए एक अद्वितीय और पसंदीदा विकल्प बनाता है। इसके अलावा, इन कार्यक्रमों में चयन के लिए ब्क्ष्ड्व स्कोर की आवश्यकता नहीं है।

वित्तीय प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में ई-मास्टर्स पारंपरिक वित्त के साथ फिनटेक का मिश्रण करते हैं, जिससे पेशेवरों को वित्त पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव की गहरी समझ मिलती है। क्वांटिटेटिव फाइनेंस और रिस्क मैनेजमेंट में ई-मास्टर्स अनुसंधान और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से रिस्क मैनेजमेंट कौशल में सुधार करने पर केंद्रित है। प्रस्तावित ई मास्टर्स कार्यक्रम पेशेवरों को इन उद्योगों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आधुनिक कौशल से लैस करते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद में विश्व स्तर पर 5वें स्थान पर है, जो कि महत्वपूर्ण विदेशी निवेश और सुधारों के कारण तेजी से विकसित हो रही है। भारत में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है और इसका विस्तार जारी रहने का अनुमान है। 2023 में 59.66 बिलियन डालर से 2024 में 66.61 बिलियन डालर की आश्चर्यजनक वृद्धि का संकेत देने वाले अनुमानों के साथ इस वृद्धि में योगदान देने वाले कारकों में इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि, फिनटेक कंपनियों का उदय, ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताएं और सख्त नियम शामिल हैं।आगे आने वाले समय में, बढ़ती आय, सरकारी पहल और डिजिटल एकीकरण के कारण भारत का वित्तीय क्षेत्र 2035 तक बढ़ने की उम्मीद है। यह भारत को वित्तीय नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

# जश्ने मुकम्मल कुराने पाक बड़ी धूमधाम से मनाया मनाया गया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।नगर के मोहल्ला रजागंज खानकाहें नूरिया रजविया में 15 वें रमजान उल मुबारक के मौके पर देररात जश्ने मुकम्मल कुरान ए पाक मनाया गया।जश्न का आगाज कुरान ए रब्बानी के साथ हुआ। जिसमें रसूले पाक की बारगाह नात ओ मनक्बत और सलात व सलाम का नजराना पेश किया गया। खानका ए रजविया मे रमजान की ख़ास नमाज तरावीह में मुकम्मल कुरान ए पाक सुनने का सर्फ हासिल किया।जहाँ तरावीह में कुरान सुनाने वाले हाफ़िज़ शाहिद और समाती देने वाले हाफिज नजमुल हसन ने माहे रमजान करीम की शान बयान करते हुए कहा कि इस खास महीने में हमें ज़्यादा से ज़्यादा इबादत करना चाहिए।सारे बुरे कामो से बचना चाहिए उन्होने कहा सदकये फितर और ऐतकाफ की फ़ज़ीलत पर रोशनी डाली।गरीब भाईयों की ईद की खुशियों में शामिल करने का सबसे अच्छा जरिया सदकये फितर देकर उनकी मदद करनी चाहिये।मुकम्मल कुरान पाक के बाद हाफिज शाहिद ने कहा की कुरान मुसलमानों के लिये सीधी राह दिखाने का जरिया हैं।खुशनसीब हैं।वो लोग जो क़ुरान हाफ़िज़ हैं। उन्होंने ने कहा कि रमज़ान का महीना रहमतों वाला हैं।रमज़ान महीने में शब-ए-कद्र की रात में अल्लाह की इबादत कर हमें अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने रमज़ान को अपना महीना करार दिया हैं।इसी महीने में कुरान नाज़िल हुआ, इसलिये रमज़ान और कुरान का आपस में गहरा रिश्ता हैं।बयान करते हुए कहा कि रमजान उल मुकद्दस का महीना बड़ा बरकत वाला है।इसमें अल्लाह के बंदे ज्यादा से ज्यादा रोजे रखें।उन्होंने कहा कि इस वक्त हम मुसलमानों का अल्लाह त-आला सख्त इम्तिहान ले रहा है। जो भी मुसलमान बंदा इतनी शिद्दत व गर्मी में रोजे रखता है।अल्लाह त-आला उसकी हर जायज मुरादें पूरी कर देता है और उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं।इसलिए मुसलमानों को चाहिए रमजान मुकद्दस के महीने में ज्यादा से ज्यादा रोजे रखें और कुरान की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करें।

# खुलेआम ओवर रेट बिक रही गोण्डा में शराब




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। शराब बिक्री के नाम पर आबकारी विभाग खुलेआम लोगो को लूट रहा है क्योंकि निर्धारित दर से अतिरिक्त पैसा लेकर शराब भट्टी में शराब बेची जा रही है शिकायत पर कोई सुनने वाला नहीं और नही कोई कार्यवाही करने वाला जिससे अब शराब पीने वाले भी शिकायत कर थक चुके हैं।हम शराब पीने वालो की समर्थन कर रहे और नही उन्हे बढ़ावा दे रहे क्योंकि शराब पीना और उसे समर्थन करना दोनो सेहत और समाज के लिए हानिकारक है मगर इस तरह सरकारी दुकान के नाम पर लूट मचाने वाले को छूट भी नही दिया जा सकता क्योंकि गलत तो आखिर गलत है इस पूरे मामले में सबसे दुर्भाग्य कि बात ये है की शासन द्वारा संचालित सरकारी दुकानों में खुलेआम 10 से 20 रूपये की अतिरिक्त वसूली शराब दुकान के सेल्समैन द्वारा की जाती है या पूरा खेल सिस्टम का है।सूत्र बता रहे है कि ऊपर के अधिकारियों के निर्देश पर ही पूरे जिले में ओवर रेट पर शराब बेची जाती और जो सेल्समैन कहना नहीं मानते उन पर गाज गिर जाती है।अधिकारियों के निर्देश पर शराब भट्टी के सेल्समैन क्वार्टर अंग्रेजी में 20 देसी में 10 अंग्रेजी के बाटल में 30 रुपया जबकि अध्दि में 10 रुपया हर शीशी में अतरिक्त वसूली करते है जिससे शराब दुकान के कर्मचारी खुलेआम लोगो को लूट रहा है ।

### आबकारी विभाग खुद बिकवाता अवैध शराब : सूत्र

आबकारी विभाग का काम अवैध शराब पर रोक लगाने और कार्यवाही करने का है मगर अपनी ऊपरी कमाई के लिए विभाग ही अवैध शराब की बिक्री कराता है और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति करता है एवम कच्ची शराब पकड़कर खुद की पीठ थपथपाता है।विभाग द्वारा संचालित सरकारी दुकानों से शराब कोचियों को अधिक पैसा लेकर थोक के थोक में शराब बेची जाती है जबकि नियम के तहत एक व्यक्ति को 8क्वार्टर शराब से ज्यादा नही देना है मगर शराब दुकान में अधिक बिक्री के लिए शराब कोचियों को पेटी पेटी शराब बेची जाती है जो गांव में जाकर अवैध शराब बेचते है।वैसे तो जिले में सैकड़ो अधिक शराब दुकान है मगर हर दूसरे गांव में अवैध शराब की शिकायत आम बात है और ये अवैध शराब 90 प्रतिशत शासकीय शराब दुकान से लिया हुआ शराब ही होता है।जबकि दस प्रतिशत कच्ची और बाहर का शराब है जो गांव में बिकता है।जो गांव शराब बेचने वाले कोचिया होते है उनका भी कहना है की वे लोग दुकान दार को अधिक पैसा देता है तब उन्हे शराब मिलती है तो वे भी मजबूर है वहीं रोडवेज बस अड्डे पर खुले आम ओवर रेट में शराब बिक रही है।वही इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी से ओवर रेट की जानकारी ली गईं तो उन्होंने पहले तो बात करने से इनकार कर दिया उसके कुछ देर बाद चलते मन से कहते हैं क्यों परेशान कर रहे हो लोगों को उसके बाद सेल्समैन ने फोन काट दिया।

### शराब के ऊपर रेट के लिए रोज भट्टी में होता है विवाद

पूरे जिले में करीब सैकड़ो से अधिक शराब दुकान है जहा रोज की बिक्री एक करोड़ से अधिक है वही शराब लेने जाने वाले लोगो से खरीदी में निर्धारित मूल्य से सेल्समैन द्वारा हर क्वाटर अध्दी बाटल में ओवर रेट वसूली करता है जिसका विरोध करने पर रोज शराब भट्टी में विवाद की स्थिति निर्मित होती है और कई बार पुलिस को भी स्थिति नियंत्रण में करने शराब दुकान जाना पड़ता है।मगर ओवर रेट कम नही होता क्योंकि ओवर रेट में कमाया हुआ पैसा का पूरी ईमानदारी से सेल्समैन से लेकर अधिकारियो तक आपस में बट जाता है ।

### डंके की चोट पर बेचा जाता है अधिक रेट पर शराब,

वही सूत्र बता रहे है कि शराब लेने वालो की शराब दुकानों में ओटर रेट बेचने वाले सेल्समैन डंके की चोट पर शासकीय दुकान में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचता है।वही लोगो का कहना है की दुकान में शराब बेचने वालो को पूरा निर्देश ऊपर के अधिकारियों का होता है और ये खेल 25 से और 75 प्रतिशत की होती है 25 और 75 का मामला को हम आपको समझाते है जितना भी अतरिक्त पैसा शराब बिक्री की होती है उसमे 25 प्रतिशत पैसा दुकान के सेल्समेनो में बाटा जाता है और 75 प्रतिशत राशि ऊपर के अधिकारियों को जाता है जिसके कारण ओवर रेट में शराब बिक्री बंद नही होती।वही दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों का माने तो हर दुकान में कम से कम 50 हजार रुपया दुकान अतरिक्त कमाई होती है जिन दुकानों की बिकरी 6 से 8 लाख की होती है उस दुकान से खर्च काटकर 50 हजार से अधिक राशि अधिकारियो को रोज जाता है ।

# विवाहिता के साथ होली खेलने निकली नाबालिग गायब, मुकदमा दर्ज

औरैया कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के फफूंद थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ नाबालिग किशोरी होली खेलने निकली और शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं हुई। परिजनों ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।नगर के एक मोहल्ला में एक विवाहिता होली का त्यौहार मनाने के लिए अपने पिता के घर आई थी। मंगलवार की शाम को होली खेलने के लिए चचेरी बहन के साथ में मोहल्ला में चली गई। देर शाम तक वापस नहीं आई तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं हुई। परिजनों ने फफूंद थाने में पहुंच कर आज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बुधवार को बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन उमड़ा जनसैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को सर्व समाज को देने का कार्य किया है।हमने मजबूती के साथ बिना भेदभाव के बिना धर्म,जाति पंथ से ऊपर उठकर आम जनमानस तक पहुंचना है।ऐसा रिपोर्ट कार्ड को लेकर चुनाव मैदान में जाना है और आगे बढ़ने का कार्य करना है। हम सभी को लाभार्थी से सम्पर्क करने का भी कार्य करना है,और जिस प्रकार पीएम नरेन्द्र मोदी का नारा है।अबकी बार चार सौ पार,और जिले में नारा है। अबकी बार चार लाख पार के नारे को सार्थक बनाना है।इस महत्वपूर्ण लोकसभा सीट से माननीय कैबिनेट मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी को आप अपना अमूल्य वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने का कार्य करेंगे,हम सबको हर सीट पर पीएम प्रधानमंत्री को मानकर पीलीभीत लोकसभा के प्रत्याशी जितिन प्रसाद को जिताना है।मंचासीन अतिथियों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी,प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्यंसह संतोष सिंह,पीलीभीत लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद,बरेली लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, शाहजहांपुर लोकसभा प्रत्याशी अरूण सागर,जिला प्रभारी गुलशन आनन्द,जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,कैबिनेट मंत्री राकेश सचान,राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार,पूरनपुर विधायक बाबू राम पासवान,विधायक स्वामी प्रवक्तानंद,बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा,ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार,मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह,बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा,बिलसंडा ब्लॉक प्रमुख महिपाल सिंह,पूरनपुर चैयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता, बीसलपुर चैयरमेन प्रतिनिधि निक्की जयसवाल,मझोला चैयरमेन निशांत प्रताप सिंह,स्वतंत्र देवल जिला मीडिया प्रभारी पीलीभीत उपस्थित रहे।

## नामांकन के बाद की चुनावी सभा उपस्थित रहे भाजपा के कई मंत्री,विधायक,ब्लॉक प्रमुख सहित भाजपा के दिग्गज नेता

## लोकसभा चुनाव से पहले सपा को लगा बड़ा झटका कई सपा नेताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



पीलीभीत।लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव को आने में अभी समय है। लेकिन लगातार भारतीय जनता पार्टी अन्य दलों के नेताओं को अपनी पार्टी में जोड़ने का कार्य कर रही है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने दलबल के साथ नामांकन कराया उनके नामांकन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री लोकसभा प्रत्याशी विधायक,ब्लॉक प्रमुख ,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सहित कई भाजपा के दिग्गज नेता मौजूद रहे उनकी मौजूदगी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीप्ति गंगवार ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सामने समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। दीप्ति गंगवार कई बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी है। एवं उनके पति धर्मेश गंगवार भी कई बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

# ब्राह्मण महासभा के मंडल महामंत्री बने अमित मिश्रा सोशल मीडिया पर मिल रही है बधाइयां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश मंत्री तापस मिश्रा ने पूरनपुर नगर निवासी अमित मिश्रा को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा बरेली मंडल के महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। साथ ही अमित मिश्रा को पीलीभीत और बरेली जनपद का प्रभारी भी नियुक्त किया है। अमित मिश्रा लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर किस्सा लेते आ रहे हैं। उनके द्वारा हाईवे पर स्थित पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी मेडिसिन हॉस्पिटल लगातार कई वर्षों से क्षेत्र में सेवा करता आ रहा है। काफी मिलनसार और मृदुल भाषा के धनी अमित मिश्रा को उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश में उनका बरेली मंडल का मंडल महामंत्री नियुक्त किया है। उनके महामंत्री बनते ही जनपद पीलीभीत के ही नहीं बल्कि आसपास जिलों के ब्राह्मणों के उत्थान के लिए कार्य करेंगे।उनकी नियुक्ति की जानकारी जैसे ही ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को हुई तो सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार उनको शुभकामनाएं संदेश प्रसारित करने लगे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## चेयरमैन ने किया होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन



पूरनपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में रहते हुए डॉ. जे.एल. जायसवाल व डॉ. पल्लवी जायसवाल के नवीन प्रतिष्ठान बीबीएल होम्योपैथिक क्लीनिक कोतवाली रोड का उद्घाटन फीता काटकर किया।

इस अवसर पर कल्पना गुप्ता, सलोनी गुप्ता,सीमा गुप्ता, प्रीती अग्रवाल,गीता अग्रवाल, मिनाक्षी खन्ना,चंचल जायसवाल,सुजाता जायसवाल,रौशनी जायसवाल, अपूर्वा खंडेलवाल,भूपेश जायसवाल,राम अवतार शर्मा, ठाकुर प्रदीप मुखिया,विवेक तिवारी उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल ऐप पर करें शिकायत.उप जिला निर्वाचन अधिकारी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने सभी से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।

## किराना की दुकान से हजारों की सामग्री समेत नकदी चोरी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई के राजनगर चौराहा पर स्थित किराना की एक गुमटी से मंगलवार की रात बेखौफ चोरों ने हजारों रुपये की समग्री सहित आठ हजार रुपये की नकदी पार कर दी है। पीड़ित व्यवसाई ने स्थानीय पुलिस को तहरीर सौंपी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे इच्छाराम पंडित मजरे कुटमरा निवासी लवकुश साहू पुत्र राम केवल साहू की तिलोई स्थित राजनगर चौराहे पर किराना की दुकान है वह बड़ी गुमटी में सामान रखकर लम्बे अरसे से लंबे दुकान संचालित कर परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की रात बेखौफ चोरों ने गुमटी के पटरे को काट कर उसमें रखी सामग्री व आठ हजार रुपये की नकदी पार कर दिया।पता चला है कि उसमें रखा अन्य सामानों तक वें नही पहुंच सके। बुधवार की सुबह दुकान आने पर उसे चोरी होने की जानकारी मिली।पीड़ित व्यवसाई ने बताया कि दस दिन पहले भी इसी गुमटी में चोरी हुई थी। मंगलवार की रात को दोबारा अज्ञात चोरों ने फिर इसे ही निशाना बनाया। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि स्थानीय पुलिस अगर पहले ही चेती होती तो दोबारा ऐसी घटनाओं से रोका जा सकता था। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल कराई जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला अधिवक्ता की मौत ननद घायल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना अमेठी क्षेत्र के मुकुटनाथ ताला के पास स्कूटी से बाजार जा रही महिला अधिवक्ता और उसकी ननद को सामने से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी।घटना में महिला अधिवक्ता की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं ननद घायल होकर ट्रक के नीचे आने से बाल बाल गई है।घटना के बाद ट्रक को मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया है।पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के ताला और बारामासी चौराहे के बीच मुकुटनाथ मंदिर के पास का है। जहां बुधवार की सुबह करीब ग्यारह बजे कालू का पुरवा सोनपुर मनकंठ गांव की रहने वाली अधिवक्ता दीक्षा तिवारी पत्नी संदीप तिवारी उम्र अट्ठाइस वर्ष अपनी ननद आरती तिवारी के साथ स्कूटी से अमेठी बाजार जा रही थी। अधिवक्ता दीक्षा तिवारी जैसे ही ताला मोड़ से मुड़कर अमेठी की तरफ जाने लगी तभी सामने से तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दीक्षा ट्रक के नीचे आने से गम्भीर रूप से घायल हो गई जबकि ननद आरती दूसरी तरफ गिरने से मामूली रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में एम्बुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां हालत गम्भीर देखकर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में दीक्षा तिवारी की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़ कर मौके से फरार हैं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू करने के साथ विधिक कार्रवाई करने में जुटी है। महिला अधिवक्ता की सड़क दुर्घटना में मौत पर सेंट्रल बार एशोसिएशन के पदाधिकारियों सहित अन्य तमाम अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# तंबाकू व धूम्रपान जानलेवा है इसे आज ही छोड़े : सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह ने बताया कि तम्बाकू सेवन जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाये, यह स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त ही हानिकारक है। तम्बाकू सेवन से अनेक बीमारिया होती है, जिसमें नपुंसकता/बांझपन एवं कैंसर प्रमुख रूप से है। एन0एफ0एच0एस0-5 के अनुसार उत्तर प्रदेश में धुआरहित एवं धुंआसहित अनेक रूपों में तम्बाकू उपभोग 44.1 प्रतिशत है, जो कि अत्यन्त भयावह स्थिति है जिससे भविष्य में अनेक असंचारी रोगों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) का सफल संचालन एवं सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत समस्त सार्वजनिक स्थान यथा- सभागृह, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रतिक्षालय, मनोरंजन केन्द्र, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थान, लोक परिवहन, पुस्तकालय आदि स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले प्रत्येक मेला/प्रदर्शनी/सार्वजनिक कार्यक्रमों अथवा ऐसे किसी भी कार्यक्रम, जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों के एकत्रित होने की सम्भावना हो, के मुख्य द्वार पर एवं मध्य में कम कम से 02 बैनर/होर्डिंग्स लगायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि ''सी0ओ0टी0पी0ए0-2003 की धारा-4 के अंतर्गत समस्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दण्डनीय अपराध है जिसका उल्लंघन करने पर 200/- रूपये तक जुर्माना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में पोलिंग बूथ को तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने की कार्यवाही की गयी है। उन्होंने समस्त जनसामान्य से अनुरोध करते हुए कहा कि आगामी समस्त चुनावों में जनपद के समस्त मतदान प्रशिक्षण केन्द्रों, मतदान केन्द्रों के 100 गज की परिधि को तम्बाकू प्रतिबंधित क्षेत्र, आमजन को धुम्रपान / तम्बाकू उपयोग से होन वाली हानियों/दुष्परिणामों से जागरूक करने, मतदान केन्द्रों पर बोर्ड / साइनेज जिसमें 'धूम्रपान/तम्बाकू रहित क्षेत्र, यहाँ धूम्रपान करना एक अपराध है।'

# जायस पुलिस ने आधा किलो गांजा के साथ युवक को जेल भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जायस अमेठी। थाना जायस पुलिस ने बादेराय मोड के पास से एक युवक को आधा किलो गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को उप निरीक्षक राजकुमार सिंह मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर शिवकुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी पूरे बादेराय थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब छब्बीस वर्ष को आधा किलो गांजा के साथ राजा दिर्गज में बादेराय मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को गिरफ्तार शिवकुमार के कब्जे से आधा किलो गांजा बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी का कौन है सरगना

जायस अमेठी,लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद की सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है लेकिन नशा के सौदागरों के आगे पुलिस की तिकड़ी धड़ाम होती नजर आ रही है। थाना जायस पुलिस द्वारा आधा किलो गांजा जिस युवक के कब्जे से बरामद किया गया है उसको यह नशीला पदार्थ आखिर कहां से हासिल हुआ और इसका मुख्य सरगना कौन है ? आखिर नशा के सौदागरों तक पुलिस के हाथ क्यों नही पहुंच पा रहे हैं इसका जबाब किसी के पास नही है जबकि अमेठी जनपद में मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है ।

# श्रीमद भागवत कथा के लिये निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शुकुल बाजार अमेठी। विकास खण्ड शुकुल बाजार के ग्राम पूरे भोजा तिवारी में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ होने से पूर्व बुधवार को भक्तो द्वारा गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो गांव स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर से निकल कर कस्बा शुकुल बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर होते हुये रीछघाट गंगा गोमती पर पूजन पाठ करने के बाद कलश लेकर कथा स्थल पर स्थापित किया गया। श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान प्रेमा देवी पत्नी जगदीश प्रसाद, जगदीश प्रसाद पुत्र सत्य नारायण द्वारा श्रीमद भागवत ग्रंथ को सिर पर उठाकर पैदल ऊंट,घोड़े के साथ गांव की महिलाएं कलश लेकर पैदल हनुमान मंदिर तक गई।बुधवार से शुरू हो रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा से पहले मण्डप में पधारे विद्वानो द्वारा कलश पूजन के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन व नन्हे बाल कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई।कथा आयोजक राम उजेरे शुक्ला ने बताया की हरिद्वार धाम से पधारे श्री स्वामी विष्णु विक्रमाचार्य जी महराज द्वारा प्रतिदिन शाम सात बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक भक्तो को कथा का रसपान करायेंगे हवन पूर्ण आहुति तीन अप्रैल को विशाल भण्डारा चाय अप्रैल को होगा।कलश यात्रा मे मुख्य रूप से राम प्रकाश शुक्ला, विश्व प्रकाश शुक्ला, विनय शुक्ला, सोनू, पंकज मिश्रा,मोनू,लाला नंद किशोर शुक्ला पवन शुक्ला सहित सैंकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू प्रकोप एवं हीट वेव से बचाव के लिए जनसामान्य के लिए जारी किए गए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू प्रकोप एवं हीट वेव से बचाव हेतु जन सामान्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके क्रम में उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि कड़ी धूप में बाहर न निकले खासकर दोपहर 12:00 से 3:00 तक के बीच में, जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास ना लगे तो भी पानी पिए, हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें, यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें, अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़ों को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें, अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, घर में बना पेय पदार्थ जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें, जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें, अपने घर को ठंडा रखें पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थ का इस्तेमाल न करें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को ना छोड़े, खाना बनाते समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखे हैं जिससे हवा का आना-जाना बना रहे, नशीले पदार्थ शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें, उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें, बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्यूमीनियम, पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें ताकि बाहर की गर्म हवा को अंदर आने से रोका जा सके, उन खिड़कियों या दरवाजा पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती हैं, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें, बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला ना छोड़े, जहां तक संभव हो घर में ही रहे तथा सूर्य के संपर्क से बचें, सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहे, संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें, घर से बाहर अपने शरीर व सिर

# परिषदीय विद्यालयों में दूध वितरण योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जायस अमेठी। प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत नौनिहालों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिये प्रत्येक बुधवार को दूध वितरित किये जाने का निर्देश दिया गया है।

दूध वितरण की धनराशि मध्यान्ह भोजन योजना के खाते में भेजी जा रही है।इस योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है वह अपनी करतूतों से बाज नही आ रहे है और आला अधिकारी मूकदर्शक बन चुप्पी साधे बैठे हुये हैं।प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को डेढ़ सौ ग्राम व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को दो सौ ग्राम दूध वितरित किये जाने का निर्देश दिया गया है। दूध की खरीददारी के लिये रकम सीधे मध्यान्ह भोजन योजना के खाते में आती रही इस खाते का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान द्वारा किया जाता है।विकास खण्ड बहादुरपुर के परिषदीय विद्यालयों,कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सहित कई सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों को दूध वितरण किया जाना चाहिये लेकिन यहां के अधिकांश विद्यालयों में दूध वितरण योजना में छेद ही छेद नजर आ रहे हैं।इस योजना की अगर हकीकत जांचनी व परखनी हो तो आप बुधवार को बहादुरपुर क्षेत्र के किसी भी एक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर लीजिये दूध का दूध और पानी का पानी अलग हो जायेगा।परिषदीय विद्यालयों में छात्र उपस्थित पंजिका पर गौर किया जाय तो कम से कम साठ फीसदी छात्र छात्राएं उपस्थित भी रहती है।

नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बच्चों पर गौर करें तो इतना दूध आखिर कहां से खरीदा जाता है ? इस पर कोई भी अपनी जुबान नही खोल पा रहा है।अगर दूध डेयरी या पशुपालक से खरीदा जाता है तो फिर दूध वितरण का भुगतान उसके खाते में क्यों नही किया जाता है ? इससे ऐसा प्रतीत होता है कि दूध वितरण योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता व धांधली की जा रही है।इस सम्बन्ध में मध्यान्ह भोजन योजना के जिला समन्वयक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में दूध वितरण की जांच करायी जायेगी और लापरवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने अभिवावकों से बुधवार को दूध व सोमवार को फल वितरण पर निगरानी रखने की अपील की है।

# इमाम हसन के जन्मदिवस पर आयोजित हुई महफिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पैगम्बर मोहम्मद के बड़े नवासे हजरत इमाम हसन के जन्मदिन के अवसर पर महफिल का आयोजन हुआ है। जिसमें नौगावां सादात, जौनपुर अयोध्या से आए शायरों ने कलाम पढ़े। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंद जमा हुए थे।

शहर के खैराबाद मोहल्ले में इमाम बारगाह बेगम हुसैन अकबर में मंगलवार को 15 रमजान की रात में महफिल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मौलाना असकरी मेंहदी फैजाबादी ने किया। मौलाना ने बताया इमाम हसन शिया समुदाय के दूसरे इमाम हैं। यज़ीद का बाप जो शाम में हुकुमत करता था उसने इनसे हुकुमत हड़प लिया था। इसके लिए उसने साजिश रची पहले सुलह किया बाद में उससे मुकर गया। जिसकी वजह से वो दीन से ही बाहर निकल गया। उन्होंने ये भी बताया कि यजीद का बाप हजरत अली को मिम्बरों से खुलेआम गालियां दिलवाता था। वो कुरआन और सीरते मोहम्मद को नहीं मानता था। जिसका इमाम हसन ने विरोध किया था। उन्होंने ये भी बताया हजरत अली के दुनिया से गुजर जाने के बाद 10 वर्षो तक हसन दुनिया में रहे फिर उन्हें जहर दिलवाकर यजीद के बाप ने मरवा दिया था। आपको बता दें कि महफिल में ज़मीर सैदपुरी, नातिक गाजीपुरी, हसन फतेहपुरी, शब्बर नौगांवी, जेना जाफराबादी, मुंतज़िर निमोलवी, अमन सुल्तानपुरी व नजर सुल्तानपुरी ने कलाम सुनाया। वही यहां पर मोहम्मद नजीर कर्बलाई, डॉ हादी रजा, आसिम सज्जाद, आलम रिजवी, हाजी मुजाहिद अकबर, शाहिद अकबर आदि लोग मौजूद रहे।

## 30 पदाधिकारियों से बनकर तैयार हुई शहर कांग्रेस की सेना, सूची जारी

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के स्वीकृत व संस्तुति से जनपद सुलतानपुर की शहर कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया। देर शाम शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। शहर कांग्रेस कमेटी ने सिराज सिद्दीकी को मीडिया प्रभारी, अर्श खान लकी को जिला प्रवक्ता, रविकांत त्रिपाठी को सोशल मीडिया की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी में 7 जिला उपाध्यक्ष 7 महासचिव और 13 लोगों को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शहर अध्याय शकील अंसारी ने कहा कि मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है की शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

# तलाक का निर्णय पति पत्नी का परन्तु परिणाम बच्चे को झेलना पड़ता है: शांतिलता कुमारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। राणा प्रताप पी जी कालेज के बीएड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने मन्नू भंडारी कृत उपन्यास आपका बंटी का अध्ययन करने के उपरांत उस पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह, मैडम शांतिलता कुमारी, डॉ सीमा सिंह, डॉ संतोष अंश ने इस उपन्यास के पात्रो से संदर्भित विविध सवाल विद्यार्थियों से किये जिनके विद्यार्थियों ने तार्किक उत्तर दिए। डॉ भारती सिंह ने कहा कि यह उपन्यास एक नई बात, नए विचार, नई भाषा एवं नए भाव-बोध के साथ हिंदी का एक सशक्त उपन्यास है जो आज भी प्रासंगिक है। आपका बंटी उपन्यास बाल मनोविज्ञान पर लिखा एक बहुचर्चित और कालजयी उपन्यास है इसका प्रकाशन 1979 में हुआ। मैडम शांतिलता कुमारी ने बताया कि आपका बंटी' एक कालजयी उपन्यास है. इसे हिंदी साहित्य की एक मूल्यवान उपलब्धि के रूप में देखा जाता है। तलाक का निर्णय सिर्फ पति पत्नी का होता है परन्तु परिणाम निर्दोष बच्चे को झेलना पड़ता है। डॉ संतोष अंश ने कहा कि आपका बंटी उपन्यास एक ऐसी बच्चे की मनो गाथा है जो अपने मम्मी पापा के रिश्तो की डोर है, वह भी उलझा हुआ। मन्नू भंडारी ने जब या उपन्यास लिखा तब तलाक के उतने मामलें नहीं होंगे जितना आज होता है। आज बात-बात रिश्ते टूट जाया करते हैं ,और दूसरी बार हो या पहली बार फिर से रिश्ते जुड़ते भी हैं। लेकिन इन सबके बीच जिसकी जिंदगी सूनेपन की गठरी बन जाती है वह है बंटी यानि बंटी जैसे हमारे समाज मे अनेक बच्चों की। मन्नू जी ने बंटी के माध्यम से उन तमाम बच्चों की मनोदशा का अतुल्य वर्णन किया है जो माता पिता के विखराव के बीच एक मात्र डोर है। इस उपन्यास की खासियत यह है कि यह एक बच्चे की निगाहों से घायल होती संवेदना का बेहद मार्मिक चित्रण करता है।

# राष्ट्रवाद, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थान

भारत में अठारहवीं लोक सभा के चुनाव आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक होने जा रहे हैं। यह न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा आयोजन है और इसका प्रबंधन करना खासा चुनौतीपूर्ण है। 1.4 अरब की आबादी में करीब एक अरब लोग अपने संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए उन लोगों का चुनाव करेंगे जो अगले पांच वर्ष तक उन पर शासन करेंगे। ऐसा अन्य उदाहरण नहीं मिलता और यह सभी भारतीयों के लिए जश्न और गौरव का विषय है। लोकतंत्र के लिए केवल चुनाव पर्याप्त नहीं हैं लेकिन वे इसके लिए अनिवार्य हैं। वे चुने हुए राजनीतिक नेतृत्व को वैधता प्रदान करते हैं ताकि वह शासन कर सके। यह दीगर विषय है कि ऐसे नेतृत्व का समझदारी और जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल किया जाता है या नहीं। लोकतंत्र की अवधारणा छठी सदी ईसा पूर्व के एथेंस में देखी जा सकती है जहां पहली बार जनता के शासन का विचार सामने रखा गया। समय के साथ 'लोगों' की परिभाषा बदलती गई और इस दौरान यह अधिक समावेशी होती गई। जिन लोगों को अपने नेता चुनने का अधिकार था वे संपत्ति धारण करने वाले हो सकते थे। महिलाओं को इससे बाहर रखा गया क्योंकि उन्हें दास माना जाता था। लोकतंत्र का अर्थ समानता नहीं था। बहरहाल, सीमित दायरे में ही सही प्रतिनिधित्व वाली सरकार को राजनीतिक आदर्श के रूप में स्थापित किया गया। इसके विपरीत राष्ट्रवाद अपेक्षाकृत नया विचार है। इसकी जड़ें सत्रहवीं सदी में तलाश की जा सकती हैं जब यूरोप में तीस वर्ष के युद्ध के बाद वेस्टफ़ेलिया का शांति समझौता हुआ था। इससे ऐसे नियम उभरे जो यूरोप के राजनीतिक क्षेत्र पर काबिज सत्ताओं के बीच के रिश्तों का संचालन करने वाले थे। हर सत्ता को मानचित्र पर तय ढंग से अपनी क्षेत्रीय सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना होता था जिसे अन्य देश मान्यता प्रदान करते थे। इन सीमाओं के भीतर राजनीतिक संस्थाओं को अधिकार प्राप्त होते हैं और उनके पास शक्तियों के स्तर पर भी एकाधिकार होता है। इसी आधार पर क्षेत्रीय सीमाओं के भीतर उनके संप्रभु नियंत्रण को पहचाना जाता, अन्य संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान भी किया जाता और इसमें बाहरी हस्तक्षेप नहीं होता। यह इतिहास का सबसे अहम राजनीतिक और वैचारिक घटनाक्रम था। इसके साथ ही राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की अवधारणा पैदा हुई। एक राष्ट्र राज्य की अवधारणा भी मानचित्रों की कला में प्रगति से संभव हुई क्योंकि उसकी बदौलत सटीक सीमांकन संभव हुआ। अपने शुरुआती दौर में राष्ट्रवाद जातीय पहचान और संबद्धता से जुड़ा था। देशों के बारे में अक्सर यही माना जाता था कि वे साझा इतिहास और संस्कृति वाले जातीय समूहों से बने होते थे। राष्ट्रवाद ने ऐसी जातीय पहचानों पर नए सिरे से जोर दिया। परंतु ऐसे देश उदाहरण के लिए फ्रांस और जर्मनी आदि 18वीं और 19वीं सदी में बहु जातीय, बहु सांस्कृतिक और बहु धार्मिक साम्राज्यों के साथ मौजूद रहे। इनमें ऑस्ट्रियन-हंगेरियन और ऑटोमन साम्राज्य शामिल थे। प्रथम विश्व युद्ध के बाद ये कई देशों में बंट गए जो अधिकतर साझा जातीयता पर आधारित थे। रूस इसका अपवाद था जहां 1917 की क्रांति के पश्चात जार के दौर के बहु जातीय और बहु धार्मिक साम्राज्य के स्थान पर सोवियत समाजवादी साम्राज्य तैयार हुआ। यह सात दशक तक बना रहा और फिर इसका भी कई राष्ट्र राज्यों में विभाजन हो गया। ये नए राज्य पुरानी जातीय और सांस्कृतिक पहचानों पर आधारित थे, बस सोवियत संघ का हिस्सा होने के कारण अब उनमें अन्य जातीयताओं के लोग भी शामिल हो गए थे और यह उनके बीच आपसी तनाव की वजह भी बना जैसा कि हमने हाल ही में नगोर्नो कराबाख को लेकर अजरबैजान और अर्मीनिया के विवाद में देखा। बहरहाल कई देश बहु जातीय और बहुधार्मिक भी बन गए और इसके पीछे ऐतिहासिक कारण थे। धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ जातीयता भी लोगों की राष्ट्रीयता में अहम भूमिका निभाती है। एक वास्तविक बहुलतावादी राज्य अधिक हाल की घटना है और इसके सूत्र दूसरे विश्व युद्ध के दौर में तलाशे जा सकते हैं जब बड़े पैमाने पर प्रवासियों ने असाधारण तरीके से राष्ट्रीय सीमाएं पार की थीं और समता के विचार ने जोर पकड़ा।

# लेफ्ट जेएनयू से जेएनयू तक

**हैरानी तो इस बात की है कि जेएनयू के नतीजों पर अपनी राय रखने वाले कुछ माह पहले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजों की पूरी तरह अनदेखी कर गए। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर कब्जा जमाया था। एक पद पर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई को भी जीत मिल थी। जहां सारे जेएनयू में करीब पांच हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के अकेले दयाल सिंह कॉलेज में 8 हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि छात्रों की संख्या के स्तर पर जेएनयू कितना छोटा सा शिक्षण संस्थान है, दिल्ली विश्वविद्यालय की तुलना में। दरअसल वामपंथी विचारधारा और लेफ्ट दल पूरी तरह से भारतवर्ष में अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सब दल तैयारी कर रहे हैं और अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर रहे हैं, वहां लेफ्ट दलों की तरफ से कोई हलचल तक नजर नहीं आ रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में उसे मात्र 11 सीटें ही मिलीं। पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनावों में माकपा या भाकपा को एक भी सीट नहीं मिली। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों ने साफ संदेश दे दिया था कि देश के मतदाताओं ने लेफ्ट दलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है।**



जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में वामपंथी छात्र संगठनों को सफलता मिलने के बाद जिस तरह से कुछ कथित बुद्धिजीवी कहे जाने वाले विद्वानों ने सोशल मीडिया में टिप्पणियां की हैं, उन्हें हास्यास्पद ही माना जाएगा। इन विद्वानों ने लेफ्ट पार्टियों के उम्मीदवारों की कामयाबी को आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजों से भी जोड़ा। यहां तक कह दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव के अप्रत्याशित नतीजे आने वाले हैं। जेएनयू में अध्यक्ष समेत सभी चारों सीटों पर वामपंथी दलों के छात्र संगठनों और उनके समर्थित उम्मीदवारों को जीत मिली है। जिस जेएनयू में करीब 5 हजार विद्यार्थी पढ़ते हों उसके छात्रसंघ के नतीजों को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखना मूर्खता नहीं, तो क्या है।

हैरानी तो इस बात की है कि जेएनयू के नतीजों पर अपनी राय रखने वाले कुछ माह पहले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजों की पूरी तरह अनदेखी कर गए। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर कब्जा जमाया था। एक पद पर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई को भी जीत मिल थी। जहां सारे जेएनयू में करीब पांच हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के अकेले दयाल सिंह कॉलेज में 8 हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि छात्रों की संख्या के स्तर पर जेएनयू कितना छोटा सा शिक्षण संस्थान है, दिल्ली विश्वविद्यालय की तुलना में। दरअसल वामपंथी विचारधारा और लेफ्ट दल पूरी तरह से भारतवर्ष में अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सब दल तैयारी कर रहे हैं और अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर रहे हैं, वहां लेफ्ट दलों की तरफ से कोई हलचल तक नजर नहीं आ रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में उसे मात्र 11 सीटें ही मिलीं। पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनावों में माकपा या भाकपा को एक भी सीट नहीं मिली। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों ने साफ संदेश दे दिया था कि देश के मतदाताओं ने लेफ्ट दलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन नतीजों के बाद लेफ्ट पार्टियों के सीताराम येचुरी, डी.राजा और वृंदा करात जैसे नेता सिर्फ संवाददाता सम्मेलनों और सेमिनारों में ही नजर आते हैं। अपनी पहचान बचाने के लिये पूरी तरह से संघर्षरत नजर आते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीते दिनों शराब घोटाले में हिरासत में लिया गया तो डी.राजा और उनकी पार्टी भाकपा के कुछ नेता तुरंत केजरीवाल के सरकारी घर में उनकी पत्नी से मिलने पहुंच गए। वहां उन्होंने खबरिया चैनलों को बाइट दी और बस हो गई उनकी क्रांति।

लेफ्ट दलों के मौजूदा नेता कभी किसी जन आंदोलन का हिस्सा तक नहीं होते। हां, वे किसी आंदोलन से अपने को मौके के अनुसार जोड़ लेते हैं। जब कुछ किसान एमएसपी को लेकर आंदोलनरत थे, तब लेफ्ट दलों के नेता उनके पास मंच में जाकर बैठने लगे थे। इन नेताओं के विपरीत गुजरे दौर के लेफ्ट दलों के नेता जैसे हरिकिशन सिंह सुरजीत, नम्बुदिरीपाद, इंद्रजीत गुप्त, ज्योति बसु, चतुरानन मिश्र, रामावतार शास्त्री, भोगेन्द्र झा वगैरह काफी जुझारू हुआ करते थे। उन्हें जमीनी हकीकत की बेहतर जानकारी थी। वैचारिक मतभेदों के बावजूद ईएमएस नम्बुदिरीपाद की सादगी और विद्वता का सब सम्मान करते थे। वह 1978 में माकपा के महासचिव बने तो उन्हें पार्टी ने राजधानी के 20 जनपथ की कोठी दी रहने और काम करने के लिए। वह 20 जनपथ में तब तक रहे जब तक वह माकपा के महासचिव के तौर पर दिल्ली में रहे। जब हरकिशन सिंह सुरजीत महासचिव बने तब ईएमएस त्रिवेंद्रम चले गए। बिहार माकपा के नेता और ईएमएस के सहयोगी रहे श्री भगवान प्रसाद सिन्हा बताते हैं कि ईएमएस सुबह पांच बजे उठ जाते थे। प्रातःकाल की सैर के साथ वह साइकिल से व्यायाम करनेवालों में से भी थे। उसके बाद वे अखबार पढ़ते, नाश्ता लेते और ठीक आठ बजे पार्टी दफ्तर जो पटेल चौक के समीप 14, अशोक रोड पर था जाने के लिए तैयार हो जाते। ईएमएस को चलने में कठिनाई थी। लेकिन, चाहे घर 20 जनपथ में या चाहे दफ्तर 14, अशोक रोड में वे चाय पीने के बाद कप धोने के लिए दो कमरे को पारकर किचेन रूम तक पहुंच जाते। वे कम्युनिस्ट होते हुए भी राजनीति में गांधी जी की तरह एक सादा जीवन जिए, सारी जमीन जायदाद पार्टी को दान कर दी। भारत की राजनीति में यह बहुत बड़ी बात मानी जाती है। पर अब ईएमएस जैसे नेता लेफ्ट दलों के पास रहे कहां ? सच्चाई तो यह है कि अब लेफ्ट पार्टियां पश्चिम बंगाल, केरल और त्रिपुरा से निकलकर सिर्फ जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी तक सिमट गई हैं। वहां के छात्रसंघ के चुनाव जीतकर इन्हें ऐसा लगता है कि इन्होंने सर्वहारा की देश में क्रांति कर दी या करने ही वाले हैं। देश ने इनका पहली बार वीभत्स चेहरा देखा 1962 में चीन से जंग के वक्त। तब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(भाकपा) ने राजधानी के बारा टूटी चौक में चीन के समर्थन में एक सभा तक आयोजित करने की कोशिश की थी। यह अलग बात है कि स्थानीय जनता के भारी विरोध के कारण भाकपा की सभा नहीं हो सकी थी। कुछ वर्ष पूर्व इन्हीं लेफ्ट दलों का ह्लपोस्टर ब्वायङ्क कन्हैया कुमार ने जेएनयू छात्रसंघ का चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में उसे बेगूसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने अपना उम्मीदवार भी बनाया था। वह चुनाव में बुरी तरह से हार गया था। उसके बाद उसने कांग्रेस का रुख कर लिया। यह वही कन्हैया कुमार है, जिसने भाकपा में रहते हुए भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप तक करने के आरोप लगाए थे। कन्हैया कुमार जब चुनाव लड़ रहे थे उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। यह सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार 2024 के चुनाव कांग्रेस की टिकट पर फिर चुनाव लड़ सकता है। कुल मिलाकर बात यह कि लेफ्ट दलों के लिए भारतीय राजनीति में स्पेस तेजी से सिकुड़ता जा रहा है। उनके लिए अपनी पुरानी जमीन को हासिल करना कतई आसान नहीं है। फिर लेफ्ट दल और उनके नेता और समर्थक भी जेएनयू तक ही रहने में बहुत बड़ी कामयाबी मानने लगे हैं। लेकिन, कब तक?

**आर.के. सिन्हा**

# मोदी की रैली में जयंत के साथ रहेंगे

**डॉ. प्रभात ओझा**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मेरठ से करने जा रहे हैं। पहले ही ध्यान रखना होगा कि मोदी ने 2019 में और उसके पहले 2014 में भी इसी धरती पर पहली चुनावी रैली को संबोधित किया था। पिछली बार यह रैली 28 मार्च को हुई थी, तो इस बार 30 को होने जा रही है। पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को छह सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था। तब बसपा और सपा के बीच बुआ-भतीजे की जोड़ी कारगर हुई थी। इन दोनों दलों ने राष्ट्रीय लोकदल को भी समर्थन दिया था किंतु प्रमुख जाट नेता चौधरी अजीत सिंह और उनके पुत्र जयंत चौधरी हार गए थे। दोनों पिता-पुत्र मजफ्फरनगर और बागपत से उम्मीदवार थे। चौधरी अजीत सिंह अब नहीं हैं और जयंत चौधरी ने तब से कई राजनीतिक पैंतरे बदले। फिलहाल वे सपा का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिला चुके हैं और निश्चित ही वे प्रधानमंत्री के मंच पर दिखाई देंगे। काफी कुछ सोच विचार कर उन्होंने सपा से मिल रही कुछ अधिक सीटों के मुकाबले भाजपा से सिर्फ दो पर समझौता किया है। वे स्वयं चुनाव मैदान में नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में बनाए रखने का फैसला किया है। चौधरी की पार्टी बिजनौर और बागपत से भाजपा के सहयोग के साथ मैदान में है।

प्रधानमंत्री की रैली में स्वाभाविक है कि मेरठ के अतिरिक्त जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं, यह देखना होगा। पिछली बार तो उन्होंने जाटों के प्रतीक पिता-पुत्र के हिस्से पराजय ही दी थी। अब सवाल है कि कम होते असर के बावजूद भाजपा जयंत के दल को महत्व क्यों दे रही है। इसे समझने के लिए देखना होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल के साथ मेरठ, अलीगढ़ और आगरा के उन 18 जाटबहुल क्षेत्रों पर भी पार्टी की नजर है, जहां वह बहुत अच्छा नहीं कर सकी थी। इसीलिए मुजफ्फरनगर के संजीव बालियान को मंत्री पद दिया गया, तो मुरादाबाद के भूपेंद्र चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इसके बाद भी चौधरी चरण सिंह के पोते और चौधरी अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी का किसानों, खासकर जाट किसानों में असर बना हुआ है। जयंत के समाजवादी पार्टी के साथ जाने से मुस्लिम-जाट समीकरण को भी ताकत मिल रही थी। अब जबकि जयंत सपा का साथ छोड़ आए, भाजपा ने इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है।

मुस्लिम-जाट एका टूटने के संकेत के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपनी मेरठ की रैली से एक और बड़ा संदेश दे सकते हैं। कम लोगों के ध्यान में है कि मेरठ की रैली में मंच पर पार्टी उम्मीदवार अरुण गोविल भी रहेंगे। गोविल ने अपने जमाने के प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम का रोल निभाया था। देखा जाए तो इस धारावाहिक के अलावा अरुण गोविल को फिल्म अथवा छोटे परदे पर बहुत जगह नहीं मिली। इस तरह वह लोगों की नजर से अंतर्ध्यान ही रहे किंतु अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम का हर प्रतीक महत्वपूर्ण लगने लगा है। भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी इस अवसर को इसकी चर्चा के बिना जाने देंगे, यह मुमकिन नहीं लगता। तो जाट-मुस्लिम गठजोड़ तोड़ने के साथ ही हिंदू मतों का ध्रुवीकरण मेरठ रैली का मूल मकसद होगा और पूरे उत्तर भारत में इस प्रयोग को अमल में लाने की तैयारी हो चुकी है।

## सेहत मंत्र

# दही खाने से भी बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता, पेट को हेल्दी रखते हैं इनमें मौजूद 'गुड बैक्टीरिया'

मौसम में बदलाव के साथ, ठंड या फ्लू से बचने के लिए हमें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह उचित समय है जब आप अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली और जीवन शैली की आदतों पर ध्यान देते हैं। मजबूत इम्यून सिस्टम सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने आहार पर ध्यान देना चाहिए। हमें अपने आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए जो इम्यूनिटी लेवल को बढ़ाने में मदद करें। ऐसा ही एक खाद्य पदार्थ जो मौसम में बदलाव के साथ आपकी इम्युनिटी को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसके अलावा, वे आपके शरीर को बैक्टीरियल और वायरल संक्रमणों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। 'हीलिंग फूड्स' बुक के अनुसार, ''मानव आंतों में बैक्टीरिया की लगभग 400 विभिन्न प्रजातियां होती हैं, कुछ अच्छे और कुछ बुरे होते हैं। दही में कई प्रकार के अच्छे बैक्टीरिया पाए जाते हैं। अच्छे बैक्टीरिया कार्बनिक अम्लों को ग्लूकोज में बदलने में मदद करते हैं, कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं, पोषक तत्वों को मेटाबॉलिज करने में मदद करते हैं, भोजन में एंजाइम, प्रोटीन और फाइबर को तोड़ते हैं, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बूस्ट करने में मदद करते हैं। दही में प्रोबायोटिक्स का एक सामान्य प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाला प्रभाव होता है और आंतों में रोगजनक बैक्टीरिया और यीस्ट को बाधित करता है। प्रोबायोटिक्स को विशेष रूप से बच्चों में एक्जिमा जैसी एलर्जी को रोकने की क्षमता दिखाने के लिए भी जाना जाता है। बुजुर्गों या कमजोर प्रतिरक्षा वालो लोगों में, घर की बनी ताजी दही बैक्टीरिया और वायरल संक्रमणों को रोकने में मदद कर सकता है। हमेशा ताजी दही का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए, क्यों कि इसमें अच्छे बैक्टीरिया और प्रोबायोटिक्स होते हैं।

## धर्म मंत्र

# बुधवार को गणेश जी की पूजा के पांच नियम

गणेश जी की पूजा के लिए बुधवार का दिन विशेष माना गया है। इस दिन बुध ग्रह की शांति के लिए भी पूजा-अर्चना की जाती है। यदि व्यक्ति की कुण्डली में बुध ग्रह अशुभ स्थिति में है तो बुधवार को पूजा करने से उसके दोष का निवारण हो सकता है। इसके साथ ही माना जाता है कि गणेश जी की पूजा करने से शनि जैसे कठिन ग्रह सहित सभी ग्रहों के दोष दूर हो सकते हैं। कहते हें कि प्रत्येक बुधवार को गणेश उपासना करने से व्यक्ति का सुख-सौभाग्य बढ़ता है, और जीवन की सभी रुकावटें दूर होती हैं। इस दिन गणपति की पूजा में इन पांच चरणों का अनिवार्य रूप से पालन करें। प्रथम चरण- सर्वप्रथम प्रातः काल स्नान आदि करके गणेश प्रतिमा, यदि संभव हो तो किसी धातु की प्रतिमा का चयन करें, को मिट्टी और नींबू से अच्छे से साफ करके पूजा स्थान पर पूर्व या उत्तर दिशा की और मुख करके लाल रंग के आसान पर स्थापित करें। द्वितीय चरण- इसके पश्चात शुद्ध आसन पर स्वयं भगवान के सम्मुख मुख करके बैठे, और गणेश जी का ध्यान करते हुए उन्हें पुष्प, धूप, दीप, कपूर, रोली, मौलि, लाल चंदन और मोदक आदि पूजन सामग्री समर्पित करें। तृतीय चरण- गणेश जी पर तुलसी दल और तुलसी पत्र नहीं चढ़ाया जाता इसलिए उन्हें किसी शुद्ध स्थान से चुनी हुई दुर्वा धोकर चढ़ायें और लाल पुष्प, पान का पत्ता अर्पित करें। चतुर्थ चरण- ध्यान रहे गणेश जी की पूजा करते समय किसी प्रकार का क्रोध न करें। उन्हें पंचामृत अर्पित करें और आरती करें। पचंम चरण- अंत में श्री गणेश का स्मरण कर 'ऊं गं गणपतये नमः' मंत्र का 108 बार जप करना चाहिए। प्रत्येक बुधवार को इन पांच पायदानों से गुजरते हुए पूजा करने से मनुष्य को निश्चित शुभ लाभ और समृद्धि प्राप्त होगी।

## पर्यटन



# झारखंड के नेतरहाट से खूबसूरत जगह कोई और नहीं

आप सभी ने पहाड़ों की खूबसूरती ज्यादातर उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश में देखी होगी। पहाड़ी इलाकों का नाम लेते ही केवल शिमला मनाली ही याद आते हैं। लेकिन हम आप को बताना चाहेंगे कि पहाड़ की सुंदरता आपको केवल यहीं नहीं बल्कि झारखंड में इससे ज्यादा देखने को मिलेगी। झारखंड एक बेहद ही खूबसूरत राज्य है लेकिन ज्यादा लोगों को इस राज्य की खूबसूरती के बारे में नहीं पता है, लेकिन इस लेख में आज हम आपको झारखंड की सैर कराएंगे। नेतरहाट की खूबसूरती- झारखंड में एक जगह है नेतरहाट। इस जगह के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। नेतरहाट में आदिवासियों की संख्या ज्यादा है और इसके अधिकतर हिस्से में घने जंगल का फैलाव है। इस घने जंगल में आपको साल, सागवान, सखुआ और बांस के पेड़ ज्यादा मिलेंगे। यहां की जो भाषा है उसमें नेतरहाट का मतलब होता है बांस का बाजार। बांस के पेड़ के बारे में तो आप जानते ही होंगे यह लंबे खुशबूदार पेड़ होते हैं। कहते हैं कि इस जगह को प्रकृति ने बहुत ही खूबसूरत ढंग से संवारा है। यह समुद्र सतह से 3622 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रांची से यह करीब १५० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सनराइज प्वाइंट- अगर आपको उगते सूरज का आकर्षक नजारा देखना हो तो नेतरहाट से खूबसूरत जगह और यहां आपको कहीं नहीं मिलेगी। उगते सूरज का नजारा ऐसा होता है कि मानो आंखों के सामने कोई दृश्य स्थिर हो गया हो। नेतरहाट के घने जंगल के बीच सूर्योदय देखने के लिए यहां सुबह और शाम को पर्यटकों का मेला लग जाता है। मंगोलिया प्वाइंट- अगर आपको ढलता सूरज देखना है तो नेतरहाट का मंगोलिया प्वाइंट इस दृश्य के लिए मशहूर है। मंगोलिया प्वाइंट इसे इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसके पीछे एक कहानी है। यह प्वाइंट एक ब्रिटिश लड़की मंगोलिया की प्रेम कहानी के लिए भी जाना जाता है। जो एक चरवाहे की बांसुरी की धुन से प्रेरित होकर उससे प्रेम करने लगी थी।

# केजरीवाल, सिसौदिया व संजय की गिरफ्तारी मोदी सरकार के पतन की कहानी लिखेगी : धर्मवीर सिंह

## पूर्व केंद्रीय मंत्री/सपा संस्थापक सदस्य स्व.बेनी प्रसाद वर्मा के चित्र पर कांग्रेसियो ने अर्पित की श्रद्धांजलि



### इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव/प्रवक्ता तनुज पुनिया के साथ आप जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह की अगुवाई मे कार्यकर्ताओ की हुई संयुक्त बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा सरकार में इन्सानियत मानवता की हत्या की जा रही है अपना हर वादा तोड़ने का काम भाजपा सरकार ने किया है आम आदमी पार्टी का जन्म ही संघर्ष से हुआ है उसे खत्म करने का मंसूबा भाजपा का कभी कामयाब नहीं होगा हक की आवाज उठाने वाले को उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है सत्येन्द्र जैन, मनीष सिसोदिया संजय सिंह और आज हमारे मुखिया अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी मोदी सरकार के पतन की कहानी लिखेगी हम इण्डिया गठबन्धन का हिस्सा हैं और पूरी ईमानदारी से आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता भाजपा को परास्त करके इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से सासंद बनाकर भेजेगा।

उक्त उद्गार आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बुधवार को पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया के ओबरी आवास पर आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में विकास पुरूष स्व0 बेनी प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर इंण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया तथा कंाग्रेस अध्यक्ष मो.मोहसिन के साथ उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किये।

53 लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी के इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने संयुक्त बैठक में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि हम इस इण्डिया गठबन्धन के मजबूत घटक दल आम आदमी पार्टी और कंाग्रेस पार्टी की संयुक्त बैठक में आम आदमी पार्टी के संरक्षक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की मोदी सरकार की ओछी हरकत की निन्दा करते हैं और आपकों विश्वास दिलातें हैं कि इस न्याय और इंसाफ की लड़ाई में हम आपके साथ हैं। भाजपा सरकार में देश को बेचा जा रहा है और उसके खिलाफ आवाज उठानें वाले जैसी संवैधानिक संस्थाओं से डराया जाता है धमकाया जाता है और जो आदमी उनकी बात नहीं मानता है उसका उत्पीड़न करके जेल में डाल दिया जाता है इसी के विरोध में हमारे नेता जननायक राहुल गाँधी ने भारत जोड़ो तथा भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल कर गरीब शोषित नौजवान किसान तथा महिलाओं के दर्द की आवाज सुनी है और भाजपा की जालिम सरकार के खिलाफ बुलन्द आवाज उठाकर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ इंण्डिया गठबन्धन बनाकर भाजपा की जालिम सरकार को हटाने का धर्मयुद्ध छेड़ा है इसमें आवाम के साथ-साथ इंण्डिया गठबन्धन के हर सहयोगी दल की जरूरत है आज लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी में गठबन्धन का प्रत्याशी सहयोगी दलों की जबरदस्त मेहनत से भाजपा प्रत्याशी पर भारी बढ़त बनाये हुये हैं आपकों इस माहौल को बनाये रखने की जरूरत है 4 जून को इंण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी की भारी बहुमत से जीत होगी और इंण्डिया गठबन्धन की विजय पताका लहरायेगी। कंाग्रेस अध्यक्ष मो.मोहसिन ने इंण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुये कहा की इण्डिया गठबन्धन का कार्यकर्ता भाजपा सरकार की हर दमनकारी नीति से टकराकर अहंकारी, झूठी भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने का काम करेगा, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने बैठक का समापन किया।

आम आदमी पार्टी कंाग्रेस पार्टी की संयुक्त बैठक को मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव विनय श्रीवास्वत ने सम्बोधित किया तथा कंाग्रेस नेत्री राबिया बेगम, आशुतोष मिश्रा, महफूज आलम ,जुगराज सिंह, अजय वर्मा, अजीत श्रीवास्तव, अरविन्द यादव, अंकित त्रिवेदी ,बृजेन्द्र कुमार, राकेश कुमार प्रेमी, नन्हें राम यादव, दीपू विश्वकर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, अजीत वर्मा, सरजू शर्मा, जंग बहादुर पटेल, मुइन्नुद्दीन अंसारी, रामचन्द वर्मा, सिकन्दर अब्बास रिजवी, नेकचन्द त्रिपाठी, प्रदीप मौया, रमेश कश्यप, कौशल किशोर, अभिषेक यादव, राममूर्त शर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, शिव कुमार वर्मा, प्रदीप राजपूत सहित दर्जनों की संख्या में आप और कंाग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शांतिभूषण सिंह वीरेंद्र भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष मनोनीत

## जिलाध्यक्ष टिकैत गुट पर बड़ा आरोप लगा छोड़ा था 24 वर्षों का साथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किसान नेता शांति भूषण सिंह वर्मा वीरेंद्र ने बुधवार को भाकियू चढूनी उत्तर प्रदेश की सदस्यता ग्रहण कर ली संगठन ने उन्हें बाराबंकी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

ामसनेही घाट बाराबंकी। भाकियू टिकैत गुट में 24 वर्षों का लंबा समय गुजार कर सदस्य पद से लेकर जिला उपाध्यक्ष तक का सफर तय करने वाले जमीनी किसान नेता रहें मुकेश सिंह वर्मा के करीबी रहे कद्दावर किसान नेता शांति भूषण सिंह वीरेंद्र ने बताया कि भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष बाराबंकी व ब्लाक अध्यक्ष बनीकोडर की कार्यशैली संगठन हित में नहीं थी किसान संगठन अपना सम्मान खो रहा था ऐसी स्थिति में टिकैत संगठन में रहना सम्मान के विरुद्ध था, बाराबंकी में दिवंगत किसान नेता रहें मुकेश सिंह वर्मा जी से प्रेरित होकर संगठन में 2000 में सदस्यता ग्रहण की थी, श्री सिंह की दुखदाई मृत्यु के बाद जनपद में टिकैत संगठन अपना वजूद खो रहा है गरीब मजदूर मजलूम की भावनाओं को धनवानों की तिजोरी में बंद किया जा रहा है।

ऐसी स्थिति में किसानों की आवाज उठाने के लिए चढूनी संगठन बेहतर प्लेट फार्म है, शांति भूषण सिंह वीरेंद्र के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर सैकड़ों किसान मजदूरों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का क्षत विक्षत शव मिलने से मचा हड़कंप

बाराबंकी।लखनऊ अयोध्या रेलवे मार्ग पर एक 20 वर्षीय युवक का क्षत विक्षत शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के ज़रिए परिजनों को घटना की सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुत्तुपुर रसौली के ग्रामीण जब शौच के लिए रेलवे पटरी की तरफ गए तो पटरी के पास एक युवक का क्षत विक्षत शव देख कर उनके होश उड़ गए। शव मिलने की ख़बर फैलते ही मौक़े पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने जब छानबीन करी तो मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनगंज मजरे पतुलकी लालगंज निवासी धर्मेन्द्र के 20 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार के रूप में हुई।

सफदरगंज पुलिस ने मोहित के परिजनों को घटना की सूचना दी। मौक़े पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक मोहित काम के सिलसिले में कही जा रहा था संभवतः ट्रेन से गिर जाने के चलते उसके साथ ये हादसा हो गया।

# गिले शिकवे भुलाकर गले लगाने का पर्व है होली: अनुराग सिंह

## फाग गीतों के साथ एसडीएम आवास पर मनाया गया होली मिलन कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। होली आपसी प्रेम शौहर्द का पर्व है इसे शादगी व भाईचारे के साथ मनाना चाहिए उक्त बात उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने अपने आवास पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही । बताते चलें कि एसडीएम अनुराग सिंह ने अपने आवास पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे पुरानी परम्परा के तहत फाग गायन इत्यादि हुआ तो वही गुलाल लगाकर एक दूसरे को रंगोत्सव की बधाई दी गई । कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी श्री अनुराग सिंह ने कहा त्योहारों की परंपरा रही है हम पुराने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाए यह अवसर होता है ।

बताते चले कि उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने पूरा दिन अधिवक्ताओं , कर्मचारी व पत्रकारों के बीच जमकर होली खेली साथ ही एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी उन्होंने आगे कहा हम सभी लोग आपस में मिलजुल कर भाईचारा बनाए रखें उपजिलाधिकारी ने अपने तहसील परिसर के सभागार में तहसील के समस्त अधिवक्ताओं के साथ होली मिलन समारोह मनाया फगुआ गीत धवारी चुटकुला के बीच ठहाके लगे इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम प्रताप सिंह महामंत्री कुवर बहादुर यादव एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र बाजपेई राजन लाल मिश्रा राकेश मिश्रा महेंद्र प्रताप सिंह अंजनी श्रीवास्तव संजय सिंह विजय प्रताप सिंह अनिल मिश्रा जितेंद्र सिंह हरिश्चंद्र सिंह अमरेंद्र वर्मा मंसाराम यादव कमाल अहमद सहित काफी संख्या में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अधिवक्ता साथी मौजूद रहे इसके अलावा उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में उनके आवास पर समस्त कर्मचारी लेखपाल कानूनगो अमीन संघ पत्रकार साथी मौजूद रहे उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह तहसीलदार श्रीमती कविता ठाकुर नायब तहसीलदार सीताराम नम्रता दुबे उमेश द्विवेदी राजकुमार त्रिपाठी नाजिर सदर लेखपाल दीपचंद शर्मा कानूगो राकेश अमीन विनोद कुमार शर्मा अजय यादव सहित सभी तहसील स्टाफ मौजूद रहा ।

# विद्यालय मे अध्ययनरत बच्चो के लिए रोटरी क्लब ने लगवाये झूले

## दरामनगर मे प्राथमिक विद्यालय मे शिक्षणरत बच्चो के लिए लगाए गए झूले



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रोटरी क्लब के तत्वाधान मे बुधवार को प्राथमिक विद्यालय दरामनगर मे शिक्षणरत बच्चो ले शारीरिक विकास के लिए झूले लगवाये विद्यालय परिसर मे झूले पाकर बच्चे सहित शिक्षक खिलखिला उठे तथा रोटरी क्लब को धन्यवाद दिया।

रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डा.सुधीर कुमार वर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के लिए पूर्णतया तत्पर है गरीबों की मदद, पर्यावरण संरक्षण, मेडिकल कैम्प, बच्चों मनोरंजन, स्वास्थ्य आदि कार्यक्रम क्लब के द्वारा लगातार आयोजित करता रहता है।

रोटरी क्लब के सचिव एव मीडिया प्रभारी गिरीश अरोरा ने कहा कि प्राथमिक अवस्था में बच्चों का शारीरिक विकास बहुत तेजी से होता है उन्हें उचित पौष्टिक आहार मिलना चाहिए साथ ही साथ पठन-पाठन के साथ ही खेलकूद भी आवश्यक है आज हम क्लब की तरफ से इस झूले को बच्चों को समर्पित करते हैं और आशा दिलाते हैं कि भविष्य में भी बेसिक विद्यालयों में बच्चों के पठन-पाठन सामग्री खेलकूद सामग्री आदि में योगदान देते रहेंगे। इसके अलावा बच्चो को चाकलेट एव मिष्ठान का वितरण किया गया।इस मौक़े पर मनोज जयसवाल, सरस्वती गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष संजय निगम,जागेश अग्रवाल, संगीता गुप्ता, डा.एन.के.गुप्ता, सुनील वर्मा, मनोज टंडन, प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी, नम्रता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# विकास पुरुष के रूप मे हमेशा ही जाने जाएंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.बेनी प्रसाद वर्मा: गोप

## चौथी पुण्यतिथि पर इण्डिया गठबंधन के नेताओं बेनी बाबू की समाधि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। गरीबों किसानों मजलूमों के हक अधिकारों की सुरक्षा और विकास की गंगा बहाने वाले समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति शेष बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी की चौथी पुण्यतिथि पर मोहनलाल डिग्री कॉलेज स्थित बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी जी की समाधि स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने उपस्थित होकर श्रद्धेय बाबूजी की समाधि पर पुष्पांजलि एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की, समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया आदि प्रमुख लोगों ने श्रद्धेय बेनी प्रसाद वर्मा जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

इसी क्रम में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी की चौथी पुण्यतिथि पर जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बाबूजी हर जात धर्म संप्रदाय के लोगों को एक समान हक अधिकार मिल सके इसके लिए संघर्ष करते रहे बाबूजी ने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा में लगा दिया सामाजिक एकता के लिए उन्होंने तमाम प्रयास किए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार मे मंत्री रहते हुए बाबूजी ने बाराबंकी जनपद ही नहीं देश और प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का काम किया उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी जनता को सहूलियत दे रहे जनपद के हर गांव को मुख्यालय से जोड़ने के लिए उन्होंने तमाम पुल, पुलिया, सड़के बनवाने का काम किया, बाबूजी ने जाति धर्म संप्रदाय व्यक्ति के नाम पर कभी भेद नहीं किया। इसीलिए जनपद का बच्चा बच्चा आज भी बाबूजी को याद करता है हम सब को भी बाबूजी के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए, गांव के अंतिम घर तक हर सुख सुविधा पहुंचाने के लिए संघर्ष करना पड़े तब भी पीछे ना हटे तभी हम बाबूजी के उस सपने को साकार कर पाएंगे जिसकी बात हमेशा बाबूजी करते थे।श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिमांशु यादव, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, विशेष आमंत्रित सदस्य सुरेश चंद्र गौतम, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड दानिश सिद्दीकी, प्रदेश सचिव ज्ञान प्रकाश मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा रिंकू विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, अजय कुमार वर्मा बबलू, चक्खन यादव, यशवंत सिंह यादव सभासद अरुण यादव सोनू, अर्जुन यादव लकी, बलराम यादव, विकास पांडे अन्नू पंडित कार्यालय प्रभारी राजकुमार वर्मा, आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म मे असफल होने पर दबाया था युवती का गला,हत्यारोपी गिरफ्तार

बाराबंकी। युवती से दुष्कर्म करने की कोशिश के बाद गुस्साए युवक ने युवती का गलादबाकर उतार दिया था मौत के घाट पुलिस ने हत्यारोपी की शर्ट व मृत युवती की नाक की कील बरामद किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकैतनगर थाना क्षेत्र के बसौगापुर मजरे सरायंदुनौली गांव निवासी 20 वर्षीय युवती को अंधेरे का फायदा उठाकर गांव का दीपू उर्फ अमरदीप पुत्र राघवबिन्द को कोतवाल संजीत सोनकर,अतिरिक्त कोतवाल कृष्णकान्त सिंह, एसआई संतोष कुमार राय आदि हमराही टीम ने हत्यारोपी दीपू को तहरीर के आधार पर पकड़कर पूंछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। कोतवाल संजीत सोनकर ने बताया कि हत्यारोपी ने सख्ती से पूंछताछ मे बताया कि वह मृतका पर पिछ्ले कई दिनों से बुरी नजर रख रखी थी और बीते सोमवार की शाम मृतका शौच के लिए गांव के बाहर स्थित पंचायत घर के पास स्थित खेत गयी थी जहां मै पहले से दुष्कर्म करने की तैयारी मे था और मैने उसे पीछे से पकड़कर खींच लिया और मृतका चिल्लाकर विरोध करने लगी जिससे घबराकर मैने उसका गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया जब उसके शरीर से प्राण निकल गए तब मै वहां से भाग गया बाद मे मृतका के पिता ने मौके पर जाकर देखा तो हड़कंप मच गया और मौके पर तमाम पुलिस अधिकारियो समेत विभिन्न थानो की पुलिस फ़ोर्स रात मे ही मौके पर पहुंच गयी मां ने हत्या का आरोप दीपू उर्फ अमरदीप पर लगाते हुए नामजद तहरीर दी और पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्यारोपी दीपू उर्फ अमरदीप को गिरफ्तार करके न्यायालय मे पेश किया ।

# जनकल्याण किसान एसोसिएशन ने पत्रकारों सहित सैकड़ो विभूतियों को किया सम्मानित

## होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।पत्रकार सबसे बड़ा समाज का हितैषी होता है जो निःस्वार्थ भाव से अपनी निष्पक्ष लेखनी द्वारा खबरों के माध्यम से समाज को आइना दिखाता है। इसलिए हम आप सबको पत्रकार बन्धुओं का सम्मान करना चाहिए।उक्त विचार जनकल्याण किसान एसोसिएशन की मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने बुधवार को देवा विकासखंड स्थित श्याम बाल विद्या मंदिर तकाजीपुर खेवली में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन द्वारा आयोजित होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किये।विशिष्ठ अतिथि एवं राम सेवक यादव परास्नातक महाविद्यालय चंदौली के प्राध्यापक राम फ़ेर यादव ने संगठन व सम्मान समारोह के प्रति शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि अकेला चना भाड़ नही फोड़ सकता इसलिए सभी लोगों को आगे कदम बढ़ाते हुए ऐसे समाज सेवियों का सहयोग करना चाहिए।आगे उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तम्भ है इसलिए हमारे पत्रकार भाई सम्माननीय है।अतः सरकार को भी अन्य तीन स्तम्भों की तरह चौथे स्तम्भ को उचित सुबिधाए उपलब्ध कराना चाहिए।वहीं संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष धर्म कुमार यादव ने सभी अतिथियों व शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जीवन काल का सन 2007 से लेकर आज तक का यह 69 वां सम्मान समारोह है जो सभी लोगों के सहयोग से चंदा मांगकर आयोजित किये गये जिसके लिए मै आजीवन सभी का आभारी रहूँगा।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता सतीश चंद्र यादव ने किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ संगठन की मातृशक्तियों द्वारा माँ सरस्वती की छवि पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर पत्रकार,शिक्षक,चिकित्स्क, कथावाचक,भजन गायक व अन्य सैकड़ो समाजसेवियों सहित कार्यक्रम में पधारे हुए समस्त आगंतुकों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिंह,सम्मान पत्र,गोल्ड मेडल भेंटकर भव्य फूल मालाओं से सम्मानित किया गया।अंत में जिला प्रभारी संजय यादव द्वारा सभी अतिथियों का सहृदय आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल ऐप पर करें शिकायत: अरुण कुमार सिंह

बाराबंकी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम डॉ.अरूण कुमार द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु ऑनलाइन सी-विजिल ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप पर मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल ऐप का प्रयोग करने हेतु स्मार्ट फोन पर प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर अपने मोबाइल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल ऐप एक जीआईएस आधारित ऐप है, जिसमें बैनर, पोस्टर, फोटो, विडियो,आडियो साक्ष्य के रूप में अपलोड किया जा सकता है।शिकायत अपलोड होने के 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी ऐप के द्वारा किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य शिकायतों व मतदाता सम्बंधित समस्याओं को डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर के टोल फ्री नम्बर-1950 व राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराया जा सकता है।

# लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी भाजपा:अवनीश सिंह पटेल

## मोदी -योगी सरकार में तेज हुई जिले में विकास की रफ्तार: सतीश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भटेहटा स्थित साईं मंडप मैरिज लॉन में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमे जिले के दिग्गज भाजपाईयों सहित शक्तिकेंद्र स्तर के कार्यकर्ता जुटे।भाजपा की लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने के बाद जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत का होली मिलन समारोह में अभिनंदन भी किया गया।एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि चुनाव में पड़े वोट का 60 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लक्ष्य को हासिल करना है जिसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को चुनाव के पूर्व 55 दिन पूर्णकालिक की तरह कार्य करना होगा।कहा कि प्रदेश में कंाग्रेस शून्य है ऐसे में कंाग्रेस का सपा से गठबंधन अप्रासंगिक है।राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि मोदी-योगी सरकार के दौरान जिले में विकास की रफ्तार तेज हुई है। कहा कि महादेवा कॉरिडोर का लगभग 48 करोड़ से निर्माण की स्वीकृति मिलना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पद्मश्री दिग्गज हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू स्मारक की स्वीकृति सहित भाजपा सरकार के दौरान जिले में हुए कई विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचा कर जिले में इतिहास रचना है। लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि वे बाराबंकी की बेटी और बहु दोनो है।उन्होंने भाजपा में रहते हुए चलना सीखा है मगर थकना नहीं सीखा।उन्होंने लोगों के समस्याओं के निदान के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए सभी से अपने लिए आशीर्वाद मांगा।विधायक सांकेंद् प्रताप वर्मा ,दिनेश रावत एवं एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कार्यकर्ताओं से दिन रात मेहनत करने का आह्वान किया।इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा,पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी,हरगोविंद सिंह अजीत प्रताप सिंह,सुधीर कुमार सिंह सिद्धू,अवधेश श्रीवास्तव,शशांक कुसुमेश, डॉ.रामकुमारी मौर्य,अमरीश रावत,डॉ.विवेक सिंह वर्मा,संदीप गुप्ता,प्रमोद तिवारी,विजय आनंद बाजपेई,हर्षित वर्मा, सहित सभी मंडल अध्यक्ष,शक्तिकेंद प्रभारी,संयोजक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अगले सात साल तक न्यूजीलैंड क्रिकेट का घर बना रहेगा सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया

एजेंसी



नई दिल्ली। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया (एसपीएनआई) ने अगले सात वर्षों के लिए भारत और उससे जुड़े क्षेत्रों में न्यूजीलैंड के ब्लैककैप्स और व्हाइट फर्न्स के मैचों को प्रसारित करने और स्ट्रीम करने के लिए टेलीविजन और डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं। 1 मई 2024 से 30 अप्रैल 2031 तक के इस ऐतिहासिक करार में 2026-27 और 2030-31 की गर्मियों में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के अलावा इस अवधि के दौरान न्यूजीलैंड में खेले जाने वाले सभी अन्य द्विपक्षीय टेस्ट, वनडे और टी20 मैच शामिल होंगे। सभी मैचों का प्रसारण और स्ट्रीमिंग क्रमशः एसपीएनआई के खेल चैनलों पर की जाएगी और सोनी लिव पर लाइवस्ट्रीम की जाएगी। यह एसपीएनआई पोर्टफोलियो को और मजबूत करेगा, जिसमें पहले से ही इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के साथ करार शामिल हैं। भारत में एसपीएनआई के डिजिटल अधिकार 2024-25 और 2025-26 सीज़न के लिए आमेजन प्राइम के साथ को-एक्सक्लूसिव होंगे। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ एनपी सिंह ने कहा, ''हम न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अपनी नई साझेदारी की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। न्यूजीलैंड अपनी असाधारण खेल भावना और मैदान पर अपनी ताकत के लिए प्रसिद्ध है। यह विश्व स्तर पर सबसे सम्मानित क्रिकेट टीमों में से एक है। इस प्रतिष्ठित टीम और भारत में इसके उत्साही फैन बेस के बीच के बंधन को गहरा और पोषित करना हमारा सौभाग्य है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की अध्यक्ष डायना पुकेटापु-लिंडन ने कहा, ''यह दोनों संगठनों के लिए एक रोमांचक समय है। अपने पोर्टफोलियो में विश्व स्तरीय खेल टूर्नामेंटों के साथ, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया भारत में प्रीमियर स्पोर्ट्स कंटेंट प्रोवाइडर्स में से एक है और हम अपने सहयोग के लिए तत्पर हैं।''

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वेनिंक ने कहा, ''हम इस समझौते से बहुत खुश हैं। यह देखते हुए कि यह साझेदारी स्वाभाविक रूप से फिट थी, दोनों संगठन समान मूल्यों को साझा करते हैं। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया एक महत्वाकांक्षी, अभिनव और आगे की ओर केंद्रित व्यवसाय संगठन है जो तेजी से बदलती दुनिया में कुशल और टिकाऊ होने पर गर्व करता है। यह अपने कंज्यूमर्स को सबसे पहले रखता है और जितना हो सके उतना बेहतर बनने की कोशिश करता है - ऐसे मूल्य जिनसे एनजेडसी बहुत मजबूती से जुड़ा हुआ है।

# ला लीगा: सीजन के अंत में ओसासुना से अलग हो जाएंगे कोच जगोबा अर्रासाटे

एजेंसी



मैड्रिड। कोच जगोबा अर्रासाटे ला लीगा के इस सीजन के अंत में ओसासुना से अलग हो जाएंगे। अर्रासाटे ने मंगलवार को कहा कि वह अगले सीजन में ओसासुना के कोच के रूप में काम जारी नहीं रखेंगे, इसके साथ ही ओसासुना में पिछले छह सीजन से चला आ रहा उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। 45 वर्षीय अर्रासाटे ने क्लब के अध्यक्ष लुइस सबाल्ज़ा और स्पोर्टिंग डायरेक्टर ब्राउलियो वाज़क्वेज़ के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त घोषणा की। अर्रासाटे के कोचिंग में पिछले सीज़न में ओसासुना ला लीगा में सातवें स्थान पर रही और यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन क्वालीफाइंग चरण में बेल्जियम की ओर से क्लब ब्रुग से हार गई। अर्रासाटे ने कहा, ''मैं आगे बढ़ सकता हूं लेकिन मुझे ईमानदार रहना होगा, और अगर मैं आश्वस्त नहीं हूं, तो मुझे जाना होगा।'' प्रेस के सामने अपनी उपस्थिति में भावुक नजर आ रहे कोच ने आगे कहा, ''मुझे खुद के प्रति ईमानदार रहना होगा और अपने भविष्य को देखना होगा। मैं खुद के साथ शांति और सुकून महसूस करते हुए जा रहा हूं और मैं संभावित वापसी के लिए दरवाजा खुला छोड़ रहा हूं।'' . उन्होंने कहा, ''मैं कभी भी इस तरह से कहीं नहीं जा रहा हूं, यहां तक कि शहर, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए भी नहीं, लेकिन यह सभी के लिए बेहतर है कि चीजों को और न बढ़ाया जाए।'' अंत में, उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें दूसरे क्लब में जाने की कोई जल्दी नहीं है, उन्होंने कहा, ''मैं केवल इस बारे में सोच रहा हूं कि जितना संभव हो सके सीजन को खत्म किया जाए। मुझे अपने प्रति ईमानदार रहना होगा और मुझे लगता है कि अलविदा कहने का समय आ गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## आईएफए ने योसी बेनायून को राष्ट्रीय टीम के महाप्रबंधक पद से हटाया

जेरूसलम। इज़राइल फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) ने मंगलवार रात एक बयान में कहा कि पूर्व फुटबॉल स्टार योसी बेनायून इज़राइली राष्ट्रीय टीम के महाप्रबंधक नहीं रहेंगे। यह निर्णय पिछले सप्ताह क्वालीफाइंग प्लेऑफ सेमीफाइनल में बुडापेस्ट में आइसलैंड से 4-1 से हारने के बाद यूईएफए यूरो 2024 के लिए अर्हता प्राप्त करने में इज़राइल की विफलता के बाद लिया गया है। लिवरपूल, चेल्सी और आर्सेनल जैसे शीर्ष क्लबों के लिए मिडफील्डर के रूप में खेलने वाले 43 वर्षीय बेनायून ने दो और के विकल्प के साथ दो साल के अनुबंध पर मार्च 2022 में राष्ट्रीय टीम के साथ अपना पद संभाला। लेकिन नुकसान के कारण, आईएफए ने अब बेनायून को विस्तार विकल्प का उपयोग न करने के निर्णय के बारे में सूचित किया है। इज़राइली खेल मीडिया ने बताया कि आईएफए टीम के मुख्य कोच एलोन हज़ान से भी अलग हो जाएगा और बराक बाचर को उत्तराधिकारी नियुक्त करेगा। 44 वर्षीय बाचर ने हापोएल बीयर शेवा और मैकाबी हाइफ़ा के साथ 2016 और 2023 के बीच छह इज़राइली प्रीमियर लीग खिताब जीते। उन्होंने मौजूदा सीज़न की शुरुआत सर्बियाई चैंपियन रेड स्टार बेलग्रेड के मुख्य कोच के रूप में की थी, लेकिन पिछले साल दिसंबर के अंत में उन्हें निकाल दिया गया था। इज़राइल का अगला अभियान यूईएफए नेशंस लीग के लीग ए में सितंबर और नवंबर के बीच होगा, जहां वे फ्रांस, बेल्जियम और इटली के खिलाफ

## टेबल टेनिस की उभरती स्टार पोयमंती बैस्या को मिलेगा अदाणी समूह का सपोर्ट

अहमदाबाद। अपनी गर्वहै पहल के तहत अदाणी समूह ने युवा टेबल टेनिस स्टार पोयमंती बैस्या को सपोर्ट करने की घोषणा की है। पोयमंती देश की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ियों में शुमार होने की क्षमता रखती हैं। पोयमंती से जुड़ा अदाणी समूह का प्रोग्राम यह सुनिश्चित करेगा कि उनके पास वह सब सुविधाएं हो, जिससे वह विश्व चैंपियन बनने की अपनी कोशिश में आगे बढ़ सकें। 2019 में वेस्ट ज़ोन नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पोयमंती 85वें सीनियर नेशनल में अर्जुन पुरस्कार विजेता अयहिका मुखर्जी की चुनौती को पार करके बंगाल से राष्ट्रीय चैंपियनों की एक शानदार सूची में शामिल हो गईं। इसके अलावा, उन्होंने ओलंपियन सुतीर्था मुखर्जी के साथ महिला युगल वर्ग का खिताब जीता और मिश्रित युगल वर्ग में आकाश पाल के साथ उपविजेता रहीं।

अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अदाणी ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, ल्लपोयमंती ने अपार प्रतिभा दिखाई है और हम, अदाणी समूह में, आने वाले वर्षों में उन्हें आगे बढ़ने में मदद करने के इच्छुक हैं। वह एक ऐसी एथलीट है जो भारतीय ध्वज को ऊंचा रख सकती है, और उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होने से ज्यादा फायदेमंद कुछ भी नहीं है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि उन्हें पूरा समर्थन मिले और उन्हें केवल खेलने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत हो क्योंकि हम एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।ङ्क

पोयमंती ने कहा, ल्लमुझ पर विश्वास करने और मेरी यात्रा में मेरा साथ देने के लिए मैं अदाणी समूह की बहुत शुक्रगुजार हूं। उच्चतम स्तर पर खेल एक कठिन यात्रा है, और निरंतर समर्थन हमेशा एक एथलीट के लिए एक आशीर्वाद की तरह होता है। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

बता दें कि गर्वहै प्रोग्राम ने अब तक 28 एथलीटों का समर्थन किया है, जिनमें ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पुनिया और डायनेमिक चेस खिलाड़ी आर प्रगनानंद शामिल हैं। यह प्रोग्राम भारत की सर्वश्रेष्ठ खेल प्रतिभाओं को पोषित करने और निखारने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है क्योंकि देश खेलों में विश्व विजेता बनने की दिशा में प्रगति कर रहा है।

## चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 63 रन से हराया अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची सीएसके

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के सातवें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने गुजरात टाइटंस को 63 रनों से हरा दिया है। लगातार दूसरी जीत के साथ सीएसके अंकतालिका में सबसे ऊपर पहुंच गयी है। चेन्नई की जीत के हीरो जहां बल्लेबाजी में रचिन रविंद्र और शिवम दूबे रहे, वहीं गेंदबाजी में दीपक चहर, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान का कमाल रहा। चेन्नई की ओर से मिले 207 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत ठीक नहीं रही। टीम को पहला झटका कप्तान गिल के रूप में लगा, जो तीसरे ओवर में 8 रन बनाकर आउट हुए। फिर पांचवें ओवर में टीम को दूसरा झटका रिद्धिमान साहा के रूप में लगा, जिन्होंने 21 रन बनाए। इसके बाद विजय शंकर (12 रन) और डेविड मिलर (21 रन) भी तेज गति से रन बनाने के चक्कर में आउट हो गए। हालांकि लंबे समय से दूसरा छोर संभाले रहे साई सुदर्शन भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके और 37 रन बनाकर आउट हो गए। सुदर्शन के आउट होने के बाद गुजरात के जीत की उम्मीद भी दम तोड़ गई। इसके बाद सिर्फ बल्लेबाज आते और जाते रहे। अज़मतुल्लाह उमरज़ई 11 रन, राशिद खान 01 रन और राहुल तेवतिया 06 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेन्नई के लिए दीपक चाहर, मुस्तफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे ने 2-2 विकेट झटके। इसके अलावा डेरिल मिचेल और मथिशा पथिराना को 1-1 सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई की टीम में 207 रन बनाए। चेन्नई की शुरुआत शानदार रही थी। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रवींद्र ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने 32 गेंद पर 62 रन की साझेदारी की। इसमें रचिन का योगदान 20 गेंद में 46 रन का रहा। रचिन के आउट होने पर बल्लेबाजी करने आए अजिंक्य रहाणे फिर फ्लॉप रहे। रहाणे 12 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 46 रन का योगदान दिया। जबकि टीम के लिए रनों का अंबार लेकर आए शिवम दुबे ने मात्र 22 गेंदों में अर्धशतक लगाया। दुबे ने 23 गेंद में 51 रन की पारी खेली। दुबे के बाद समीर रिजवी ने छोटी मगर उपयोगी पारी खेली। रिजवी ने छह गेंद में 14 रन बनाए। जबकि डेरिल मिचेल 24 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की ओर से राशिद ने दो विकेट लिए। वहीं, साई किशोर, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

# इकाना में सुरक्षा के महत्व के लिए हेलमेट इंस्टॉलेशन का अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### एसबीआई लाइफ और लखनऊ सुपर जायंट्स ने सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए, इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शानदार विशाल

लखनऊ। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ, भारत र' अटल बिहारी वाजपेयीएकाना क्रिकेट स्टेडियम में शानदार विशाल (लार्जर-दैन-लाइफ) हेलमेट इंस्टॉलेशन का उद्घाटन किया। ऐसे भव्य पैमाने पर हेलमेट का ढांचे तैयार करने का उद्देश्य है, मैदान के भीतर और बाहर सुरक्षा के महत्व के बारे में प्रगतिशील संवाद को बढ़ावा देकर जीवन बीमा की ज़रूरत और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना। क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करते हुए, इस अनूठी संरचना का उद्देश्य लखनऊ शहर के निवासियों को यह बताना है कि 'लाइफ की प्रोटेक्शन से बड़ा कुछ नहीं'। इसके ज़रिये अनिश्चितता से आवश्यक सुरक्षा के साथ जीवन की रक्षा करने पर ज़ोर दिया गया है। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक, लखनऊ सलमानताज जफर ताज पाटिल; कमलेश कुमार दीक्षित, डीसीपी महिला अपराध सुरक्षा, लखनऊ, राहुल राही, क्षेत्रीय निदेशक-लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और केशव महाराज, एलएसजी के खिलाड़ी तथा अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस पहल के बारे में, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा ने कहा, ''एकाना क्रिकेट स्टेडियम में विशाल ('लार्जर-दैन-लाइफ') हेलमेट इंस्टॉलेशन क्रिकेट प्रेमियों को सुरक्षा की अवधारणा से रू-ब-रू कराता है और यह लखनऊ में महत्वपूर्ण संवाद की शुरुआत करने में मदद करेगा। यह 'लाइफ की प्रोटेक्शन से बड़ा कुछ नहीं' के संदेश का प्रतीक है, जो पारिवारिक ज़िम्मेदारियों का ख्याल रखते हुए लोगों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र करने के हमारे ब्रांड के उद्देश्य को प्रतिबिबित करता है। क्रिकेट बस खेल भर नहीं है, बल्कि यह ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और भावनात्मक कारकों का मिश्रण है और इस तरह यह इस अद्भुत खेल के बड़े प्रशंसकों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है और मैदान के अंदर तथा बाहर दोनों जगह सुरक्षा के महत्व पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देता है। बीमा की मौजूदा दर के साथ भारत में पैठ बढ़ाने के लिए, सुरक्षित वित्तीय भविष्य के निर्माण के लिए बीमा की ज़रूरत और मंहत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने से जुड़े हमारे प्रयासों को जारी रखना महत्वपूर्ण है। एलएसजी के साथ हमारा सहयोग, देश भर में क्रिकेट प्रेमियों के साथ सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देने और उन्हें अपने जुनून को पूरा करने के लिए आज़ाद करने का प्रयास है। उन्होंने आगे कहा, ''हमारा मानना है कि यह गठजोड़ बीमा और हेलमेट के महत्व के बीच ताल-मेल को स्पष्ट रूप से दर्शाता है और मैदान के भीतर तथा मैदान से बाहर दोनों जगह सुरक्षा के महत्व पर रोशनी डालता है।

# पाकिस्तान में पीटीवीसी और टॉवर स्पोर्ट्स को मिले आईसीसी क्रिकेट प्रसारण अधिकार

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को 2025 के अंत तक पाकिस्तान में आईसीसी क्रिकेट प्रसारण अधिकार पाकिस्तान टेलीविजन कॉर्पोरेशन (पीटीवीसी) और टॉवर स्पोर्ट्स (टेन स्पोर्ट्स पाकिस्तान के लैंडिंग राइट्स लाइसेंस धारक) को प्रदान किए हैं। पाकिस्तान टेलीविजन कॉर्पोरेशन और टॉवर स्पोर्ट्स ने 2025 के अंत तक छह पुरुषों और महिलाओं के आईसीसी विश्व आयोजनों के लिए गैर-अनन्य अधिकार सुरक्षित कर लिए हैं। टीवी अधिकारों के साथ-साथ दोनों पक्षों के पास पैकेज के हिस्से के रूप में डिजिटल अधिकार भी होंगे। दोनों सौदों में शामिल कार्यक्रम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024, आईसीसी अंडर-1919 महिला टी-20 विश्व कप 2025, आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025, आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2025 और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 शामिल हैं।

# श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा महिला एशिया कप 2024, आठ टीमें लेंगी हिस्सा

एजेंसी




दुबई। महिला एशिया कप 2024 टी20 प्रारूप में 19 से 28 जुलाई तक दांबुला में खेला जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें पिछले संस्करण की तुलना में एक अतिरिक्त टीम शामिल होगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। टूर्नामेंट में मेजबान श्रीलंका, भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ, महिला प्रीमियर कप 2024 के सेमीफाइनलिस्ट संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, थाईलैंड और मलेशिया की टीमें भी शामिल हो गई हैं। पिछली बार के विपरीत, जब सभी टीमें सेमीफाइनल से पहले एक बार एक-दूसरे से खेलती थीं, इस साल उन्हें दो समूहों में विभाजित किया जाएगा। भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ शामिल हो गया है, जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं। भारत बनाम पाकिस्तान मैच 21 जुलाई को निर्धारित है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 जुलाई को होने वाले खिताबी मुकाबले से पहले 26 जुलाई को सेमीफाइनल में हिस्सा लेंगी।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष, जय शाह ने एक आधिकारिक बयान में टूर्नामेंट के विस्तार के बारे में कहा, ''हम टीमों के बीच बढ़ती भागीदारी और प्रतिस्पर्धा को देखकर उत्साहित हैं, जो महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है। यह विस्तार, 2018 में छह टीमों से 2022 में सात और अब आठ, महिलाओं के खेल और एशियाई क्रिकेट में बढ़ते प्रतिभा पूल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।''

एसीसी के एक बयान में यह भी पुष्टि की गई कि, सिलहट में आयोजित पिछले संस्करण की तरह, इस टूर्नामेंट में केवल महिला अंपायर ही शामिल होंगी।

एशिया कप सितंबर में बांग्लादेश में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में जाने वाली टीमों के लिए ड्राई रन के रूप में काम करेगा। एशिया कप में, भारत सात खिताब जीत के साथ गत चैंपियन और सबसे सफल टीम है।

2012 के बाद से, टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाता है, हालांकि 2020 में कोरोना महामारी के दौरान टूर्नामेंट को पहले स्थगित किया गया और फिर रद्द कर दिया गया।

# आईएसएल ने मौके नहीं दिए होते तो मैं आज यहां नहीं होता: लालियानजुआला छांगटे

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में उन्नीस मैचवीक मुकाबले खेले जा चुके हैं, और मुम्बई सिटी एफसी 41 अंकों के साथ तालिका के शीर्ष पर विराजमान है। मुम्बई की अब तक की सफलता के पीछे प्रमुख खिलाड़ियों में से एक मौजूदा आईएसएल गोल्डन बॉल विजेता लालियानजुआला छांगटे हैं। छांगटे ने चार गोल करने के साथ पांच में सहायता प्रदान की है और अग्रिम पंक्ति के अपने साथियों के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाया है, जो नियमित रूप से विपक्षी टीमों और उनकी डिफेंस को प्रभावशाली ढंग से भेद रही है। वह विपक्षी टीम के बॉक्स के अंदर 21 सफल ड्रिबल और 79 टच दर्ज कर चुके हैं, और फाइनल थर्ड में हमेशा मौजूद रहते हैं, जिससे उनकी टीम ने इस आईएसएल सीजन में अब तक 36 गोल दागे हैं। आइलैंडर्स इस मामले में मोहन बागान सुपर जायंट (38) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। मिजोरम के लुंगलेई में जन्मे, छांगटे ने 2016 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से आईएसएल में पदार्पण किया था। तब से वह चेन्नइयन एफसी और आइलैंडर्स के लिए खेल चुके हैं, साथ ही वह ब्लू टाइगर्स की मुख्य टीम के नियमित सदस्य हैं। आठ साल बाद, वह आईएसएल के प्रति आभारी हैं, क्योंकि लीग ने उन्हें देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं के खिलाफ अपनी योग्यता साबित करने का मौका प्रदान किया है। छांगटे ने लीग को दिये एक साक्षात्कार में कहा, ल्लमैंने अपने पहले क्लब नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ 2016 के आईएसएल सीजन में पेशेवर करियर शुरू किया था। अगर क्लब और आईएसएल ने मुझे खुद को साबित करने का मौका नहीं दिया होता, तो मैं आज यहां नहीं होता, क्योंकि उन्होंने एक खिलाड़ी व इंसान दोनों के रूप में मुझे अपना हुनर निखारने और चरित्र को मजबूत बनाने में मदद की है।

# सर्राफा बाजार में बढ़ी सोने की चमक, चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर सोने की कीमत में तेजी का रुख नजर आया। ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने की कीमत आज 67 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार या काफी करीब पहुंच गई। हालांकि चांदी में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 77,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 67,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 66,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 61,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 67,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 62,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 66,980 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 61,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 66,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 61,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 67,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# हेवीवेट शेयरों में खरीदारी होने से बाजार में मजबूती, बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी



नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी जैसे हेवीवेट शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद ही बाजार में चौतरफा लिवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार ने जोरदार बढ़त बना ली। कारोबार के आखिरी आधे घंटे में मुनाफावसूली की वजह से कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.73 प्रतिशत और निफ्टी 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान रियल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसके साथ ही पावर और बैंकिंग इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर मेटल, आईटी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों पर बिकवाली का दबाव बना रहा। छोटे और शेयरों में भी आज खरीदारी होती रही। हालांकि मंझोले शेयरों में आज दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में हेवीवेट के साथ ही छोटे शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 38.3.70 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 382.57 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.13 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,949 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,526 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,311 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 112 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,258 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 936 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,322 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

# नारी सशक्तिकरण भविष्य के लिए निवेश: धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा है कि यह पूरे विश्व और देश के लिए एक निवेश है।

श्री धनखड़ ने बुधवार को यहां फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने के समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना दुनिया और देश के वर्तमान एवं भविष्य में एक निवेश है।

उन्होंने कहा कि समान अवसरों को बढ़ावा देकर, बाधाओं को तोड़कर तथा महिलाओं की आवाज और उपलब्धियों को बढ़ाकर एक ऐसा समाज बनाया जा सकता है जो न केवल निष्पक्ष एवं न्यायसंगत, बल्कि समृद्ध और सतत भी होगा। लैंगिक समानता और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज के मूलभूत सिद्धांतों के रूप में स्वीकार करते हुए, उपराष्ट्रपति ने लैंगिक रुप से समान परिवेश की सराहना की और सशस्त्र बलों में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन और प्रवेश जैसी हालिया सकारात्मक पहलों का उल्लेख किया।



संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के पारित होने का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने इसे भारतीय राजनीति में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि संसद में अधिक महिलाएं उस 'पितृसत्तात्मक मानसिकता' को बदलने में मदद करेंगी। महिलाओं को 'छद्म उम्मीदवार' के रूप में पेश करने की आशंकाओं को खारिज करते हुए, उपराष्ट्रपति ने जोर देते हुए कहा कि महिलाएं आज समाज में अपना सही स्थान पुनः प्राप्त कर रही हैं और अब उन पर उनके परिवार के पुरुष सदस्य का नियंत्रण नहीं है। लैंगिक न्याय और सतत विकास के बीच संबंध पर श्री धनखड़ ने कहा कि लैंगिक न्याय और महिलाओं का आर्थिक न्याय सतत विकास प्राप्त करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि जब अधिक महिलाएं काम करती हैं तो अर्थव्यवस्था बढ़ती है। महिलाओं को आर्थिक राष्ट्रवाद का स्वाभाविक दूत बताते हुए श्री धनखड़ ने सभी से आर्थिक राष्ट्रवाद का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र अपने सभी पहलुओं में राष्ट्रवाद और संस्कृति के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के बिना विकास नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद विकास के लिए मूल रूप से मौलिक है। ईडी का दावा है कि श्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया सहित आम आदमी पार्टी के कुछ शीर्ष नेताओं और अन्य ने अवैध कमाई के लिए ''साजिश'' रची थी।

# पंजाब में आप को दोहरा झटका: सांसद रिंकू, विधायक अंगुराल भाजपा में शामिल

एजेंसी



जालंधर। लोकसभा चुनाव, 2024 से ठीक पहले पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को दोहरा झटका देते हुये पार्टी के जालंधर लोकसभा सीट से सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम से विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गये।

इससे पहले मंगलवार को यह घोषणा करने के कुछ ही घंटों बाद कि वह पंजाब में बिना किसी गठबंधन सहयोगी के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी, भाजपा ने लुधियाना से कांग्रेस सांसद रवनीत बिट्टू को अपने पाले में कर लिया। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं, जिनकी 1995 में चंडीगढ़ में एक आत्मघाती बम विस्फोट में हत्या कर दी गयी थी।

जालंधर से आप के लोकसभा उम्मीदवार रिंकू के भाजपा में शामिल होने की चर्चा के बीच, आप नेताओं ने उन्हें पार्टी में बने रहने की खातिर मनाने के लिये उनसे बात करने की कोशिश की। हालांकि, बातचीत सिरे नहीं चढ़ पायी। वर्ष 2023 में हुए उपचुनाव में रिंकू जालंधर लोकसभा क्षेत्र से 58,691 वोटों के अंतर से लोकसभा के लिये चुने गये। पंजाब में लोकसभा चुनाव 13 सांसदों को चुनने के लिये एक जून को एक ही चरण में होंगे। देशभर में यह सातवां और आखिरी चरण का मतदान होगा। चार जून को देशभर में होने वाली गिनती में नतीजे घोषित किये जायेंगे। भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने आज जिला चुनाव अधिकारी को पत्र लिख कर कहा कि सांसद सुशील कुमार रिंकू और विधायक शीतल अंगुराल के भाजपा में शामिल होने से नाराज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त नेताओं के निवास, कार्यालयों और शहर में कई स्थानों पर धरना-प्रदर्शन करने की योजना है। उन्होंने चुनाव अधिकारी से धरना-प्रदर्शनों की वीडियोग्राफी कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## शिवसेना (यूबीटी) ने की 17 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा

मुंबई। शिवसेना के उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) गुट ने बुधवार को राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा कर दी।

सूची के मुताबिक मराठवाड़ा की राजधानी छत्रपति संभाजीनगर लोकसभा क्षेत्र से चार बार के पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे को आधिकारिक उम्मीदवारी देने की घोषणा की गई है।

सांसद संजय राउत ने ट्वीट कर ठाकरे ग्रुप के उम्मीदवारों की सूची जारी होने की जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से छत्रपति संभाजीनगर में ठाकरे गुट की सीट को लेकर विवाद चल रहा है। श्री खैरे और संभाजीनगर में रुचि रखने वाले अंबादास दानवे के बीच उम्मीदवारी को लेकर चल रहा विवाद सीधे मातोश्री तक पहुंच गया था, इसलिए सबकी नजर इस बात पर थी कि छत्रपति संभाजीनगर लोकसभा क्षेत्र से किसे नामांकन का मौका मिलेगा।

इस बीच बुधवार को कुल 17 उम्मीदवारों की घोषणा की गई उनमें बुलढाणा से नरेंद्र खेडेकर, यवतमाल-वाशिम से संजय देशमुख, मावल से संजोग वाघारे-पाटिल, सांगली से चंद्रहार पाटिल, हिंगोली से नागेश पाटिल आष्टीकर, छत्रपति संभाजीनगर से चंद्रकांत खैरे, धाराशिव से ओमराजे निंबालकर, शिरडी से भाऊसाहेब वाघचौरे, नासिक से राजाभाऊ वाजे, रायगढ़ से अनंत गीते, ठाणे से राजन विचारे, सिंधुदुर्ग-रत्नागिरी से विनायक राऊत, मुंबई उत्तर पूर्व से संजय दीना पाटिल, मुंबई दक्षिण से अरविंद सावंत, मुंबई उत्तर पश्चिम से अमोल कीर्तिकर, मुंबई साउथ सेंट्रल से अनिल देसाई और परभणी से संजय जाधव शामिल हैं। सीट की घोषणा के बाद प्रतिक्रिया देते हुए श्री दानवे ने कहा,ल्लपार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है, जिसमें विधान परिषद सदस्य और राज्य विधान परिषद के विपक्षी नेता के पद भी शामिल हैं। मैं बालासाहेब ठाकरे का शिवसैनिक हूं, इसलिए हर शिवसैनिक को इच्छुक होने का अधिकार है। उसे कोई नहीं रोक सकता। आम शिवसैनिक की भी चुनाव लड़ने में रुचि हो सकती है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार की घोषणा होते ही सब कुछ खत्म हो जाता है। इसके बाद सभी को एक संगठन के रूप में काम करना होगा। इसलिए अब हम पार्टी के आदेश के अनुसार काम करेंगे। इच्छा रखने में कोई बुराई नहीं है।

# बिहार से राजग ने आठ सांसद को किया बेटिकट, चार नये प्रत्याशी पर लगाया दांव

एजेंसी

पटना। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने आगामी लोकसभा चुनाव में आठ सांसदों को बेटिकट कर दिया वहीं चार नये प्रत्याशी पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजग के प्रमुख घटक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सभी 17 उम्मीदवार और जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने अपने सभी 16 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने इस बार के चुनाव में चार सांसदों का टिकट काट दिया है। भाजपा ने बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, मुजफ्फरपुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जय नारायण प्रसाद निषाद के पुत्र अजय निषाद, सासाराम (सु) से छेदी पासवान और शिवहर से रमा देवी को बेटिकट कर दिया है। राजग में सीटो के तालमेल के तहत इस बार के चुनाव में भाजपा की जीती हुई शिवहर सीट जदयू को दे दी गयी है। भाजपा ने बक्सर से गोपालगंज के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी और सासाराम (सु) सीट से भोजपुर के अगियांव (सु) से पूर्व विधायक शिवेश राम को चुनावी रणभूमि में उतारा है। शिवेश राम पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व सांसद दिवंगत मुनि लाल के पुत्र हैं। मुनि लाल ने सासाराम सीट पर वर्ष 1996 में पहली बार भाजपा का 'कमल' खिलाया था। इसके बाद मुनि लाल वर्ष 1998 और वर्ष 1999 में भी भाजपा के टिकट पर सासाराम सीट पर विजयी बनें। मिथिलेश तिवारी और शिवेश राम पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी निषाद को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राजभूषण चौधरी निषाद भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद के प्रतिद्वंद्वी के रूप में मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के उम्मीदवार थे, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं जदयू ने भी इस बार के चुनाव में चार सासंदों को बेटिकट कर दिया है। जदयू ने सीवान से कविता सिंह, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू, काराकाट से महाबली सिंह और गया (सु) से विजय कुमार मांझी का टिकट काट दिया है। जदयू ने सीतामढ़ी से बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को चुनावी दंगल में उतारा है। वहीं, सीवान संसदीय सीट से जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी विजया लक्ष्मी देवी को उम्मीदवार बनाया है। देवेश चंद्र ठाकुर और विजया लक्ष्मी देवी पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में अपना भाग्य आजमा रही हैं। राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को दे दी गई है । इसी तरह जदयू के खाते वाली काराकाट सीट इस बार उपेन्द्र कुश्वाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के हिस्से में गई है। संभावना जतायी जा रही है कि गया (सु) से जीतन राम मांझी और काराकाट सीट से उपेन्द्र कुश्वाहा इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। दिलचस्प बात है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गया (सु) सीट से हम प्रत्याशी जीतन राम मांझी को जदयू उम्मीदवार विजय कुमार मांझी और काराकाट सीट से राष्ट्रीय लोक समता पार्टी प्रत्याशी उपेन्द्र कुश्वाहा को जदयू उम्मीदवार महाबली सिंह से हार का सामना करना पड़ा था। शिवहर सीट से जदयू के टिकट पर पूर्व सांसद लवली आनंद चुनावी रणभूमि मे उतरी हैं। लवली आनंद पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन की पत्नी हैं। गौरतलब है कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटों पर राजग की ओर से भाजपा 17, जदयू 16, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) 05 उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी (आरएलएम) और जीतनराम मांझी की पार्टी (हम) एक-एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी ।

## भारत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करने को लेकर अमेरिकी राजनयिक को तलब किया

नयी दिल्ली। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया।

भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया था। बैठक 30 मिनट से ज्यादा चली। अमेरिकी विदेश विभाग एक अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन 'मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहित करता है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं।

# महिलाओं के लिए रोजगार पर मिले सब्सिडी: फिक्की एफएलओ

एजेंसी

नयी दिल्ली। महिला उद्योग निकाय फिक्की एफएलओ ने भारत की देखभाल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों का आह्वान किया है, जिससे 1.1 कारोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत महिलाओं को मिलेंगी और एक नए आर्थिक क्षेत्र को अनलॉक किया जाएगा।

फिक्की एफएलओ के चार दशक पूरे होने के अवसर पर आज यहां जारी एक रिपोर्ट में, फिक्की ने कहा कि घरों और अर्थव्यवस्थाओं को चलाने के लिए अवैतनिक काम महत्वपूर्ण है, फिर भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और आर्थिक विकास के अनुमानों में यह ज्यादातर अदृश्य और बेहिसाब रहता है। फिक्की एफएलओ की अध्यक्ष सुधा शिवकुमार ने कहा, ''मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा किए जाने वाले देखभाल कार्य के कम मूल्यांकन और अदृश्यता के कारण बाजार विफल हो गया है, जहां कुशल और प्रतिभाशाली महिलाएं अपनी आर्थिक क्षमता का एहसास करने में असमर्थ हैं, जिससे व्यापक आर्थिक स्तर पर संसाधनों का गलत आवंटन हो रहा है। रिपोर्ट में, महिलाओं के शीर्ष उद्योग निकाय ने कहा कि देखभाल अर्थव्यवस्था में निवेश बढ़ाने से न केवल महिलाओं की श्रम बल भागीदारी में लैंगिक अंतर को पाटने की क्षमता है, बल्कि एक नए आर्थिक खंड को भी खोलने की क्षमता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। फिक्की एफएलओ की रिपोर्ट के अनुसार विशेष रूप से भारत के लिए, सकल घरेलू उत्पाद के 2प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा कर सकता है, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत महिलाओं को जाएगा।

# डरावना है देश में बेरोजगारी का आंकड़ा: खड़गे–प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी के ताजा आंकड़े को डरावना करार देते हुए बुधवार को कहा कि देश का युवा मोदी सरकार की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहा है।

श्री खडगे ने कहा, ''हमारे युवा मोदी सरकार की दयनीय उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। आईएलओ और आईएचडी रिपोर्ट निर्णायक रूप से कहती है कि भारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर है और हम बेरोज़गारी के 'टिक टिक बम' पर बैठे हैं। लेकिन सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार यह कहकर प्रिय नेता का बचाव करते हैं कि 'सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती।''



आईएलओ की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, '' 83 प्रतिशत बेरोजगार भारतीय युवा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 17.5 प्रतिशत युवा नियमित काम में लगे हुए हैं। उद्योग और विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत लोगों की हिस्सेदारी 2012 से कुल कार्यबल के 26 प्रतिशत पर ही बनी हुई है। आर्थिक गतिविधियों में शामिल युवाओं का प्रतिशत 2012 में 42 प्रतिशत से घटकर 2022 तक 37 प्रतिशत हो गया। श्रीमती वाड्रा ने कहा, '' भारतीय रोजगार रिपोर्ट 2024 कहती है-भारत के कुल वर्कफोर्स में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी सन 2000 में 35.2 प्रतिशत थी। 2022 में यह 65.7 प्रतिशत यानी लगभग दोगुनी हो गई है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार कह रहे हैं कि सरकार बेरोजगारी की समस्या हल नहीं कर सकती। यही भाजपा सरकार की सच्चाई है। आज देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस पार्टी के पास युवाओं को रोजगार देने की ठोस योजना है-खाली पड़े 30 लाख सरकारी पद तत्काल भरे जाएंगे। हर ग्रेजुएट डिप्लोमाधारक को एक लाख रुपये सालाना की अप्रेंटिसशिप। पेपर लीक के खिलाफ नया सख्त कानून बनाएंगे और जिआईजी वकर्स को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देंगे तथा स्टार्ट-अप के लिए 5000 करोड़ का राष्ट्रीय फंड देंगे। कांग्रेस सरकार रोजगार क्रांति के जरिये देश के युवाओं का हाथ मजबूत करेगी। युवा ही देश का भविष्य हैं। वे मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा।''

# पेज एक का शेष

### केजरीवाल को...

ऐसी कोई दस्तावेज नहीं, जिसके आधार पर श्री केजरीवाल को किसी अपराध का दोषी माना जा सके। उन्हें ईडी ने अवैध और मनमाने तरीके से गिरफ्तार किया है। श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था, जो न्यायिक हिरासत में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। इन दोनों प्रमुख नेताओं से पहले ईडी ने पिछले एक साल के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 के लिए उत्पाद शुल्क नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि श्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया सहित आम आदमी पार्टी के कुछ शीर्ष नेताओं और अन्य ने अवैध कमाई के लिए ''साजिश'' रची थी।

### राजनीतिक इच्छाशक्ति...

जहां निर्बाध संचार, मार्ग निर्देशन और निगरानी क्षमताएं आधुनिक सैन्य बलों की बने रहने की क्षमता को बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि पूरे मानव इतिहास में आकाश को अक्सर कौतूहल और रिसर्च के क्षेत्र के रूप में देखा गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं नीले विस्तार में घुल जाती हैं। फिर भी, इस शांति के नीचे एक क्षेत्र है, जो कॉम्पिटिशन से भरा है, जहां हर कोई खुद को बेहतर साबित करने की कोशिश कर रहा है। इस कॉम्पिटिशन ने बहुत से देशों का भाग्य निर्धारित किया है और कई युद्धों के परिणाम को तय किया है। उन्होंने कहा कि इस समय जब हम आसमान के उन हिस्सों को नेविगेट कर रहे हैं, जहां इससे पहले हम नहीं गए हैं, तो हमारी वायु सेना की ताकत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगी। वायु सेना राष्ट्रीय क्षमता के प्रतीक के तौर पर काम करेगी, जो शांति और सहयोग का टूल है। चौधरी ने कहा कि भविष्य के युद्ध काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक फोर्सेस का मिक्स्चर होंगे। इन युद्धों में कई क्षेत्रों में एक साथ किए गए ऑपरेशंस शामिल होंगे। ये लड़ाइयां और ज्यादा घातक होंगीं और जाहिर है, ये सब मीडिया की तेज नजर के सामने होगा।

### उत्तर भारत में...

मार्च तक हल्की बारिश व बर्फबारी होगी। उधर, हिमाचल प्रदेश में 28-30 मार्च और उत्तराखंड में 29 और 30 मार्च को ओले गिरने वाले हैं। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 27-31 मार्च, राजस्थान में 29-30 मार्च और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29-31 मार्च के बीच, राजस्थान में 29 और 30 मार्च, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 से 31 मार्च के बीच बारिश होगी। इसके अलावा, आंधी तूफान और बिजली कड़कने की चेतावनी जारी की गई है।

### 45 विधेयकों को पेश...

अधिक मुखर थे, जिनमें से 48 प्रतिनिधियों ने औसतन 315 प्रश्न पूछे। इसके विपरीत, मणिपुर के प्रत्येक सांसद ने औसतन 25 प्रश्न पूछे। पार्टियों के बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अपने पांच सांसदों के साथ औसतन 410 सवाल उठाकर सबसे आगे रही। वहीं, अपना दल (सोनेलाल) के दो सदस्यों ने औसतन पांच-पांच सवाल ही पूछे। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सदस्यों ने 273 बैठकों में से 229 में भाग लिया। आम आदमी पार्टी के सदस्यों की उपस्थिति सबसे कम रही और उन्होंने औसतन 57 बैठकों में भाग लिया। रिपोर्ट में उन 10 सांसदों के भी नाम हैं जिन्होंने संसदीय कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लिया और सबसे अधिक संख्या में प्रश्न पूछे। 596 सवाल पूछकर पश्चिम बंगाल के बालुरघाट सांसद सुकांत मजूमदार इस सूची में शीर्ष पर रहे।

### दिलीप घोष...

तो वह गोवा की बेटी बन जाती है, त्रिपुरा में वह कहती है कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपका पिता कौन है, यह सही नहीं है। कांग्रेस की नेता श्रीनेत ने भाजपा उम्मीदवार रणौत के संबंध में एक सोशल मीडिया पर रणौत की फोटो के साथ पोस्ट की गयी एक अभद्र पोस्ट के संबंध में नोटिस दिया है। यह नोटिस भाजपा की शिकायत पर दी गयी है। आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया चुनावों के संबंध में आदर्श संहिता और आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को टिप्पणियों में शालीनता बरतने के संबंध में पहली मार्च को जारी अपने परामर्श के विरुद्ध देखा है। श्रीनेत कांग्रेस की सोशल मीडिया समिति की प्रमुख हैं।

### सपा–कांग्रेस के...

आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि हेमामालिनी ने संसद में यमुना को निर्मल बनाने का प्रश्न उठाया था। उसके बाद ही नमामि गंगे योजना पर काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर की इस कलाकार ने 84 कोस परिक्रम के विकास के लिए काम किया और समय-समय पर केन्द्र के विभिन्न मंत्रालयों में मंत्रियों से सम्पर्क कर मथुरा के विकास के लिए विभिन्न योजना लाने का प्रयास किया। योगी ने कहा कि हेमामालिनी जब भी उनके पास आईं उन्होंने मथुरा वृन्दावन की समस्या उनके सामने रखकर उनके निराकरण करने का अनुरोध किया। हेमा ने विश्व में भारतीय संस्कृति की पहचान बनाई। समय समय पर ब्रज की पीड़ा को संसद में पेश किया। उन्होंने बड़े विश्वास के साथ कहा कि विश्वस्तर की यह कलाकार जब तीसरी बार सांसद बन जाएंगी तो मथुरा वृन्दावन की कोई समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने उपस्थित प्रबुद्धजन से घरों में जाकर हेमामालिनी के पक्ष में प्रचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने पिछले दस साल में एक नये ऐसे भारत का निर्माण किया तथा भारत की ऐसी पहचान बनाई। आज विश्व भारत को सम्मान की दृष्टि से देखता है। बिना भेद भाव के लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया। हर नागरिक की संतुष्टि को मोदी ने अपना उद्देश्य बनाया और पुरानी विरासत को संरक्षित रखते हुए नए भारत का मार्ग प्रशस्त किया। नागरिक सुरक्षा, किसान की आमदनी दूनी करने के लिए जैसे कार्यों के माध्यम से मोदी गारंटी दी। इस अवसर पर अपनी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मथुरा से लोकसभा प्रत्याशी सांसद हेमामालिनी ने ब्रजवासियों को तीसरी बार सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्ढा का आभार व्यक्त किया और कहा कि पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और योगी ने बहुत काम किया। योगी ने मथुरा के विकास के लिए तीर्थ विकास ट्रस्ट बनाया जिससे मथुरा का बहुत विकास हुआ। उन्होंने कहा कि उनके समय में ब्रज चैरासी कोस परिक्रमा में काम हुआ। उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट में कहा कि उनकी योजना है कि एलीवेटेड रेल लाइन मथुरा वृन्दावन के बीच चलाकर उसे अलीगढ़ से जोड़ा जाय। सांस्कृतिक क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षित कर , कृष्णा थीम पार्क बनाकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। पूरे मथुरा में गंगाजल की आपूर्ति कराने की भी उनकी योजना है। यमुना को निर्मल बनाना, पर्यटन को बढ़ावा देकर युवकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना भी उनकी योजना के अंश हैं।उन्होंने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को जो प्यार दिया उसके पीछे उनका देश को आगे बढ़ाने के लिए किया गया सतत कार्य है। इस अवसर पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी ने कहा सबसे अधिक मतों से हेमा मालिनी को जिताना ही योगी का सम्मान है। इस अवसर पर सांसद तेजवीर सिंह समेत मथुरा के सभी विधायक , नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल समेत भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### मोदी–योगी सहित पड़ोसी...

नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, बैजयंत जय पांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महामंत्री संगठन धर्मपाल, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, धर्मपाल सिंह, जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मीनारायण, सुनील शर्मा, बेबीरानी मौर्य, हेमा मालिनी, मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, गीता शाक्या, अश्वनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सतेंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह व दुर्विजय सिंह शाक्य भाजपा के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा भारत, तेजी से बढ़ेगा विकसित भारत का संकल्प : धामीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**लोकतंत्र का महापर्व के साथ चार जून को दीपावली मनाने की तैयारी**

**नैनीताल से भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट के पक्ष में जनसभा**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनता लोकतंत्र के त्योहार को मनाने के लिए तैयार है। चार जून को हम सब मिलकर जीत की दीपावली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि निश्चित ही जनता के आशीर्वाद से अजय भट्ट दूसरी बार सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को गांधी मैदान रुद्रपुर में नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट के पक्ष में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में और अधिक बड़े फैसले होने वाले हैं। विकसित भारत का संकल्प तेजी से आगे बढ़ेगा। भारत और बड़ी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने उत्तराखंड की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया है। रोड, रेल, हवाई सेवा का विस्तार हुआ है। लंबे समय से लंबित जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय स्वीकृति प्रदान हुई है। किच्छा में एम्स का सैटेलाइट सेंटर बनने जा रहा है। एचएमटी फैक्ट्री की कई एकड़ जमीन उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजय भट्ट के नेतृत्व में नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। धामपुर-काशीपुर रेलवे लाइन के लिए स्वीकृति मिल गई है। सड़कों का चौड़ीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कठिन से कठिन काम धरातल पर उतरे हैं। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद लोगों का मनोबल बढ़ा है। देश की कार्य संस्कृति बदली है। प्रधानमंत्री हर वर्ग को समृद्ध और सशक्त बना रहे हैं। मोदी की गारंटी है कि वो जो कहते हैं वो करते हैं। यह गारंटी किसानों, नौजवानों, गरीबों, महिलाओं को आगे बढ़ाने की गारंटी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में पारदर्शिता से काबिल युवाओं को रोजगार मिल रहा है। मोदी के नेतृत्व में चारधाम का निरंतर विकास हो रहा है। मानसखंड कॉरिडोर पर भी कार्य जारी है। प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया है।

उत्तराखंड में पहले चरण में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी और 27 मार्च नामांकन की अंतिम तिथि थी। 28 मार्च को नामांकन पत्र की जांच और 30 मार्च को नामांकन पत्र वापस लेने की तिथि है। अब तक भाजपा के पांच उम्मीदवार हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह रावत, टिहरी से माला राजलक्ष्मी शाह, अल्मोड़ा से अजय टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से अनिल बलूनी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं।

## 31 मार्च को होने वाली गठबंधन की महारैली को सफल बनाने का किया आह्वानं




कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। 31 मार्च को इंडी एलाइंस की महारैली की तैयारियों को लेकर एक बैठक आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय में हुई, जिसमें महा रैली को कामयाब बनाने और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने महारैली को कामयाब बनाने और हरिद्वार जिले से 300 कार्यकर्ताओं के दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली को कामयाब बनाने का संकल्प लिया। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने राष्ट्रीय नेता की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए एक स्वर में रामलीला मैदान में भी केजरीवाल का नारा देते हुए दिल्ली पहुंचने की बात कही। प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि आज तानाशाही का राज है। देश की सर्वोच्च स्वायत्त संस्थाएं केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए कहा कि पार्टी का हर नेता केजरीवाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देश पर निर्वाचन कार्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों ने राजधानी देहरादून में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर बुधवार को जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक किया। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने देहरादून के करनपुर स्थित डीएवी कॉलेज में मतदाता शपथ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने रितिका चिल्ड्रेन एकेडमी केदारपुरम, दून यूनिवर्सिटी व संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह लक्खीबाग स्थित प्राइमरी विद्यालय और उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्र ने उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीवनगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### जनपद में स्वयं सहायता समूहों ने चलाया जागरूकता अभियान

गोपेश्वर । लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए चमोली जिले में बुधवार को स्वीप की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम हुए। जनपद चमोली के थराली, कर्णप्रयाग, गौचर, पोखरी, नन्दप्रयाग, गोपेश्वर, पीपलकोटी और जोशीमठ में नन्दा देवी, अर्पिता, मां बधाणगढी, गौरादेवी, भुवनेश्वरी, उमंग, वैष्णवी स्वयं सहायता समूहों की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान समूह के सदस्यों ने मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाई। इसके साथ ही स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिये बदरीनाथ हाइवे के साथ ही ग्रामीण संपर्क मार्गों, सरकारी भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता संबंधी होर्डिंग लगाकर जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की ओर से संचालित दिव्यांग जागरूकता रथ के माध्यम से हनुमान चट्टी, पांडुकेश्वर, गोविंदघाट, जोशीमठ, सेलग, पैनी, हेलंग, लंगसी, पाखी क्षेत्रों में मतदाताओं को सक्षम अभियान की जानकारी दी गई। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद सती, सुंदर सिंह राणा, प्रबोध डिमरी आदि मौजूद थे।

### पंतनगर एयरपोर्ट में कार्मिकों और आगन्तुकों के लिए चलाया मतदान जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

रुद्रपुर/ उधम सिंह नगर । जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार के निर्देशन में पंतनगर एयरपोर्ट में कार्मिकों और आगन्तुकों के लिए मतदान जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में पंतनगर एयरपोर्ट के निदेशक सुमित सक्सेना ने हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करते हुए जनपद के समस्त मतदाताओं से आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने को प्रेरित किया। इस दौरान सहायक नोडल स्वीप व्योमा जैन, अमन अनिरूद्ध, पारस, पिंकेश, विश्वनाथ वर्मा आदि उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्रियों के बीच जुबानी जंग, हरिद्वार सीट पर दोनों के जीत के दावे

हरिद्वार । पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इस बार चुनाव में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक विचारधारा भारतीय जनता पार्टी की है और दूसरी कांग्रेस की। त्रिवेंद्र ने कहा कि भाजपा की विचारधारा देश की मिट्टी की सौंध से निकली विचारधारा है जबकि कांग्रेस की विचारधारा पश्चिम से निकली है और इसकी जड़ें गोरों ने रोपी थी। पूर्व सीएम हरीश रावत के दावे पर निशाना साधते हुए त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि चार जून को पता चल जायेगा कि कौन दिवाली मनाएगा। उधर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान पर कहा कि भाजपा की विचारधारा देश को बर्बादी की तरफ लेकर जा रही है और कांग्रेस की विचारधारा ने देश की आजादी के लिए काम किया और देश का संविधान बनाया। कांग्रेस की विचारधारा संविधान, गांधी, नेहरू और अंबेडकर को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने परिवारवाद के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें अमित शाह, राजनाथ सिंह, वसुंधरा राजे, प्रकाश सिंह बादल जैसे नेताओं के बारे में भी बोलना चाहिए। गौरतलब है कि हरिद्वार लोकसभा से हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया है।

### विकास का दूसरा नाम भाजपा : त्रिवेन्द्र

हरिद्वार। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के लोकसभा हरिद्वार उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत आज झबरेड़ा विधानसभा की बैठक में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए पूरी पारदर्शिता सहज, सरल रूप से पहुंचाने का कार्य कर रही है। त्रिवेंद्र ने कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा प्रदान करने का दायित्व निभा रही है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, किसी भी प्रकार का शोषण, अपराध आदि को जड़ से समाप्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के स्वावलंबन हेतु संकल्पित है। झबरेड़ा से प्रत्याशी रहे राजपाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार आत्मनिर्भर भारत के लिए स्थानीय उत्पादों के लिए चलाई जा रही योजनाओं द्वारा युवाओं और महिलाओं की आजीविका पर विशेष ध्यान दे रही है, जिससे उनकी आमदनी लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रवीण संधू ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रत्याशी राजपाल, प्रदेश आईटी सेल के संयोजक मयंक गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज करणवाल, वैजयंती माला , जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह, जिला मंत्री सतीश सैनी, प्रमोद चौधरी, सौरभ गुप्ता, विकास प्रजापति,मंडल अध्यक्ष, संजय कश्यप, योगी रोड, मनोज राणा, विकास मित्तल आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 28 मार्च को जारी होगी अधिसूचना

नई दिल्ली। लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया कल (28 मार्च) से शुरू होगी, जब भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) इस चरण के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी करेगा। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि आम चुनाव–2024 के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के अलावा मणिपुर (बाहरी मणिपुर) की एक सीट शामिल है।

## नैनीताल जिले के 12 मतदान केंद्रों में होंगे 6 से अधिक बूथ

नैनीताल। नैनीताल जिले में 12 मतदान केंद्रों में 6 से अधिक बूथ होंगे। ऐसे बूथ जनपद की हल्द्वानी विधानसभा में सर्वाधिक 7, कालाढुंगी में 4 और नैनीताल विधान सभा में 1 मतदान केंद्रों पर होंगे। नैनीताल मुख्यालय के सीआरएसटी इंटर कॉलेज मल्लीताल, हल्द्वानी में नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम, एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कालाढूंगी रोड, राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपूरा इंद्रानगर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा लाइन नंबर 18, ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज हल्द्वानी, विवेकानंद पूर्व माध्यमिक विद्यालय हल्द्वानी और कालादूंगी में आईटीआई मुखानी, सिंथिया सीनियर सेकंडरी स्कूल छोटी मुखानी, राजकीय इंटर कॉलेज नारायणनगर कुसुमखेड़ा और श्री 1008 बाबा हैड़ाखान राजकीय इंटर कॉलेज कठघरिया में 6 से अधिक बूथ बनाये जाएंगे।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की हुई आनलाइन बैठक

देहरादून। देहरादून,अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत उत्तराखंड प्रांत की ऑनलाइन बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर राजीव कुरेले ने की गई। राष्ट्रीय सचिव अरुण देशपांडे और राष्ट्रीय सह सचिव जयंत कथेरिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में उत्तराखंड प्रांत की कार्यकारिणी और सभी जिलों के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित थे। बुधवार को ऑनलाइन बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए राष्ट्रीय सचिव अरुण देशपांडे ने कहा कि ग्राहकों की समस्याओं पर कार्य करने वाले पहले भी थे, लकिन ग्राहक को लेकर संपूर्ण अर्थ जगत का चिंतन करने वाला ग्राहक पंचायत पहला संगठन है। शासन को भी उसने ग्राहक हित का कार्य करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। ग्राहक दर्शन देना उसे अनुभव की कसौटी पर परख कर समाज जीवन में ले जाना आसान कार्य नहीं है ।

## अब समय आ गया है, 19 अप्रैल को जनता भाजपा को सिखाएगी सबक : करन माहरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**उत्तराखंड के पांचों लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार ने भरा नामांकन**

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश करन माहरा ने कहा कि 19 अप्रैल को वह समय आ गया है , जब जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। वे अल्मोड़ा में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल-उधमसिंहनगर और अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा क्षेत्रों के सभी कांग्रेस उम्मीदवारों ने जोश के साथ नामांकन दाखिल किया।

उम्मीदवार सभी लोकसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रैली के साथ मुख्यालयों में पहुंचकर अपने नामांकन दाखिल किए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार प्रदीप टम्टा के नामांकन में प्रतिभाग किया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष ने अल्मोड़ा में जनसभा में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश-प्रदेश की जनता को महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, किसान उत्पीड़न के सिवाय कुछ नहीं दिया। जब-जब चुनाव आए, भाजपा नेताओं ने जनता से नए-नए वादे कर केवल छलने का काम किया है। धर्म-जाति के नाम पर लोगों में वैमनस्यता फैलाने का काम किया और आज भी उसी परिपाटी पर चल रही है। बेरोजगारों को रोजगार के नाम पर लाठियां और पकोड़े तलने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में भाजपा को सबक सिखाएगी। नामांकन में लोकसभा पर्यवेक्षक गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व सांसद महेंद्र माहरा, विधायक मदन बिष्ट, मनोज तिवारी, हरीश धामी, मयूख महर, खुशाल सिंह आदि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि नैनीताल-उधमसिंहनगर लोकसभा उम्मीदवार प्रकाश जोशी, गढ़वाल लोकसभा उम्मीदवार गणेश गोदियाल, हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व कांग्रेसजनों ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में रैली निकाली।

## चिपको आंदोलन की स्वर्ण जयंती समारोह में छह सामाजिक कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

गोपेश्वर। चमोली जिले के जोशीमठ के रविग्राम खेल मैदान में गौरादेवी पर्यावरण और सामाजिक विकास समिति की ओर से चिपको आंदोलन की स्वर्ण जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को समिति की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए छह लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बागवानी बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र जुयाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि गौरादेवी ने पर्यावरण को बचाने के लिए जो कार्य किया है उसे देश ही नहीं दुनिया में भी पहचान मिली है। गौरादेवी ने पेड़ों को बचाने के लिए जो अलख जगायी थी उनके इस महान कार्य को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाला हर व्यक्ति देश का प्रहरी है। कार्यक्रम में प्रकृति प्रेमी समाजसेवी जनदेश संस्था के सचिव लक्ष्मण सिंह नेगी, पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़वाले गुरुजी धन सिंह घरिया, हस्तशिल्प के लिए नर्मदा देवी, जड़ी बूटी संरक्षण के लिए वैशाख सिंह रावत, स्वरोजगार के लिए मंजू देवी, शिक्षा के क्षेत्र में सुरेंद्र सिंह राणा को सम्मानित किया गया।

## हमारा एक वोट देश को मजबूत करता है, वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाता है : त्रिवेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार । ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और कलियर के पूर्व उम्मीदवार मुनीष सैनी के प्रयासों से सैकड़ों की संख्या में लोग भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर वह अपने समर्थकों के साथ भाजपा जिला कार्यालय रुड़की पर पहुंचे। इस अवसर पर हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी देशवासियों को अपना परिवार मानते हैं और उनकी नीतियों से प्रभावित होकर सभी लोग भाजपा परिवार में शामिल हो रहे हैं। आज रवि सैनी और कलियर और भगवानपुर विधानसभा के सैकड़ों लोग भाजपा परिवार में आए हैं, उन सभी का स्वागत है। उनके आने से भाजपा परिवार को और मजबूती मिलेगी। युवा नेता रवि सैनी ने भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति का धन्यवाद देते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा को अपना रहे हैं और आने वाले चुनाव में वह और उनके समर्थक पूरी मेहनत करके भाजपा को जीत दिलाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने पटका पहनाकर रवि सैनी, पदम सैनी, संदीप सैनी, अशोक सैनी, प्रेम सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से भाजपा परिवार को एक नया बल मिलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश आईटी संयोजक मयंक गुप्ता, सुभाष वर्मा, महामंत्री प्रवीण संधू, सागर गोयल, पार्षद विवेक चौधरी जिला मंत्री सतीश सैनी, पार्षद राकेश गर्ग, हरिश शर्मा जिला मीडिया प्रभारी पंकज नंदा, अशोक सैनी, प्रेम सिंह सैनी आदि भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क नहीं बनने से नाराज ग्रामीण करेंगे चुनाव बहिष्कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा ज्ञापन**

गोपेश्वर । चमोली जिले के देवाल विकास खंड के कुलिंग गांव से दिदिना तोक में विस्थापित ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए बुधवार को उपजिलाधिकारी थराली के माध्यम से एक ज्ञापन चुनाव आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजकर लोक सभा चुनाव में मतदान न करने का एलान किया। ग्राम प्रधान कुलिंग हुकम सिंह बिष्ट का कहना है कि आपदा के कारण कुलिंग के 65 परिवारों का विस्थापन गांव के पास ही दिदिना तोक में किया गया है। विस्थापित गांव दिदिना पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर की चढ़ाई और तीन किलोमीटर की उतराई के साथ ही जंगल का रास्ता पार करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अक्टूबर 2023 में वर्तमान जिलाधिकारी की ओर से गांव में चौपाल का आयोजन कर गांव की समस्याओं को सुना था। गांव में प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। कुछ समस्याओं के समाधान हुआ लेकिन सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान समय तक शुरू नहीं हो पाया है। सड़क के अभाव में ग्रामीणों को अपने दैनिक आवश्यकता के सामान के साथ ही बीमारी की अवस्था में महिलाओं, बुजुर्गों को पीठ में अथवा डंडी कंडी में ले जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हर बार उन्हें झूठे आश्वासन देकर छला जा रहा है। इससे ग्रामीणों को खासा रोष व्याप्त है। ऐसे में ग्रामीणों ने लोक सभा चुनाव में मतदान नहीं करने का मन बनाया है। उन्होंने चुनाव आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग भी की है कि उनके गांव में पोलिंग पार्टी को न भेजा जाए ताकि पोलिंग पार्टी पर होने वाला खर्चा बच सके।

## जनता को झूठा दिलासा दे रहे हैं अनिल बलूनी : दसौनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का कहना है कि पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अनिल बलूनी चुनाव प्रचार के दौरान गढ़वाल की जनता को झूठा दिलासा दे रहे हैं। बुधवार को गरिमा दसौनी ने भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड गठन को 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन अनिल बलूनी ने इन 24 सालों में कभी मुड़कर भी उत्तराखंड की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि कभी उत्तराखंड के बाहर के नेता सुंदर सिंह भंडारी के ओएसडी के रूप में कार्यरत रहे अनिल बलूनी। निशंक सरकार में दायित्वधारी तक बनाए गए, लेकिन तब भी बलूनी उत्तराखंड का रुख नहीं किया। दसौनी ने कहा कि तीर्थ रावत की अध्यक्षता में बलूनी 2012 में प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए, लेकिन उत्तराखंड के सरकारों से उनका कुछ लेना-देना नहीं रहा। 2014 में भाजपा द्वारा राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बनाए जाने के बावजूद भी उत्तराखंड के लिए कोई कुछ खास नहीं कर पाए । 2018 से लेकर 2024 तक 6 साल के लिए राज्यसभा सांसद के रूप में उनके पास उत्तराखंड के लिए कोई कुछ कर दिखाने का अच्छा मौका था, लेकिन इस अवसर को भी वह गंवा बैठे। उत्तराखंड के लिए कोई सौगात केंद्र में अपनी सरकार होने के बावजूद नहीं ला पाए। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर अनिल बलूनी का संघर्षों से कभी सामना नहीं हुआ। ना ही गढ़वाल की जनता के दुख कष्ट और परेशानी में वह सहभागी बने। भाजपा द्वारा इस बार पौड़ी गढ़वाल की जनता के बीच में एक पैराशूट कैंडिडेट की तरह चुनाव लड़ने के लिए उतार दिए गए अनिल बलूनी अब जगह-जगह जाकर पलायन के लिए काम करने की बात कर रहे हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063